सूर्योदय 5:44 सूर्यास्त 6:53

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.0 न्यू | 24.5 अधि |
| धर्मशाला | 16.1 न्यू | 28.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74339.44 |
| निफ्टी | 22570.35 |

सोना 72,270 चांदी 83,571

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 | 14 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 128, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



आज के अंक में

- एक साल बाद भी नहीं लग पाई शहीद कर्नल मेहर दास की प्रतिमा
- पांच साल तक नजर नहीं आए भाजपा के सांसद: आरएस बाली

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- कुटलैहड़ की जनता को कांग्रेस सरकार ने किया निराश : भुट्टो
- हमीरपुर और कांगड़ा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- मीट मार्केट के पास गार्बेज स्टोर में भड़की आग
- पिस्तौल दिखाकर महिलाओं से लूटे गहने

पृष्ठ 11 पर पढ़ें



- अमिताभ बच्चन को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड
- हिमाचल की बालिकाओं ने जीता कांस्य पदक

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## आज का मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स vs पंजाब किंग्स

स्थानः ईडन गार्डन, समयः रात 7:30 बजे

## पीएम मोदी और राहुल गांधी को चुनाव आयोग का नोटिस

### दोनों पार्टियों के अध्यक्ष जेपी नड्डा और मल्लिकार्जुन खड़गे से 29 तक मांगा जवाब

एजेंसी, नई दिल्ली

**आचार** संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषणों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक दोनों पार्टियों से जवाब मांगा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे के नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी और धर्म, जाति, संप्रदाय और भाषा के नाम पर लोगों के बीच नफरत फैलाने और अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

आयोग ने जन प्रतिनिधि कानून की धारा 77 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए स्टार प्रचारकों के आचरण के लिए पार्टी अध्यक्षों जेपी नड्डा और मल्लिकार्जुन खड़गे को जिम्मेदार माना है और दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को अपने उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों के आचरण की जिम्मेदारी लेनी होगी। खासकर शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान ऐसे भाषण और भी चिंताजनक हैं और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।





### राहुल के दावे को भाजपा ने बताया झूठ

भाजपा ने भी 22 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में भाजपा ने कहा था कि राहुल गांधी देश में गरीबी बढ़ने का झूठा दावा कर रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि राहुल गांधी ने भाषा और क्षेत्र के आधार पर देश में विभाजन पैदा करने और चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। शिकायत में कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

### पीएम के राजस्थान में दिए भाषण पर हुआ विवाद

**पीएम** मोदी ने बीते दिनों राजस्थान में एक रैली के दौरान कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह लोगों की संपत्ति को घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के एक पुराने बयान का जिक्र किया, जिसमें मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। इस मामले में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से अपील की थी कि पीएम मोदी का बयान विभाजनकारी और दुर्भावनापूर्ण है और यह आचार संहिता का साफ उल्लंघन है। कांग्रेस ने पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग से 140 पेज में 17 शिकायतें की।

## शिमला में कारोबारी से 32 लाख की ठगी

- दंपती ने क्रिप्टो करंसी के नाम पर पैसा दोगुना करने का दिया लालच
- सदर थाने में एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**शिमला** में क्रिप्टो करंसी के नाम पर लक्कड़ बाजार में दुकान करने वाले एक कारोबारी के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिमला के दंपती पर कारोबारी के साथ 32 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं।

कारोबारी बलविंदर कुमार की शिकायत पर शिमला के सदर थाने में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बलविंदर कुमार ने बताया कि दंपती अर्जुन पुंडीर और प्रिया पुंडीर ने उन्हें क्रिप्टो करंसी के बारे में बताया और पैसे दोगुना करने का झांसा दिया।

दंपती के झांसे में आकर उन्होंने क्रिप्टो करंसी में 32 लाख रुपए खर्च कर दिए। बलविंदर ने बताया कि उनकी राशि दोगुनी तो दूर जो पैसा निवेश किया था, वह भी वापस नहीं मिल पाया। उनके साथ धोखाधड़ी करने वाला दंपती अब उनका फोन भी नहीं सुन रहे। पुलिस ने कारोबारी की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि कारोबारी की शिकायत के बाद सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। दंपती के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 व 34 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से क्रिप्टो करंसी में इस तरह से निवेश न करने का आग्रह किया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का टोही विमान क्रेश



**जैसलमेर।** जैसलमेर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर वीरवार सुबह दस बजे भारतीय वायुसेना का टोही विमान क्रैश हो गया। यह हादसा पिथला-जाजिया गांव के नजदीक रोजाणियों की ढाणी में हुआ है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वायुसेना ने अपने अधिकारिक हैंडल 'एक्स' पर दुर्घटना की पुष्टि की है।

### महादेव सट्टेबाजी मामले में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया तलब



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने करोड़ों रुपए के महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की चल रही जांच में पूछताछ के लिए 29 अप्रैल को तलब किया है। अधिकारियों ने बताया कि तमन्ना भाटिया ने कथित तौर पर महादेव के ग्रुप ऐप में से एक, फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल देखने के लिए प्रचार किया था। एक्ट्रेस के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### संसद सुरक्षा चूक मामले में जांच के लिए दिया अतिरिक्त समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने पुलिस को संसद की सुरक्षा में चूक के मामले की जांच पूरी करने के लिए एक महीने का और समय दिया और 25 मई तक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस की ओर से दायर एक आवेदन पर आदेश पारित किया। आवेदन में दावा किया था कि कुछ गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है और कुछ रिपोर्ट आने का इंतजार है।

## अनंत व्यंग्य




## विभाग ने शराब पीकर स्कूल आने वाले शिक्षक को किया सस्पेंड

### पहले भी कई बार नशे में धुत्त होकर आ जाता था स्कूल

सुनील शर्मा, गोहर



सस्पेंड अध्यापक।

सराज विधानसभा क्षेत्र के सोबली में शराब पीकर स्कूल आने वाले जेबीटी अध्यापक को शिक्षा विभाग ने सस्पेंड कर दिया है।

जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत्त होकर स्कूल आता रहा है। इस पर एसएमसी ने अध्यापक पर कार्रवाई की। अध्यापक ने माफी भी मांगी थी। शिक्षक को अब विभाग ने शिक्षा खंड धर्मपुर के तहत सज्याओ पिपलु में लगाया है। वीरवार को विभाग ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए निलंबन पत्र तैयार कर अध्यापक को निलंबित कर दिया है। शिक्षा खंड बगस्याड़ के तहत प्राथमिक स्कूल सोबली का यह मामला है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बता दें कि गत बुधवार को सराज विधानसभा क्षेत्र की जैंशला पंचायत के राजकीय प्राथमिक पाठशाला सोबली में जेबीटी अध्यापक शराब पीकर क्लास में पहुंच गया था। अध्यापक का नशे में धुत्त होकर क्लास में पहुंचने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। (अनंत ज्ञान)

## निर्दलीय विधायकों की याचिका पर सुनवाई टली

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट में निर्दलीय विधायकों के इस्तीफों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई 30 अप्रैल के लिए टल गई। देहरा से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से केएल ठाकुर और हमीरपुर से आशीष शर्मा ने इस्तीफे मंजूर न करने और उन्हें स्पीकर की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी करने के खिलाफ याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई। प्रार्थियों की ओर से बहस पूरी होने के बाद स्पीकर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की। उन्होंने अगली बहस के लिए सुनवाई 30 अप्रैल दोपहर बाद सवा चार बजे निर्धारित करने का आग्रह किया, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

## आयोग ने दी इजाजत पर एलजी ने रद्द किया दिल्ली मेयर चुनाव

एजेंसी, दिल्ली

- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर फंसा है पेंच

**राजधानी** दिल्ली में शुक्रवार को होने वाला मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव फिलहाल टल गया है। हालांकि चुनाव आयोग ने चुनाव करवाने की इजाजत दे दी थी, लेकिन उपराज्यपाल ने चुनाव रद्द कर दिया है।

दरअसल, पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर पेंच फंसने से दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव रद्द हुआ है। सूत्रों की मानें तो मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए सिफारिश मुख्यमंत्री भेजते हैं, जो फिलहाल जेल में हैं। ऐसे में किसी भी पीठासीन अधिकारी के नाम का प्रस्ताव उपराज्यपाल दफ्तर को नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि इन परिस्थितियों में चुनाव टालने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। जब तक मेयर का चुनाव नहीं होता है, तब तक मौजूदा मेयर शैली ओबेरॉय ही कामकाज देखेंगी। दुर्गेश ने कहा कि इस बार नियमों के मुताबिक, एक दलित को मेयर चुना जाना था और आम आदमी पार्टी ने एक दलित उम्मीदवार तय भी कर दिया था। भाजपा को दलित और दलित समाज के लोगों से दिक्कत है, इसलिए उनसे चुनाव कैंसिल करा दिया है।

## ऊना में व्यक्ति ने पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का किया प्रयास

**ऊना।** जिला मुख्यालय के पुराना बस अड्डा चौक पर वीरवार सुबह टाहलीवाल निवासी राजीव नाम के व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह करने का प्रयास किया। दुकानदारों और पुलिस की मुस्तैदी ने तुरंत माचिस छीनी और उसे सड़क के किनारे ले आए, जिससे हादसा टल गया।

हालांकि, पुलिस में मामला दर्ज नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने माना कि व्यक्ति की व्यक्तिगत परेशानी थी, जिसे हल करवा दिया है। राजीव कौशल का आरोप है कि पुलिस की ओर से लड़ाई-झगड़े के मामले में उसके परिवार के साथ नाइंसाफी की जा रही है। प्रतिवादी पक्ष के दबाव में उनके साथ धोखा करने के चलते ही उसने आत्मदाह करने का प्रयास किया है। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि आत्मदाह का प्रयास करने वाला व्यक्ति परेशान था। उसका समझौता करवाया गया है। रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद घर उसे भेज दिया है।

### ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर

## केजरीवाल की गिरफ्तारी सही, घोटाले में बड़ा रोल

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका का विरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में ईडी ने कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बचते रहे थे। इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वह दोषी हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को किसी दुर्भावना या दूसरे कारणों से गिरफ्तार नहीं किया गया है। किसी अपराध की जांच एक ऐसा क्षेत्र है, जो जांच एजेंसी के लिए रिजर्व है। उनकी गिरफ्तारी भी जांच का हिस्सा है। सबूतों से पता चला है कि घोटाले में उनका बड़ा रोल है।

## पटना में होटल में लगी आग, छह लोगों की मौत

- 20 घायल झुलसे, 45 रेस्क्यू किए; कई लोगों ने कूदकर बचाई जान

**पटना।** पटना जंक्शन से 50 मीटर दूर पाल होटल में वीरवार सुबह आग लग गई। आग ने आसपास के 3 होटलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में 6 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 3 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। 20 लोग झुलस गए हैं और दो की हालत गंभीर बनी हुई है।



वहीं, 45 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने से होटल में रखे सिलेंडर में भी ब्लास्ट हुए हैं। इससे आग भड़क गई। होटल में नाश्ता करने पहुंचे बीएसएफ जवान ने बताया कि सबसे पहले प्लास्टिक में आग लगी और फिर सिलेंडर में लग गई। पहला सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, फिर दूसरा सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। कई लोगों ने कूदकर जान बचाई है।

## 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को होगा। 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग होगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों तक वोटिंग मशीनें पहुंचाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दूसरे फेज में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसमें केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर (तिरुवंतपुरम), भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या (कर्नाटक), मथुरासे हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी (वायनाड), तिरुवंतपुरम से शशि थरूर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस) और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस) शामिल हैं।

## अब व्हाट्सऐप पर मिलेगी सुप्रीम कोर्ट की 'वाद सूची'

एजेंसी, नई दिल्ली

- छोटी सी पहल का बहुत बड़ा पड़ेगा प्रभाव : सीजेआई

**सुप्रीम** कोर्ट अब वकीलों के साथ वाद सूची और सूचीबद्ध मामलों से संबंधित जानकारी व्हाट्सऐप पर साझा करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वीरवार को इस बारे में घोषणा करते हुए कहा कि इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने ने कहा कि 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। हम अपनी सभी सेवाओं को 'मेघराज क्लाउड 2.0' में स्थानांतरित कर रहे हैं। अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं। चीफ जस्टिस ने बताया कि व्हाट्सऐप नंबर 8767687676 के जरिए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड और पार्टी इन पर्सन को जानकारी मिल सकेगी।

सुप्रीम कोर्ट के अन्य पक्षकारों को भी इन व्हाट्सऐप नंबर के जरिए फाइलिंग, कॉज लिस्ट और फैसलों की जानकारी भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह एक छोटा कदम है, लेकिन इसका बड़ा असर होगा। इसके अलावा कागज के इस्तेमाल में बहुत हद तक कमी आएगी।


अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अकाउंट डिपार्टमेंट

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


रिपोर्ट: यूएई के बाद भारतीय पासपोर्ट दुनियाभर में सबसे सस्ता, मैक्सिको का है सबसे महंगा

## भारतीय पासपोर्ट से 62 देशों में फ्री यात्रा

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** का पासपोर्ट दुनिया में दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट है। मैक्सिको का सबसे महंगा पासपोर्ट माना गया है, जिसकी कीमत 10 साल के लिए 231.05 अमेरिकी डॉलर है। वहीं, भारतीय पासपोर्ट वार्षिक खर्च के मामले में सबसे ज्यादा किफायती माना गया है।

यूएई का पासपोर्ट सस्ता होने के मामले में सबसे ऊपर है। सभी देशों के पासपोर्ट को लेकर ऑस्ट्रेलिया फर्म कंपेयर द मार्केट एयू ने रिसर्च रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय पासपोर्ट धारक 62 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकता है।




### 80वीं रैंक पर है भारत का पासपोर्ट


पासपोर्ट इंडेक्स में भारत 80वें नंबर पर काबिज है। रैंकिंग जारी करने वाले ऑर्गेनाइजेशन हेनली एंड पार्टनर्स ने 2024 के लिए जारी किए पासपोर्ट इंडेक्स में भारत को 80वें स्थान पर रखा है। 2023 में भी भारत की यही रैंक थी। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल भारतीय पांच से ज्यादा देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं।

### भारतीय पासपोर्ट की 10 साल की वैधता के लिए 8.07 अमेरिकी डॉलर कीमत

रिपोर्ट के मुताबिक, वैलिडिटी की हर साल लगने वाली लागत के मामले में भारत का पासपोर्ट सबसे अधिक सस्ता है। विभिन्न देशों के पासपोर्ट की लागत और वैलिडिटी के प्रति वर्ष की फीस का अध्ययन किया था। भारतीय पासपोर्ट की 10 साल की वैधता के लिए 18.07 अमेरिकी डॉलर कीमत है। यूएई में 5 साल की वैधता के लिए 17.70 अमेरिकी डॉलर है। वैधता की प्रति वर्ष लागत के लिहाज से भारत प्रति वर्ष 1.81 अमेरिकी डॉलर की लागत वाला सबसे सस्ता पासपोर्ट है। दक्षिण अफ्रीका 3.05 डॉलर और केन्या 3.09 अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वैसे तो भारतीयों को वीजा फ्री कंट्री में जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत पड़ती है लेकिन दो देश ऐसे हैं, जहां के लिए आपको पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ती। वे देश भूटान और नेपाल हैं, यहां आप जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ अपना घूमना-फिरना कर सकते हैं। कुछ देशों में तो आज भी डॉक्यूमेंट्स के साथ वेक्सिनेशन सर्टिफिकेट भी मांगते हैं।

## हिमाचल में 4 दिन बारिश ओलावृष्टि का अलर्ट जारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में फिर मौसम करवट बदलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिन तक पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। 26, 28 व 29 अप्रैल को येलो अलर्ट, जबकि 27 अप्रैल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 27 अप्रैल को राज्य में भारी वर्षा और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी है।



अगले चार दिन मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में आसमानी बिजली कड़कने और अंधड़ चलने की भी आशंका है। 30 अप्रैल तक राज्य में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान उच्च पर्वतीय इलाकों लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा में बर्फबारी होने की संभावना जताई है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि व बारिश दर्ज की गई है।

## खड़गे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

- कहा- आपको कांग्रेस का मैनिफेस्टो समझाना चाहता हूं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दूसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने का वक्त मांगा। उन्होंने वीरवार को पीएम को चिट्ठी लिखी। इसमें कहा कि वह पीएम को कांग्रेस का न्याय पत्र (मैनिफेस्टो) समझाना चाहते हैं, ताकि वे देश के प्रधानमंत्री के तौर पर ऐसे बयान न दें, जो गलत हैं। दो पेज के इस पत्र में उन्होंने लिखा कि पीएम ने हालिया भाषणों में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, उससे वे बिलकुल हैरान या अचंभित नहीं हैं। इससे पहले खड़गे ने 22 अप्रैल को पीएम से मिलने का समय मांगा था।



## सालगिरह मुबारक



करियाड़ा के बीरबल सिंह और संसा देवी को शादी की सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू का आह्वान

# घर-घर पहुंचाएं सरकार की नीतियां

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने अपने जनसंपर्क अभियान के चलते रक्कड़, रजोट, टिक्करी, सघूर, मझेरना, बुरली कोठी, धानग, महालपट में बूथ कमेटियों, कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ आयोजित बैठकों में भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा की आज प्रदेश सराकर आमजनमानस के लिए नई योजनाएं लेकर आई हैं। इसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों में निरंतर प्रगतिशील दिशा की और आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री महिलाओं के लिए 1500 रुपए की योजना को लागू कर चुके हैं जिससे हमारी माताओं, बहनों को उनकी आजीविका के लिए मील का पत्थत साबित होगा। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश की चारों सीटे कांग्रेस पार्टी जीतेगी। इस मौके पर कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जनसंपर्क अभियान के दौरान रविंद्र बिट्टू कार्यकर्ताओं के साथ।

# एक साल बाद भी नहीं लग पाई शहीद कर्नल मेहर दास की प्रतिमा

## नैहरनपुखर में चौक के निर्माण के दौरान हटाया गया था, दोबारा नहीं की स्थापित

**शिवम शर्मा, परागपुर**

मुबारिकपुर-रानीताल राष्ट्रीय राजमार्ग 503 पर स्थित नैहरनपुखर में चौक के निर्माण के दौरान हटाई गई बलिदानी की प्रतिमा लगभग एक साल बाद भी दोबारा नहीं लग पाई है। इसे वापस लगाने के लिए फिलहाल स्थान तय नहीं हो पा रहा है। इससे स्थानीय लोगों में रोष है। बलिदानी कर्नल मेहर दास की प्रतिमा करीब एक साल से बढहूं पंचायत घर में रखी गई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने करीब एक साल पहले यहां चौक बनाने का काम शुरू किया था। सड़क चौड़ी हुई तो पिछले साल यहां नैहरनपुखर चौक पर लगी बलिदानी कर्नल मेहर दास की प्रतिमा को हटा दिया गया क्योंकि प्रतिमा वाला स्थान बढहूं पंचायत के तहत था, इसलिए इसे पंचायत को सौंप दिया गया। उस समय इसे चौक के बीचोबीच स्थापित करने की योजना थी, लेकिन बीच में बनाए गए राउंड अबाउट पर सोलर लाइट और सीसीटीवी के लिए चार खंभे लगा दिए गए हैं।

ऐसे में करीब एक साल का समय बीतने के बाद भी प्रतिमा दोबारा नहीं लग पाई है। कर्नल मेहर दास का जन्म नौ फरवरी, 1921 में दयाल नैहरनपुखर पंचायत के सौंत में हुआ था। उनके पिता मोहन लाल अंग्रेजों की सेना में थे। उनकी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा देहरा में हुई। उसके बाद जालंधर स्थित किंग्स जार्ज जालंधर में पढ़े। इसके बाद वह गनर्स रेजिमेंट के लिए चुने गए।

कुछ समय बाद नेताजी सुभाष चंद बोस से मुलाकात हुई तो उनसे प्रभावित होकर आजाद हिंद फौज में आ गए। कर्नल मेहर दास ने आजाद हिंद फौज के गठन के बाद अंग्रेजों के खिलाफ पहली बार युद्ध किया था। उनके साहस और रण कौशल को देखते हुए उन्हें सरदार-ए-जंग कर्नल मेहर दास कहा गया। 1962 के भारत-चीन युद्ध में उन्होंने वीरगति पाई थी। 1970 के करीब उनके सम्मान में नैहरनपुखर चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई थी। (अनंत ज्ञान)



नैहरनपुखर चौक जहां बलिदानी कर्नल मेहर दास की प्रतिमा लगी हुई थी।



बलिदानी कर्नल मेहर दास की प्रतिमा

### एनएचएआई के अधिकारियों से कर रहे बात

दलजीत सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत बढहूं का कहना है कि कर्नल मेहर दास की प्रतिमा को पूरे सम्मान के साथ पंचायत घर में रखा है। हम चाहते हैं कि इसे चौक के बीच में स्थापित किया जाए। इसे लेकर एनएचएआई के अधिकारियों से लगातार बात हो रही है।

### जल्द किया जाएगा कार्य : अमन कुमार

अमन कुमार, एसडीओ एनएच देहरा का कहना है कि मैंने हाल ही में देहरा में एसडीओ का कार्यभार संभाला है। इस बारे में जानकारी जुटा कर जल्द से जल्द कार्य किया जाएगा।

### सम्मान की प्रतीक है प्रतिमा : अजय कुमार

अजय कुमार, उपप्रधान ग्राम पंचायत दयाल ने कहा कि कर्नल मेहर दास ने देश की आजादी में योगदान दिया और फिर देश की सरहदों की रक्षा करते हुए बलिदान हुए। उनकी प्रतिमा पूरे इलाके के लिए सम्मान की प्रतीक है। हम पंचायत की तरफ से इसे तुरंत वापस लगाने की मांग उठाएंगे।

### शिकायत करेंगे : विकास

विकास पटियाल, स्थानीय दुकानदार का कहना है कि चौक के विस्तार के समय इसे हटाना जरूरी था। समय रहते वापस लगाना भी संबंधित विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। यदि प्रतिमा को जल्द स्थापित न किया तो पूरे गांव की तरफ से हस्ताक्षरयुक्त पत्र केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजकर शिकायत करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुक्कड़ में अवैध देसी शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत उपाहू सुक्कड़ में अशोक कुमार निवासी उपाहू सुक्कड़ तहसील धर्मशाला की दुकान से 6,750 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

### मारपीट व गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत अवैरी में दीपू व दो अन्य व्यक्तियों ने शांति स्वरूप निवासी घोड़पीठ डाकघर भदैरना तहसील बैजनाथ के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। इस संदर्भ में पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता की धारा 341,323,506 व 34 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छात्राओं ने दिया मतदान का संदेश



**कांगड़ा।** मतदान करना लोकतंत्र की जान है इसलिए सभी को चुनाव के महापर्व में मतदान के लिए आगे आना चाहिए। इस संदेश को लेकर शरण कॉलेज घुरकड़ी की छात्राओं ने मतदान की शपथ ली और मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। इस स्वीप कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार अनुसार स्वीप नोडल अधिकारी लेखराज ने प्रधानाचार्य डॉ. सुमन शर्मा, कालेज प्रशासन, प्रवक्ताओं और छात्राओं के साथ मिलकर किया। हेड गर्ल योगिशा ने सभी को चुनाव के इस महापर्व में निष्पक्ष भाग लेने की शपथ दिलाई। स्वीप के अंतर्गत इस कार्यक्रम को करवाने में कॉलेज से ईएलसी नोडल अधिकारी सहायक आचार्य अंजना का विशेष योगदान रहा।

### कैप्टन बराल की मूर्ति का अनावरण कल

**धर्मशाला।** मास्टर मित्रसेन थापा साहित्य संगीत सभा हिमाचल प्रदेश धर्मशाला की ओर से 27 अप्रैल को दाड़ी गोरखा भवन में नेपाली साहित्यकार एवं मिल्ट्री ऑफिसर कैप्टन बहादुर सिंह बराल की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में कैप्टन बहादुर सिंह बराल की नातिन डॉ. संगीता वस्त्रे व मुख्यातिथि पूर्व सांसद सिक्किम दिल कुमारी भंडारी मौजूद रहेंगे। मास्टर मित्रसेन थापा सभा की अध्यक्ष साधना नेपाली ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि 1914 के वर्ल्ड वार में मास्टर मित्रसेन व बहादुर सिंह बराल ने युद्ध किया था। वर्ष 1939 तक दूसरे विश्व युद्ध तक भारत में पहुंचकर भजन व साहित्य को आगे बढ़ाया है। बहादुर सिंह बराल ने गोरखनाथ की मूर्ति दाड़ी में स्थापित की थी। सभा के को-ऑर्डिनेटर हेमंत गुरंग ने बताया कि इस मौके पर दल बहादुर थापा, दुर्गामल्ल व मास्टर मित्रसेन को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी।

### लोकतंत्र पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करें युवा



राजीव गांधी राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय नगरोटा बगवां में कार्यक्रम के दौरान डीसी को सम्मानित करते आयोजक।

**नगरोटा बगवां।** राजीव गांधी राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय नगरोटा बगवां (मस्सल ) बिजनेस स्कूल में दो दिवसीय मैनेजमेंट एवं संस्कृत उत्सव का शुभारंभ उपायुक्त हेमराज बैरवा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं को मतदान में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। पहले कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर दीपक कुमार बंसल ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए दो दिवसीय मैनेजमेंट एवं संस्कृत फेस्ट के बारे में जानकारी दी। इस दौरान क्विज, शतरंज, ग्रुप डिस्कशन, वेस्ट टू क्रिएटिविटी ट्रेजर हंट ड्रामा नाचन व गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम नगरोटा मुनीष कुमार उपस्थित रहे।

# गगल एयरपोर्ट पर सिक्किम के मुख्यमंत्री का स्वागत



गगल एयरपोर्ट पर वीरवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, गगल**


सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग वीरवार को एक बजे इंडिगो के विमान से दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पहुंचे।

यहां पर एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। यह जानकारी गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग हिमाचल के मंदिरों का भ्रमण करेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। वह मैक्लोडगंज में महामहिम दलाई लामा से भी मिलेंगे।

# भाजपा ने दबाई एमएसपी की मांग : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने कहा है कि पिछले दस वर्षों से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में जुमलों की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों से उनकी आय को दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन यह बात जुमला सिद्ध हो चुकी है।



भाजपा ने किसानों की आय को दोगुना करना तो दूर, बल्कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों की आवाज को बलपूर्वक कुचलने का प्रयास किया और आंदोलन कर रहे 50 से अधिक किसानों की हत्या की गई।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने गाय के दूध में 13 रुपए की ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपए कर दिया है, जबकि भैंस के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है। उन्होंने कहा कि दूध की खरीद पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य बना है।

इसके साथ ही मनरेगा मजदूरी में 60 रुपए की ऐतिहासिक बढ़ोतरी की तथा प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपए तथा मक्की का रेट 30 रुपए तय किया गया है। उन्होंने कहा कि पशु पालकों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार जिला कांगड़ा के ढगवार में एक लाख 50 हजार लीटर प्रतिदिन की क्षमता का दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसकी क्षमता 3 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकती है, जिस पर 226 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि निजी गौ-सदनों में आश्रित गौवंश के लिए दिए जाने वाले अनुदान 700 रुपए को बढ़ाकर 1200 किया गया है। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के निरंतर प्रयास कर रही है, क्योंकि गांव को आत्मनिर्भर बनाकर ही प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

## कोपरलाहड़ के लिए ट्रेन का ट्रायल आज

**नूरपुर।** नूरपुर से कांगड़ा रेल का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। कुछ ही दिन में नूरपुर से कोपरलाहड़ तक रेल दौड़ सकती है। इसे लेकर रेलवे विभाग शुक्रवार को नूरपुर से कोपरलाहड़ तक रेल के इंजन का ट्रायल करेगा। इसमें ट्रैक की स्थिति का पता लगाया जाएगा। यदि ट्रायल सफल रहता है तो दूसरे चरण में खाली डिब्बों के साथ ट्रैन दौड़ाई जाएगी। दूसरे चरण का ट्रायल सफल होने के बाद एक या दो सप्ताह में रेलगाड़ी को यात्रियों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। कोपरलाहड़ के आगे ट्रैक का कार्य अभी पूरा नहीं हो पाया है। पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे ट्रैक पर बैजनाथ से कांगड़ा तक ही ट्रेन शुरू करने के लिए लोग लंबे अरसे से मांग उठा रहे हैं।

# पांच साल तक नजर नहीं आए भाजपा के सांसद : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के बयान पर पलटवार करते हुए कैबिनेट मंत्री रैंक एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने कहा कि जयराम ठाकुर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं में से एक है, लेकिन उन्हें कोई भी बयान देने से पहले मेरे पत्र को पूरी तरह से पढ़ लेना चाहिए था।



जब भी कोई व्यक्ति कोई बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लेता है तो वह अपने परिवार से चर्चा अवश्य करता है क्योंकि उसके लिए सबसे पहले उसके परिवार का सहयोग, समर्थन, प्यार व आशीर्वाद आता है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्यार को वह मेरी कमजोरी समझ रहे हैं तो यह उनकी सबसे बड़ी भूल है। विधानसभा के लोगों से किए हुए वादों को पूरा करना मेरा पहला कर्तव्य है।

हिमाचल प्रदेश में एक बड़ी जीत हासिल करने के बावजूद भाजपा के सांसद पूरे पांच साल नजर तक नहीं आए और प्रदेश की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा के समय न जनता के साथ खड़े हुए और न ही संसद में हिमाचल की आवाज उठाई। मैं उन नेताओं की तरह अपनी जिम्मेदारियों से भागने वालों में से नहीं हूं।

# आजादी के बाद पहली बार भलेड पहुंचे विधायक केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधानसभा शाहपुर के धार कंडी क्षेत्र की भलेड पंचायत के बूथों की बैठक बूथ प्रभारियों, धार कंडी कांग्रेस के सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर की गई। इस दौरान विधायक केवल सिंह पठानिया के यहां पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय जनता ने उनका स्वागत किया। पठानिया ने कहा कि मैं हमेशा धार कंडी क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए आपके बीच रहूंगा। इस अवसर पर मेघ सिंह, कल्याण सिंह, कुलदीप सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मस्तान सिंह, अश्वनी कुमार,



पुरुषोत्तम चंद ने विधायक केवल सिंह पठानिया की कार्यशैली और कांग्रेस पार्टी की जन हित नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा को छोड़ कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। केवल सिंह पठानिया ने हार पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व प्रधान निर्मल सिंह, पूर्व प्रधान पवन सिंह, पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार और वार्ड पंच रविंद्र ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद विधायक पहली बार जनता ने अपने गांव में देखा है।

# मंड में 103000 लाख लीटर लाहन नष्ट की

## आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी डॉ. युनूस ने शराब माफिया के खिलाफ की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग हिमाचल प्रदेश डॉ. युनूस ने राजस्व जिला नूरपुर की टीम व इंदौरा और ठाकुरद्वारा पुलिस को साथ लेकर इंदौरा के मंड क्षेत्र में अवैध शराब लाहन तैयार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मंड क्षेत्र के गांव उलेहडिया, खानपुर, बसंतपुर, गगवाल आदि में कच्ची शराब (लाहन) तैयार करने वालों के घरों में दबिश दी। एक्साइज विभाग की टीम के आने की खबर इन कारोबारियों तक पहले ही पहुंच गई थी। इन गांवों में लाहन तैयार करने वाले यह तमाम परिवार टीम के आने से पहले ही अपने अपने घरों को ताले लगाकर भाग गए। इस टीम ने इन गांवों में अवैध शराब का काम करने वाले तस्करों के घरों व घरों के आसपास रेड की ओर सर्च अभियान चलाया। इस कार्रवाई में तीन गांवों में कुल 103000 लाख लीटर कच्ची शराब जिसे इनके द्वारा रात को तैयार करके पंजाब में सप्लाई की जाना था ढूंढकर नष्ट किया गया। यह कच्ची लाहन जमीन में गड्ढे बनाकर लोहे के ड्रमों में छुपाकर रखी गई थी। इस कार्रवाई में शराब तैयार करने वाले कुछ उपकरणों व भट्ठियों को भी नष्ट किया गया है। प्रदेश एक्साइज कमिश्नर एवं आईएएस अधिकारी डॉक्टर युनूस ने बताया कि विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसके तहत गुप्त सूचना के आधार पर नूरपुर टीम द्वारा इंदौरा क्षेत्र के इन गांवों में दबिश दी गई। इस कार्रवाई में लाखों लीटर कच्ची लाहन को नष्ट किया गया है। वही गगवाल गांव में एक घर में सर्च के दौरान एक व्यक्ति को 44000 मिलीलीटर लाहन सहित काबू किया है। इसकी पहचान रेशम सिंह निवासी गगवाल के रूप में हुई है। उसके खिलाफ पुलिस चौकी ठाकुरद्वारा में एक्साइज एक्ट के तहत मामला भी दर्ज किया गया है।



मंड क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब नष्ट करते पुलिस कर्मी व अन्य।

# राज वर्मा को बनाया प्रदेश संयोजक

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों के तहत प्रदेश कांग्रेस हाईकमान ने राज वर्मा को कांग्रेस वार रूम में प्रदेश संयोजक बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। राज वर्मा पंचरुखी के अंद्रेटा गांव के रहने वाले हैं। युवा होने के नाते युवाओं में उनकी अच्छी पकड़ है। वर्तमान में वह हिमाचल कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव व जयसिंहपुर विधानसभा के सोशल मीडिया इंचार्ज भी हैं।

पूर्व में जयसिंहपुर कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ के प्रभारी भी रह चुके है। विधानसभा चुनावों के दौरान भी राज वर्मा ने अपनी सोशल मीडिया इंचार्ज की पूरी जिम्मेदारी निभाते हुए जयसिंहपुर से गोमा को विधायक बनाने में भी अपना पूरा योगदान दिया था। राज वर्मा ने कहा कि भाजपा ने जो धन बल का प्रयोग करके जनता द्वारा चुनी हुई सरकार से सत्ता हथियाने का जो असफल प्रयास किया है इससे भाजपा की छवि खराब हो चुकी है। हिमाचल के लोग अब इनकी दोहरी राजनीति को भली भांति समझ गए है। भाजपा को इसका खमियाजा लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों में भुगतना पड़ेगा। हिमाचल में लोकसभा की चारों सीटें व विधानसभा उपचुनावों की छह सीटों पर कांग्रेस ही जीत हासिल करेगी।

वर्मा ने हिमाचल कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, मंत्री यादविंद्र गोमा व जयसिंहपुर ब्लॉक संगठन के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा करके जो दायित्व दिया है मैं उसे पूरी जिम्मेदारी से निभाउंगा।



कांग्रेस वार रूम में प्रदेश संयोजक बने अंद्रेटा गांव के राज वर्मा मंत्री यादविंद्र गोमा के साथ।

**ट्रेनिंग**

### 16- कांगड़ा में लोकसभा चुनाव के लिए पहला पूर्वाभ्यास आयोजित

# पीओ, पीआरओ और एपीआरओ ने सीखा ईवीएम को जोड़ना

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनावों को व्यवस्थित तरीके से करवाने के लिए वीरवार को विधानसभा क्षेत्र 16-कांगड़ा के अंतर्गत पॉलिटेक्निक कांगड़ा में पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर के लिए पूर्वाभ्यास शिविर आयोजित किया गया। यहां विभिन्न मास्टर्स ट्रेनर के माध्यम से चुनाव बारे सभी तरह की जानकारी अधिकारियों को दी गई।

पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन एआरओ एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तहसीलदार कांगड़ा मोहित रतन ने स्वागत संबोधन से की।

नायब तहसीलदार सुरेश कुमार और नोडल अधिकारी अजय कुमार ने चुनाव में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरह के फार्मों को भरने के नियम बारे सभी को जानकारी दी। नोडल अधिकारी अतुल शर्मा और अंशुल ने तकनीकी विषय पर सभी को ईवीएम बारे विस्तृत जानकारी दी। मास्टर्स ट्रेनर ने इवीएम को जोड़ने और वोट करने जैसे हर विषय पर जानकारी उपलब्ध करवाई। नोडल अधिकारी चुनाव वरुण गुप्ता ने मतदान के प्रत्येक विषय को लेकर जानकारी दी। एआरओ एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने अपने संबोधन में सभी को चुनाव के महापर्व में योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनाव का विषय बहुत सतर्कता से काम करने का होता है। इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। उन्होंने सभी पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर को कहा कि रिहर्सल के समय अपनी हर प्रकार की शंकाओं का निवारण करें ताकि किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को चुनाव के दिन किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। रिहर्सल कार्यक्रम में एआरओ एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल सहित तहसीलदार मोहित रतन, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, नायब तहसीलदार पविंद्र पठानिया, नोडल अधिकारी वरुण गुप्ता सहित विभिन्न नोडल अधिकारी, पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



वीरवार को आयोजित पूर्वाभ्यास शिविर में जानकारी देते एसडीएम कांगड़ा।

## हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर

### 2017 में किस जिले में किसे मिलीं थीं कितनी सीटें

| जिला | सीटें | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| कांगड़ा | 15 | 11 | 03 | 01 |
| किन्नौर | 01 | 00 | 01 | 00 |
| कुल्लू | 04 | 03 | 01 | 00 |



द्रंग विधानसभा क्षेत्र के मेगल स्कूल में लोकसभा चुनाव के लिए 'स्वीप' कार्यक्रम करवाया गया। इस दौरान सामूहिक चित्र में कर्मचारी व लोग।

## संतोषगढ़ में कार से पकड़ा कैश

**ऊना।** पुलिस की टीम ने वीरवार को ऊना सदर विस क्षेत्र के संतोषगढ़ में चेकिंग के दौरान एक निजी कार से 3.23 लाख की नकदी बरामद की। चालक की पहचान हरोली के चांदपुर निवासी के तौर पर हुई है। एसपी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने चालक से कैश के संबंध में जानकारी मांगी जिसका वो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# निर्झर 'स्वीप' के आइकन, मतदान बढ़ाने के लिए करेंगे पदयात्रा

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- आज से घुमारवीं और झंडूता में करेंगे पैदल मार्च
- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना दिखाएंगे हरी झंडी

**शुभम राही, बिलासपुर**

लोकतंत्र के महापर्व को गर्व और जिम्मेदारी के साथ मनाने के लिए बिलासपुर जिला प्रशासन प्रदेश में पहले पायदान पर पहुंच गया है। वह अपने जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए संजीदा है। इसी मकसद से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ साहित्यकार व लेखक रत्न चंद निर्झर को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। निर्झर पैदल चलने के काफी शौकीन हैं और उन्हें घुमक्कड़ पत्रकार का खिताब भी हासिल है।

वह प्रदेश के कोने-कोने में पैदल जाकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कर चुके हैं। प्रशासन ने निर्झर की इन्हीं खूबियों के चलते उन्हें 'स्वीप' का जिला आइकन बनाया है। निर्झर अब घर-घर पैदल जाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलख जगाएंगे।

निर्झर शुक्रवार से 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत घुमारवीं व झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पैदल मार्च कर प्रत्येक बूथों पर तथा डोर-टू-डोर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना शुक्रवार दोपहर के समय निर्झर को हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा के लिए रवाना करेंगे। जिले में पहली बार इस तरह से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह सब जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की दूरदर्शी सोच से संभव होने जा रहा है।

### मिलेगी स्पेशल ड्रेस, हर बूथ पर होगा स्वागत



निर्झर काफी दिनों तक पैदल मार्च करेंगे। 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत इनको अलग से स्पेशल ड्रेस भी दी जा रही है, जिसमें वह घुमारवीं और झंडूता विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेंगे। वहीं, इस पैदल मार्च में जिला प्रशासन की ओर से तैयार किए गए बूथ लेवल ऑफिसर उनका प्रत्येक बूथ पर स्वागत भी करेंगे। इसके बाद वह प्रत्येक बूथों पर जाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे और मतदान की महता को भी बताएंगे। घुमारवीं और झंडूता विधानसभा क्षेत्र में कुल 41 पोलिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इन पोलिंग स्टेशनों पर जाकर वह मतदान के लिए जागरूक करेंगे। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से इनके स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा, जिसमें प्रत्येक बूथ पर इनका मेडिकल चेकअप होगा।

### आज रिव्यू मीटिंग लेंगे मुख्य सचिव

**बिलासपुर** में शुक्रवार को मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना पहुंच रहे हैं। वह 'स्वीप' कार्यक्रम व चुनावों को लेकर जिला प्रशासन के साथ एक रिव्यू मीटिंग भी लेंगे। चुनावों को लेकर जिला प्रशासन की कितनी तैयारियां हैं और मतदान जागरूकता के लिए क्या किया जा रहा है, इन सभी एजेंडों पर रिव्यू मीटिंग ली जाएगी।



"लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया है। वरिष्ठ लेखक व साहित्यकार रत्न चंद निर्झर शुक्रवार से घुमारवीं और झंडूता विधानसभा क्षेत्र के 41 पोलिंग स्टेशनों में पैदल मार्च करते हुए लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना इस पैदल मार्च को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे।

-आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त, बिलासपुर।

## चुनावी चुटकी

### चुनावी चूहों की खुराक



**चुनावी** चूहे जाग रहे हैं, इधर से उधर भाग रहे हैं। किसकी गांठ को करेंगे छेद, ऐसा किसी को नहीं है भेद। पहले भी चूहों से न सुकून मिला था, कुतरन से ऐसा जाल बुना था। वोट की बोरी में किया था सुराख, यही होती है चुनावी चूहों की खुराक। मान लो अब भी मेरी बात, चूहों को बता दो उनकी औकात। बाद में ये बना देंगे होल, आपके हाथ में रह जाएगा खोल। डरा हुआ था किस्मत का मारा, चूहों ने खाली कर दिया पिटारा। ऊपर तक भी बात चलाई, चूहों की होती रही सुनवाई। चूहे अब भी साथ चले हैं, मुंह पर मुखौटा डाल लिए हैं। रौनकी ताऊ भी त्रस्त हुआ है, चूहों का राजा मस्त हुआ है। ऊपर पता है उनकी कहानी, मिलीभगत से है मनमानी। बड़े नेताओं के हैं ये चूहे निराले, बड़ी मेहनत से हैं उन्होंने ये पाले। वर्चस्व की लड़ाई है टोटली, अपनी ही बुनियाद कर रहे हैं खोखली। चूहों की ऐसी चलती रही मनमानी, तो खत्म ही समझो आगे की कहानी।

-राजेश शर्मा

# विपक्ष पर जमकर बरसे अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान टीम, गरली/परागपुर**

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर वीरवार को जसवां परागपुर मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं इसलिए अब अमेठी का रुख कर रहे हैं।



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मौजूद अनुराग ठाकुर, बिक्रम सिंह ठाकुर और अविनाश राय खन्ना।

कांग्रेस का हाल यह है कि हार के डर से उसके सभी बड़े नेता दो-दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। फिर भी कांग्रेस अभी तक 300 सीटों पर भी अपने उम्मीदवार खड़े नहीं कर पाई है। चुनाव जीतना इनके लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने से ज्यादा कुछ नहीं है। भारत को आपातकाल की आग में झोंकने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र पर ज्ञान बाटती फिर रही है।

कांग्रेस सत्ता में आने के साथ ही वसूली चालू कर देती है। यह वसूली टैक्स व्यापारियों से लेकर प्रत्येक आम आदमी को देना पड़ता है, लेकिन इस बार मौत के बाद भी कांग्रेस अपनी वसूली जारी रखना चाहती है। यह उसके मेनिफेस्टो से स्पष्ट है। कांग्रेस का कहना है कि आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपकी संतानों की नहीं बल्कि उनके वोट बैंक की हो जाएगी। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस के राज में ना संपत्ति सुरक्षित है, ना संतान सुरक्षित है, ना हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और न हीं हमारा सनातन सुरक्षित है।

जम्मू कश्मीर में धारा 370 लगाना पंडित जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी भूल थी जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधारा है।

सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी के चेहरे से पूरी तरह नकाब उतर गया है। वहीं, भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा कि भाजपा के लक्ष्य 400 पार को भाजपा के पन्ना प्रमुख पूरा करेंगे। भाजपा का पूरे देश में एक मजबूत संगठन है और हिमाचल में 8000 बूथों पर भाजपा कार्य कर रही है।

# कांग्रेस की सरकार को नहीं है भाजपा से कोई खतरा : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

कांग्रेस की सरकार को बीजेपी से कोई खतरा नहीं है। प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस सरकार को 5 साल के लिए चुना है, जो अपना कार्यकाल पूरा करेगी। यह बात प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने खाला क्यार में आयोजित लोकसभा चुनाव की शुरुआत के लिए आयोजित कांग्रेस महा अधिवेशन में कही।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की जनसभा में पहुंचे लोग।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी 10 गारंटी में से कई गारंटियों को पूरा कर दिया है। महिलाओं को हर माह 1500 रुपए देने का वादा चुनाव से पहले पूरा कर दिया था, लेकिन भाजपा नहीं चाहती किमहिलाओं को यह सम्मान राशि दी जाए। वह इस मामले को लेकर चुनाव आयोग में चली गई है।

उन्होंने कहा प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की भारी मतों से जीत होगी। अग्निहोत्री ने कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को रेणुकावासियों का जंवाई बताया, जिन्हें जीताने का काम यहां के लोगों का होगा। अग्निहोत्री ने मोदी को तानाशाह बताया। इस अवसर पर सुल्तानपुरी ने लोगों को विश्वास दिलाया कि वह क्षेत्र के लोगों के लिए जी-तोड़ काम करेंगे। रेणुका के विधायक विनय कुमार ने इस क्षेत्र में आने पर डिप्टी सीएम का आभार जताते हुए कहा कि जनता भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देगी।

## 88 वर्षीय जया शर्मा ने मतदान के लिए आवेदन पत्र भरा



**मंडी।** शहर की पैलेस कॉलोनी में 88 वर्षीय जया शर्मा ने अपने घर में ही मतदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भरवाए जा रहे आवेदन पत्र की औपचारिकता को पूरा किया। गौर हो कि जिला प्रशासन द्वारा 85 वर्ष से ज्यादा उम्र व दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर-घर जाकर मतदान के लिए आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं।

## 11 महीनों का नहीं 11 वर्षों का हिसाब दें लखनपाल : विशाल



**बिझड़ी।** युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विशाल शर्मा ने कहा कि बड़सर के पूर्व विधायक को 15 माह में कामों की और बेरोजगारों की बड़ी याद आ रही है। वह अपने 11 वर्षों के कार्यकाल को भूल रहे हैं कि उन्होंने उस समय कितने युवाओं को रोजगार दिया? उन्होंने कहा कि बड़सर में अधिकतर कर्मचारी बाहरी जिलों से हैं और बड़सर क्षेत्र के लोग बाहरी जिलों में कार्यरत हैं। पिछले 11 वर्षों में उन्हें वापस लाने की आपने कभी कोशिश ही नहीं की। आपकी कार्यशैली बड़सर की जनता जान चुकी है और इस बार आपकी जमानत जब्त कराएगी।

# मुख्यमंत्री सुक्खू को बहुमत खोने पर दे देना चाहिए था इस्तीफा : जयराम ठाकुर

**एमएम डैनियल, चंबा (डलहौजी)**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय कांग्रेसी के नेता चुनाव लड़ने में कोई रुचि ही नहीं दिखा रहे हैं। कांग्रेस से जिसका भी नाम मीडिया के माध्यम से बाहर आता है, वह भागा-भागा दिल्ली जाता है और कोई न कोई कारण देकर चुनाव लड़ने से मना कर देता है और दो-तीन नाम और सुझाकर वापस आ जाता है। जिसे लड़ने के लिए कहिए वह ही भागा जाता है।



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भेंट की गई तलवार दिखाते हुए, साथ हैं अन्य।

इससे यह साफ है कि कांग्रेस नेताओं को अपनी करारी हार साफ दिखाई दे रही है, क्योंकि हिमाचल में कांग्रेस ने डेढ़ साल की सरकार में सिर्फ लोगों को दुख देने के कार्य के सिवा ओर कुछ नहीं किया है, जिसका खामियाजा उन्हें लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव भुगतना में ही पड़ेगा। यह उद्गार नेता प्रतिपक्ष ने डलहौजी विस क्षेत्र दौरे के दौरान व्यक्त किए। मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल को शीर्ष पर ले जाने के लिए बदले की राजनीति के बदले विकास की राजनीति करनी होगी, लेकिन जैसे ही कांग्रेस सरकार सत्ता में आई तब से बदले की राजनीति शुरू कर दी। वहीं अस्पताल जाने के लिए और मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं।

भाजपा कार्यकाल के दौरान आऊटसोर्स, कोविड के तहत कार्यरत कर्मचारियों को नौकरियों से निकाल बेरोजगारी को बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री की इसी नीति के कारण जनता सड़कों पर आ गई। उनके विधायक भी मुख्यमंत्री से अपमानित होते-होते थक गए और अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए लोकतांत्रिक तरीका अपनाया। लेकिन मुख्यमंत्री अभी भी खुद के बजाय विधायकों और भाजपा को दोष दे रहे हैं। उन्हें तो बहुमत खोने पर नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए था। (अनंत ज्ञान)

# विक्रमादित्य सिंह बोले-फ्रंट फुट पर हर चुनौती का किया सामना

**सुनील शर्मा, गोहर**

**भाजपा प्रत्याशी बड़ी बहन, लेकिन मंच पर जाने से पहले पढ़ लें इतिहास**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने वीरवार को अपने लोकसभा चुनाव के लिए पहली जनसभा का आगाज मंडी संसदीय क्षेत्र के नाचन विधानसभा क्षेत्र के चैलचौक से किया। चैलचौक पहुंचने पर नाचन की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी मेरी बड़ी बहन है, लेकिन मंच पर जाने से पहले वह इतिहास जरूर पढ़ लें।



बुजुर्ग को सम्मानित करते हुए विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

विक्रमादित्य के साथ पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह, पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, धर्मपुर क्षेत्र से विधायक एवं हिमाचल कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर आदि के साथ खुली जीप में रोड शो किया और सभास्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मुझे मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है और पूर्व में छह बार मुख्यमंत्री रहे पांच बार सांसद रहे राजा वीरभद्र सिंह का पुत्र होने के नाते उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए मैंने हमेशा फ्रंट फुट पर आकर हर चुनौती को सामना किया है। आज हम लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल की जनता के मंडी की जनता के प्यार की खातिर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर मंडी को देश में एक आदर्श क्षेत्र बनाएंगे और मंडी का डंका पूरे देश में बजेगा। मैंने हमेशा प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाई है और अब केंद्र में भी मंडी और हिमाचल के विकास के लिए पूरी दृढ़ता के साथ आवाज उठाऊंगा।

# नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प : बिंदल



नाहन विधानसभा की मात्तर पंचायत में जनसभा को संबोधि करते राजीव बिंदल।

**अनंत ज्ञान, नहान**

**वर्तमान सरकार के कुप्रबंधन ने बिगाड़ी हिमाचल की हालत**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन विधानसभा की मात्तर पंचायत के नलका-संभालका में जनता से संपर्क किया और केंद्र व प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के समय में किए गए विकास कार्यों को स्मरण करवाते हुए पुन: केंद्र में मोदी की सरकार बनाने के लिए जनता से सर्मथन मांगा। इस मौके पर ग्रामीणों ने फिर से मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया।

बिंदल ने कहा कि वर्तमान सरकार के कुप्रबंधन और कुशासन ने हिमाचल प्रदेश की हालत बिगाड़ दी है। आज हिमाचल प्रदेश में माफिया राज हावी है और सरकार इस माफिया को आरक्षण देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अगर महिलाओं का अपमान किसी ने किया है तो वह केवल कांग्रेस पार्टी ने किया है। महिलाओं को 1500 रुपए न देकर और भाजपा की सांसद महिला प्रत्याशी पर निजी टिप्पणियां कर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपनी महिला विरोधी सोच उजागर की है। बिंदल ने यह भी कहा कि निर्दलीय विधायकों ने अपनी मर्जी से इस्तीफा दिया है क्योंकि कांग्रेस पार्टी की जो वर्तमान सरकार हिमाचल प्रदेश में चल रही है उसमें बड़ा घुटन का माहौल है।

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



**विकसित** भारत का सपना साकार हो, लेकिन पहले धरातल पर जनता की समस्याओं का भी निदान होना चाहिए। मंडी में सांसद ऐसा होना चाहिए जो कि अब तक पेयजल की समस्या और खस्ताहाल सड़कों के लिए फंड मुहैया करवाए। ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे जो बिना किसी भेदभाव से सभी की मदद करता रहे तथा साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे।

-कल्पना देवी, लागधार, मंडी



**आज** सबसे बड़ा मुद्दा सुरक्षा का है। विश्व में कई देशों में तनाव चल रहा है बावजूद इसके हिंदुस्तान खुद को सुरक्षित महसूस करता है देश को ईमानदार और संशक्त सरकार की आवश्यकता है। ऐसी पार्टी और नेता को वोट दिया जाना चाहिए जो देश के नागरिकों की रक्षा और सीमा की सुरक्षा की गारंटी दे।

-राकेश डोगरा ,हमीरपुर



**नेताओं** की व्यक्तिगत महत्वकांक्षाओं के कारण जनता के जनहित मुद्दे दब जाते हैं। ऐसा ही हिमाचल प्रदेश में हुआ है। प्रदेश की जनता अभी आपदा से भी नहीं उभर पाई थी कि अब जनता पर उपचुनाव का बोझ आ गया है। लोकसभा के भी चुनाव हैं, काफी सोच समझ कर मतदान किया जाएगा।

-देश राज, कांगड़ा



**वर्तमान** परिदृश्य में देश में संचार क्रांति और सोशल मीडिया की चुनौतियां खड़ी है। इससे साइबर क्राइम बढ़ रहा है। आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस भी बड़ी चुनौती है। इस दिशा में सरकार को ठोस कार्य करना चाहिए। देश को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने वाली राजनीतिक पार्टी को वोट दिया जाना चाहिए। लोगों को अपने और देश के भविष्य के लिए मतदान जरूर करना चाहिए।

-पंकज वर्मा, सोलन



**राष्ट्र** धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए जिन्होंने काम किया है उनके पक्ष में मतदान करना जरूरी है। देश को ईमानदार और सशक्त सरकार की आवश्यकता है। मतदान सभी को करना चाहिए, जिससे राष्ट्र निर्माण में आपकी भी भूमिका रहे। अच्छा नेता चुनेंगे तो विकास की राह आसान होगी।

-अनिल ठाकुर, ऊना



लोकतंत्र में हर मतदाता को स्वेच्छा से मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। जिसके लिए हर मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए। किसी के दवाब या फिर राजनीति की लहर में बहकर मतदान करने की बजाय सोच-समझ कर मतदान करना चाहिए।

-उमा कुमारी, चंबा



**देश** में रोजगार के अवसर पैदा होने चाहिए। युवाओं के आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ावा देने के लिए माहौल तैयार होना चाहिए। ऐसे लोगों का चुनाव किया जाना चाहिए जो राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए योगदान देता हो। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

-भानू शर्मा ,ऊना



**बेरोजगारी** आज सबसे बड़ी चुनौती देश के समक्ष है। पढ़ा-लिखा बेरोजगार रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा है। जिसके चलते रोजगार के अवसर पैदा करने वाली पार्टी प्रत्याशी को ही मतदान करना चाहिए, ताकि बेरोजगारी का ग्राफ कम हो सकें।

-नीलकमल, चंबा



**महिलाओं** की सुरक्षा अहम मुद्दा है। प्रदेश में ही नहीं देश भर में महिला उत्पीड़न घटने के बजाए बढ़े हैं, जो प्रत्याशी एवं पार्टी महिला उत्थान की बात करेगा, उसी को मतदान किया जाएगा। ऐसे उम्मीदवार का चुनाव करें जो ईमानदार हो और राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए योगदान देता हो।

-सुमन बाला, जयसिंहपुर



**महिलाओं** की सुरक्षा के बारे में नीति निर्माण करने वाला ही मंडी सांसद बनना चाहिए। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी व अस्पताल में अच्छी सुविधा न मिलने के मुद्दों को केंद्र सरकार तक पहुंचा सके और जिला के हर उपमंडल स्तर पर अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड की सुविधा होनी चाहिए।

-अनिता ठाकुर, जोगिंद्रनगर



**देश** में विकास के नाम पर प्रकृति को अंधाधुंध नुकसान पहुंच रहा है। संतुलित विकास को तरजीह देने की जरूरत है। शिक्षा और स्वास्थ्य को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए अभी कुछ खास कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इन सुविधाओं को बेहतर बनाने की सोच वाले उम्मीदवार को वोट दिया जाना चाहिए क्योंकि अच्छा उम्मीदवार ही विकास करवाया सकता है।

-विमल वर्मा, सोलन



**भारत** दुनिया का आध्यात्मिक और आस्था का केंद्र है। यह वह देश है, जो सभी संस्कृतियों का सम्मान कर शांति का ही संदेश देता है। इस देश का मूल सनातन है सनातन प्रहरी ही देश के सभी जाति धर्म को एक साथ चलने की क्षमता रखते हैं। देश को वर्तमान में सनातन का सम्मान और रक्षा करने वाली सरकार चाहिए।

-सविता चौधरी, मस्सल



**मंडी** सांसद ऐसा होना चाहिए, जो युवाओं के लिए स्वरोजगार से साधन उपलब्ध करवाए, ताकि आज का युवा आत्मनिर्भर बन सके। आए दिन बाजारों में बेसहारा पशुओं की संख्या बढ़ रही है, इसलिए जगह जगह गौशाला बनाई जानी चाहिए।

-संजय ठाकुर, जोगिंद्रनगर



**भ्रष्टाचार** को खत्म करने वाले को समर्थन मिलेगा। राजनीति में भ्रष्टाचार करने वालों को सहन नहीं किया जाना चाहिए। भ्रष्टाचार के कारण देश की प्रगति संभव नहीं है। लोगों को भी चाहिए कि मतदान के पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें। लोगों को अपने और देश के भविष्य के लिए मतदान जरूर करना चाहिए।

-कोमल चौधरी, जसौर

## न्यूज ब्रीफ

### छात्र संगठनों ने दर्ज कराई क्रॉस एफआईआर

**धर्मशाला।** सदर पुलिस थाना धर्मशाला में दो छात्र संगठनों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने दोनों छात्र संगठनों के पदाधिकारियों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार खनियारा (मोहली) स्थित हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र के दो छात्र संगठनों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। इसमें एक छात्र संगठन ने मंगलवार को धर्मशाला पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि दूसरे छात्र संगठन ने उनके बैनर व फ्लेक्स जलाए हैं। वहीं, बुधवार देर शाम दूसरे छात्र संगठन ने आरोप लगाए कि पहले छात्र संगठन ने उनके कुछ सदस्यों को जातिसूचक शब्द कहे हैं। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी दोनों छात्र संगठनों में झगड़ा हुआ था, जिसका राजीनामा हो गया था लेकिन अब दोबारा से दोनों छात्र संगठनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए शिकायतें दर्ज करवाई हैं। उधर, एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल ने बताया कि दोनों छात्र संगठनों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### ध्यान प्रशिक्षण शिविर का समापन



कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शिविर में मौजूद शिक्षक व अन्य।

**लंबागांव।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में हेल्थ क्लब समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय ध्यान प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर में ब्रह्माकुमारी सपना, रियाल व सरोज ने ध्यान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को सिखाया और उन्हें अपनी दिनचर्या में उतारने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग ने ध्यान से जुड़ी हुई विभिन्न विधियों को सीखकर उन्हें आत्मसात किया और भविष्य में उन्हें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए रखने की वचनबद्धता दिखाई। शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक सदस्यों को तनावमुक्त रखने के लिए किया गया था। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य उपेंद्र शर्मा के अतिरिक्त प्रो. सुरजीत, प्रो. रविंद्र, प्रो.खुशी, प्रो. शिवानी, प्रो. सुमिक्षल व प्रो.अंशु आदि मौजूद रहे।

### युवाओं को समझाया मतदान का महत्व




द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत में स्वीप कार्यक्रम में मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

**शाहपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के तहत एसडीएम शाहपुर करतार चंद के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी शाहपुर अनिल जरियाल ने अपनी टीम के साथ द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत में युवाओं को मतदान का महत्व समझाया और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान अनिल जरियाल ने युवाओं से कहा कि अपने माता-पिता, परिवारजन व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए, ताकि देश को प्रगति की ओर अग्रसारित किया जा सके। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना-अपना योगदान अवश्य दें, ताकि योग्य प्रत्याशी का चयन किया जा सके।

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया मंथन

**शाहपुरकंडी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की एक विशेष बैठक मोर्चा के स्थानीय कार्यालय में जिला अध्यक्ष ठाकुर गुलजार सिंह की देखरेख में हुई। बैठक में मोर्चे के कई वरिष्ठ पदाधिकारी ने भाग लिया। जिसमें लोकसभा सीट गुरदासपुर से प्रत्याशी ठाकुर दिनेश सिंह बब्बू को भारी मतों से जिताकर लोकसभा में भेजने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एक विशेष योजना के तहत गांव-गांव में नुक्कड़ बैठके करने का फैसला लिया गया ताकि लोगों को भाजपा द्वारा करवाए गए विकास कार्य संबंधी विस्तृत जानकारी दी जा सके तथा कांग्रेस द्वारा किए जा रहे झूठे प्रचार से दूर रहने की अपील की जा सके। इस मौके पर जिला प्रधान ठाकुर गुलजार सिंह के अलावा जिला महामंत्री रणदीप सिंह ढडवाल, अशोक कुमार, नरेश सिंह, त्रिलोक सिंह, सुखदेव सिंह, हरविंदर सिंह एवं हरजीत सिंह के अलावा भारी संख्या में किसान उपस्थित थे

#### भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमल शर्मा व महामंत्री राकेश चौहान ने करवाया मुंह मीठा

# सीडीएस के टॉपर रजत के घर बधाई देने वालों का लगा तांता

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

सीडीएस में देशभर में टॉप करने वाले रजत कुमार कांगड़ा जिले के शाहपुर गोरड़ा के रहने वाले हैं। इस शानदार कामयाबी के बाद रजत के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रजत कुमार बेहद साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। रजत के दादा मथुरा दास शाहपुर में बार्बर की दुकान चलाते थे और रजत के पिता प्रदीप कुमार पोस्टमैन हैं। वह पोस्टल डिपार्टमेंट की भनाला शाखा में कार्यरत हैं, जबकि माता बेबी देवी गृहिणी हैं। रजत का एक छोटा भाई भी है। साधारण परिवार में जन्मे रजत कुमार की प्रारंभिक से प्लस टू की परीक्षा केंद्रीय विद्यालय भनाला में हुई, जबकि स्नातकोत्तर की पढ़ाई राजकीय महाविद्यालय शाहपुर से की है। अहम यह है कि रजत ने इसे पास करने के लिए किसी भी प्रकार की कोई कोचिंग नहीं ली है। वह पिछले एक साल से सेल्फ स्टडी कर रहे थे। रजत के माता-पिता जहां बेटे की इस कामयाबी से बेहद खुश हैं। रजत अब देहरादून में ट्रेनिंग करने के बाद भारतीय सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवाएं देंगे। इस खास मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व भाजपा नेता कमल शर्मा, भाजपा महामंत्री राकेश चौहान और एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से शिल्पा ठाकुर सहित कई लोगों ने रजत के घर पहुंच कर रजत का मुंह मीठा करवाया और समस्त परिजनों को बधाई दी। रजत ने बिना किसी कोचिंग के सीडीएस एग्जाम में देशभर में टॉप करके मिसाल पेश की है। रजत कुमार उन छात्रों के लिए प्रेरणा का काम करेंगे, जो कि संसाधनों के अभाव के बावजूद मंजिल पाने का जज्बा रखते हैं। (अनंत ज्ञान)



शाहपुर गोरड़ा में रजत कुमार को मिठाई खिलाते गणमान्य।

#### सीएम ने दी बधाई

सीडीएस में देशभर में पहला स्थान हासिल करने वाले शाहपुर के रजत कुमार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा निवासी रजत ने देश की अति सम्मानित सीडीएस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है। प्रतिभाशाली युवा रजत की इस उपलब्धि से हर हिमाचलवासी गर्वित है। उन्हें यह कीर्तिमान रचने पर हार्दिक बधाई। प्रदेश सरकार की ओर से रजत के स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं।

### ढलियारा की वंदना को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**रक्कड़।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में बतौर हिंदी की प्राध्यापिका वंदना राणा को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया। उन्होंने अपने शोध विषय मन्नू भंडारी के उपन्यासों में नारी चिंतन के अंतर्गत हमारी आजादी से पूर्व एवं वर्तमान में नारी स्थिति का चित्रण करते हुए अपना शोध कार्य पूर्ण किया। आज यह गर्व का विषय है कि विश्वविद्यालय में भारतीय पुलिस सेवा की सेवानिवृत्त प्रथम अधिकारी, डॉ. किरण बेदी के कर कमलों द्वारा उन्हें यह शोध उपाधि प्रदान की गई। उनकी इस सफलता के लिए बहुत बहुत बधाई।

## बागियों को टिकट देकर भाजपा ने खोई साख: डॉ. गुलेरिया

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ/नूरपुर**

क्षेत्रीय गठबंधन हिमाचल प्रदेश में सम्मिलित नवभारत एकता दल के नेशनल अध्यक्ष पीसी विश्वकर्मा, जनक्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा, भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक, स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक हिमाचल प्रभारी सिंह साहब द्वारा जारी संयुक्त प्रेस बयान में कहा है कि भाजपा ने कांग्रेस से बगावत कर के आए विधायकों को टिकट देकर अपनी साख और पार्टी के उसूलों को तिलांजलि दे दी है।



प्रदेश की जनता इन बागी विधायकों को 1 जून को होने वाले चुनाव में सबक सिखाने के मूड़ में है। उन्होंने कहा कि इन बागी नेताओं के खिलाफ प्रदेश में इतना रोष एवं गुस्सा पहले कभी नहीं देखा गया। क्षेत्रीय दल गठबंधन द्वारा घोषित कांगड़ा लोकसभा के संयुक्त प्रत्याशी डॉ. संजीव गुलेरिया हैं जो कि पूर्व में न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे हैं, वर्तमान में न्यू पेंशन स्कीम रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हैं। गुलेरिया हजारों पेंशन विहीन कर्मचारी व अधिकारी वर्ग के लिए संघर्षरत हैं। जिन सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों का सेवाकाल दस वर्ष से कम है उन के लिए सरकार पर लगातार दबाव बनाए हुए हैं। डॉ. गुलेरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले हिमाचल प्रदेश में आर्थिक हालत खराब होने का और तत्पश्चात आपदा का हवाला देते हुए मामले को खटाई में डाल दिया है। डॉ. गुलेरिया ने कहा कि भाजपा ने बागियों को टिकट देकर अपनी साख खो दी है। डॉ. गुलेरिया ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार जल्द ही दस वर्ष से कम सेवाकाल वाले रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वर्ग को सम्मानजनक पेंशन का प्रावधान करे।

### ढडंब स्कूल में छात्रों ने किया योग

**शाहपुर।** राजकीय प्रारंभिक एवं उच्च विद्यालय ढडंब में छात्रों के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन मुख्याध्यापक जयंत ठाकुर के सानिध्य में किया गया। इसमें आयुष विभाग वेलनेस सेंटर रैत शाखा के डॉ. भवानी के निर्देशानुसार योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक शर्मा एवं अनुराधा शर्मा द्वारा क्रमवार छात्रों को वृक्ष, ताड़ आसन, भस्त्रिका, कपाल भाती तथा बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए भ्रामरी उदगीत जैसे विभिन्न योगासन तथा प्राणायाम करवाए गए, जिसमें बच्चों को स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए खान-पान संबंधी संतुलित भोजन एवं फल तथा हरी सब्जियों तथा साधारण रोगों से बचाव के लिए आयुर्वेदिक एवं घरेलू नुस्खों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया गया। इस दौरान छात्रों को फास्ट और जंक फूड से परहेज करने के लिए प्रेरित किया। उद्यालक शर्मा ने बताया कि योग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का एकमात्र साधन है। इस मौके अवसर पर अध्यापक देवराज, कपिल, अनुराधा, मीनाक्षी, बबीता, अरुणा, संजू,सपना शर्मा मौजूद रहे।

# क्रेडिट कार्ड को अपडेट करने के नाम पर फ्रॉड

### ठगों ने करियाड़ा की महिला के बैंक खाते से उड़ाए 96, 401 रुपए

**शुभम शर्मा, देहरा**

उपमंडल देहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरद्वारा करियाड़ा में एचएफडीसी बैंक से क्रेडिट कार्ड को अपडेट करने के नाम पर एक ऑनलाइन ठग ने एक महिला के बैंक एकाउंट से 96, 401 रुपए लूट कर एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

गांव ठाकुरद्वारा करियाड़ा में ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई अनीता कुमारी पत्नी हरवंश लाल ने पुलिस थाना देहरा में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने यहां एचएफडीसी बैंक में क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए करीब नौ महीने पूर्व अप्लाई किया था जो ठगी होने से एक दिन पहले ही बनकर आया था। लिहाजा क्रेडिट कार्ड बनने के दूसरे ही दिन उपरोक्त पीड़ित महिला अनीता के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति की फोन कॉल आई और उसने अपने आपको एचएफडीसी बैंक का बड़ा अधिकारी बता कर पीड़ित महिला को क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के बारे में एक ओटीपी आने की बात कही।

**ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई महिला ने देहरा पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत**

इस दौरान उपरोक्त पीड़ित महिला अनीता कुमारी ने विश्वास कर लिया कि मेरे क्रेडिट कार्ड बनने के बारे में किसी और को जानकारी भी नहीं है तो हो सकता है कि अभी मेरा क्रेडिट कार्ड शायद अपडेट नहीं हुआ होगा। इसी बात पर यकीन करते हुए पीड़ित महिला अनीता कुमारी ने उपरोक्त बैंक अधिकारी को आया ओटीपी बता दिया। ओटीपी बताते ही उपरोक्त पीड़ित महिला का उसी वक्त बैंक एकाउंट खाली हो गया। पीड़िता ने बताया कि मेरे बैंक एकाउंट से 96, 401 रुपए थे जो कुछ मिनटों में ऑनलाइन निकल गए।

पीड़ित महिला अनीता कुमारी को हैरानी इस बात की है कि उनके क्रेडिट कार्ड बनने का पता केवल उन्हें, उनके परिवार और एचएफडीसी बैंक को था तो ऑनलाइन ठगी करने वाले शातिर गिरोह को इस बारे में कैसे पता चला। यह मामला पुलिस के लिए जांच का विषय है। खबर की पुष्टि करते हुए डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि इस बारे में पुलिस थाना देहरा में शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। (अनंत ज्ञान)

# शिव मंदिर बैजनाथ में बनाया सेल्फी प्वॉइंट

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**संसाल में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए जागरूक किए लोग**

मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत पोलिंग बूथ संसाल में मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नियुक्त नोडल ऑफिसर ने मतदाताओं को जागरूक किया तथा मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

इस मौके पर पंचायत सचिव, प्रधान, उपप्रधान, वार्ड पंच एवं ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी की गई। इस बारे में देवी चंद ठाकुर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलीय नागरिक अधिकारी बैजनाथ ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिव मंदिर बैजनाथ में सेल्फी प्वॉइंट बनाया गया है तथा पार्किंग के बाहर हस्ताक्षर वॉल बनाई गई है। मतदाताओं से अपील है कि सेल्फी लेकर अपनी सोशल मीडिया पेज पर अपनी फोटो जरूर डालें तथा हस्ताक्षर वॉल पर हस्ताक्षर कर दूसरे मतदाताओं को भी जागरूक करें और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें।




### राजनीति कोई व्यापार नहीं: अशोक हिमाचली



**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पंडित अशोक हिमाचली ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह लड़ाई सरकार की नहीं है, यह लड़ाई हिमाचल की जनता और समझदार मतदाता की है, जो बुराई, बेईमानी और भ्रष्टाचार का अंत करने के लिए जानी जाती है। राजनीति कोई व्यापार नहीं है, यह जनसेवा है, कुछ लोग राजनीति को व्यापार समझने वाले जनता के सच्चे हितैषी या सेवक नहीं हैं, कुछ बिके हुए लोग भ्रष्टाचारी बागी और दागी बीजेपी में शामिल होते हैं तो भाजपा उन्हें टिकट देती है। जब ये लोग कांग्रेस में थे तो भ्रष्टाचारी नजर आते थे। अब बागी, दागी और नेताओं के चरित्र भ्रष्टाचारियों का फैसला हिमाचल की पढ़ी-लिखी समझदार जनता व मतदाता ही करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को गिराने का जो प्रयास किया है वह निंदनीय और शर्मनाक था। मुख्यमंत्री के ऊपर हिमाचल प्रदेश की समस्त जनता का आशीर्वाद है। साधारण परिवार से निकले साधारण व्यक्तित्व के धनी मुख्यमंत्री सुक्खू विशिष्ट सूची में शामिल होने वाले देश के पहले एकमात्र मुख्यमंत्री हैं। हिमाचल की जनता को मुख्यमंत्री सुक्खू पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने आपदा के समय अपनी निजी जेब से 51 लाख और कोरोना काल में पूर्व भाजपा की सरकार में 11 लाख रुपए दिए थे।

### मारपीट करने पर मामला दर्ज

**गगल।** गगल के नजदीक गांव चैतड़ू में बुधवार रात पति-पत्नी की मारपीट का मामला गगल पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि गांव चैतड़ू की मोनू देवी ने अपने पति रणजीत सिंह के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करवाया है। मोनू देवी ने अपनी शिकायत में लिखा है कि उसका पति उसे तंग करता रहता है तथा इसके किसी महिला के साथ संबंध हैं। जिस कारण खर्चा भी नहीं देता है और मारपीट करता रहता है। आरोपी रणजीत सिंह के खिलाफ पुलिस ने 498 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र नहीं बल्कि हिडन एजेंडा है: संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और इंडिया एलायंस वित्तीय तथा संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई, धन दौलत, संपत्ति, घर, जमीन जायदाद जब्त करने की फिराक में है। आपकी पैतृक संपत्ति और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मेहनत से बनाए गए सभी संसाधनों को भी हड़पने का सपना देख रही कांग्रेस अपने मकसद को पूरा के लिए इसे पुनर्वितरण का नाम दे रही है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र से यह तस्वीर बिलकुल स्पष्ट झलक रही है कि आम जनता की संपत्ति घर सोना, एफडी कुछ भी सुरक्षित नहीं रहेगा यही कांग्रेस का हिडन एजेंडा है। संजय ने कहा कि देश में लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया के दौरान जहां कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता अन्यत्र स्थानों पर चुनावी रैलियों में वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण करवाने की बात कर रहे हैं, तो कांग्रेस के एक बड़े नेता ने देशभर में ऐसे सर्वेक्षण करवा कर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है। जिससे एक बड़ा मुद्दा देश भर में खड़ा हुआ है कि हमारी पैतृक संपत्ति और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए कड़ी मेहनत से खड़े किए संसाधनों को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन एक पूर्व नियोजित योजना के तहत जप्त करने की फिराक में है।

**सम्मेलन** भाजपा के प्रदेश महामंत्री बोले–33 प्रतिशत आरक्षण देना बड़ा कदम

# मोदी ने महिलाओं को दिया तोहफा: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

महिला मोर्चा मंडल पालमपुर महिला सम्मेलन मंडल की अध्यक्ष रंजना भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर मुख्य अतिथि के रूप में, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी रूकवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रही। त्रिलोक कपूर ने सभी बहनों से एक जून को सभी बूथ पर कमल खिलाने का आह्वान किया, मोदी की नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मोदी जी की हर योजना महिलाओं को लाभान्वित करती है। कपूर ने कहा कि महिलाओं का साथ मोदी के साथ शक्ति के रूप में रहता है। मोदी जी ने बच्ची पैदा होने से लेकर महिला का जब तक जीवन है तब तक अलग-अलग रूप से कई सारी योजनाएं महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई हैं। मोदी ने महिलाओं को तोहफा दिया है। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना बड़ा कदम है। कपूर ने सम्मेलन में हर महिला को संकल्पित किया कि हर महिला अपने-अपने बूथ पर कमल खिलाने के लिए पुरजोर मेहनत करेगी और मोदी जी के अबकी बार 400 पार के नारे को चितार्थ करके बताएंगे तथा कांग्रेस सरकार के झूठे वादों को हर घर में जाकर बेनकाब करेंगी। कांग्रेस द्वारा महिला को 15 महीने पहले कांग्रेस सरकार ने झूठे वादे, दावे करके प्रदेश की सत्ता हथियाई थी इसका बदला लेगी। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, सुदेश अवस्थी, किरण वर्मन, संतोष भट्ट अमिता राणा, रूबी सूद, मीणा नागपाल, किरण भट्ट, लता पटियाल, रेनू कटोच, मोनिका शर्मा, मंडल महामंत्री लता ठाकुर, पूनम शर्मा, नीलम अवस्थी, नम्रता धीमान, तनु कपूर, कमलेश कपूर, सुनीता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पालमपुर में महिला सम्मेलन के दौरान मौजूद त्रिलोक कपूर व अन्य।



## न्यूज ब्रीफ

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

**भरेड़ी।** पंजाब नेशनल बैंक भरेड़ी में मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक लक्ष्मी नारायण काजल की ओर से मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भरेड़ी शाखा प्रमुख दिनेश वालिया, डायरेक्टर पीएनबी आर सेटी हमीरपुर, ब्रांच स्टाफ व सम्मानित ग्राहक जन मौजूद रहे। लक्ष्मी नारायण ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदान समाज के हाशिये पर मौजूद वर्गों को सशक्त बनाता है। उच्च मतदान प्रतिशत लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता और विश्वसनीयता को मजबूत करता है।

### मनित सोनू को भाजयुमो उपाध्यक्ष नियुक्त



बैठक में मौजूद भाजयुमो सुजानपुर के पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता

**सुजानपुर।** भाजयुमो सुजानपुर की बैठक भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभम राणा की अध्यक्षता में हुई। भाजयुमो ने बैठक में विशेष रूप से आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों पर चर्चा की और अनुराग सिंह ठाकुर और राजेंद्र सिंह राणा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आगामी रणनीति बनाई। इस अवसर पर मनित सोनू को भाजयुमो का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज शर्मा, प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री, भाजयुमो महामंत्री सन्नी शुक्ला, सचिव रोहित ठाकुर , जगदीप, मंडल महामंत्री अनिल कौशल आदि उपस्थित रहे।

### केवट पंथ ने निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा



केवट पंथ के लोग प्रभु श्रीराम की शोभा निकालते हुए।

**सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश केवट पंथ कल्याण सभा द्वारा वार्षिक भगवान श्रीराम चंद्र जी की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा सुजानपुर काली माता मंदिर से लेकर सुजानपुर बाजार होते हुए आलमपुर जिला कांगड़ा तक पहुंची। इस शोभा यात्रा में आलमपुर, सुजानपुर, लंबागांव, बगेहड़ा, जंगल बैरी, खैरी, हारसी जयसिंहपुर, सिहोरबाला एवं समस्त हिमाचल के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर ख्वाजा पीर मंदिर में शांति हवन का भी आयोजन किया गया। सभा के राज्य प्रवक्ता ओम प्रकाश आनंद ने बताया कि इस शोभा यात्रा का उद्देश्य केवट पंथ के लोगों द्वारा भगवान राम चंद्र जी को याद किया जाता है। इस मौके पर सभा में कमेटी के भागीरथ, बिहारी लाल, किशोरी लाल जीत, संतोष कुमार, सुनील, विपिन, ओम प्रकाश विजय मनकोटिया उपस्थित थे।

### जनता के हितों की रक्षा करना मेरा दायित्व : लखनपाल



भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल समर्थकों के साथ।

**बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने लोकसभा चुनावों और विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनके लिए बड़सर की जनता एवं प्रदेश हितों की रक्षा करना मेरा प्रथम दायित्व है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा जब वो कर्नाटक में चुनाव प्रचार में कहते हैं कि वह 98 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराकर आएं हैं, तब उन्हें ये क्यों भूल जाता कि उन्हें भी इन 98 प्रतिशत हिंदू विचारधारा की जनता ने ही वोट देकर मुख्यमंत्री बनाया है। उन्होंने यह भी कहा जो झूठे सपने कांग्रेस ने जनता को दिखाए थे वह सब चुनाव जीतने तक ही थे। परंतु अब जनता सब जान गई है और इसलिए हिमाचल की जनता उपचुनाव एवं लोकसभा चुनाव में इसका जवाब जरूर देगी। इस मौके पर विस्तारक रत्तनपाल ठाकुर, राजेश कुमार, जिला परिषद सदस्य करेर वार्ड, संजय बन्याल उपाध्यक्ष, जगन नाथ बन्याल किसान मोर्चा अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### भाजयुमो अध्यक्ष ने युवाओं में भरा जोश




बैठक में युवाओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री।

**हमीरपुर।** प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावों के दृष्टिगत सुजानपुर भाजयुमो मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज उपस्थित रहे। युवाओं को संबोधित करते हुए नरेंद्र अत्री ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ की हड्डी है और रीढ़ की हड्डी मजबूत होगी तो पार्टी मजबूत होगी। तिलक राज ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। दोनो ने युवाओं से आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनावों और विधनसभा उपचुनावों के लिए कमर कस लें और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर जाकर लोगों तक पहुंचाएं। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री सनी शुक्ला, प्रदेश सचिव रोहित ठाकुर, जगदीप शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा आदि उपस्थित रहे।

### 27 अप्रैल को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट रद्द

**सुजानपुर।** उपमंडल सुजानपुर में 27 अप्रैल को रखे गए ड्राइविंग टेस्ट रद्द कर दिया गया है। एसडीएम सुजानपुर डॉक्टर रोहित शर्मा ने बताया कि आगामी तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

# कश्मीर इलाके में कैसे बीमार हुए दो दर्जन से ज्यादा लोग, रहस्य बरकरार

## सीएम के गृह क्षेत्र का मामला, नारलोल और नूग्रांव में अब बीमारी कंट्रोल में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला के कश्मीर इलाके में उल्टी दस्त से पीड़ितों की संख्या में अब कंट्रोल हो गया है, लेकिन बीमारी कैसे फैली ? इसके कारणों का सही-सही पता अभी भी नहीं चल पाया है।

मामला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र का है, इसीलिए तीन दिनों तक पानी की सप्लाई को रोक कर विभाग ने मरलोल और नूग्रांव में लोगों के सभी वाटर स्टोरेज टांकियों को खाली करवाया, उनकी साफ सफाई भी कार्रवाई और अब आज से पानी की सप्लाई बहाल कर दी गई है। कश्मीर पंचायत क्षेत्र में आने वाले इन दो गांव में तकरीबन दो दर्जन लोग जैसे ही उल्टी दस्त की चपेट में आए अफरातफरी का माहौल बन गया, लेकिन गनीमत यह रही कि स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत ही कार्रवाई शुरू कर दी। जल शक्ति विभाग ने भी फौरी कार्रवाई करते हुए पानी के सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए भेजा है।



पंचायत के प्रधान सुरजीत का कहना है कि बीमारी अब कंट्रोल में है दो गांव में ही ज्यादा लोग बीमार हुए थे। बीमारी अब पूरी तरह नियंत्रण में है, लेकिन कैसे फैली ? इसका पता तो सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### सेप्टिक टैंक खाली करने को लेकर चर्चा

**पास** में बहने वाली जिस खड्ड पर उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना है, उसका पानी इलाके के तकरीबन एक दर्जन गांवों में सप्लाई किया जाता है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक केवल 19 लोग ही इस बीमारी की गिरफ्त में आए, लेकिन कई लोग निजी चिकित्सालय में भी इलाज करवाते रहे हैं। इस खड्ड पर जहां यह योजना बनाई गई है, उस स्थान से तकरीबन दो-तीन किलोमीटर ऊपर प्रवासी लोगों की झुग्गियां भी हैं। इनका भी खड्ड के पानी पर असर पड़ा होगा। किसी व्यक्ति द्वारा सेप्टिक टैंक खाली करने को लेकर भी चर्चा है। लेकिन अभी यह क्लेरिटी नहीं है कि पानी दूषित हुआ तो हुआ कैसे?

### क्या कहते हैं अधिकारी

**इधर** गलोड़ के वीएमओ डॉक्टर अरविंद कौंडल का कहना है कि अब स्थिति सामान्य हो गई है पानी किस सैंपलों की रिपोर्ट अभी उनके पास नहीं पहुंची है। इधर सीएमओ डॉक्टर आरके अग्निहोत्री ने बताया कि रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। वे दो दिन हमीरपुर में नहीं थे, इसलिए मुकम्मल जानकारी मिलने के बाद ही बता पाएंगे।

# शहर के 9 निजी पार्किंग मालिकों को नोटिस

## रजिस्ट्रेशन करवाने को पार्किंग में सुविधाओं का मांगा ब्यौरा, सालाना 5000 फीस के साथ होगी रजिस्ट्रेशन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

शहर में बेकायदे चल रहीं निजी पार्किंग पर शिकंजा कसने के लिए नगर परिषद ने नौ लोगों को नोटिस जारी किए हैं। उन्हें पार्किंग में सुविधाओं का पूरा ब्यौरा देने और रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए भी कहा गया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि इस बाबत वे जल्दी रिप्लाई करें।

परिषद ने रजिस्ट्रेशन के लिए ₹5000 सालाना फीस भी इसके लिए रखी है। शहर में निजी पार्किंग को लेकर सुविधाओं से लेकर लिस्ट पर भी कई सवाल खड़े हुए हैं इसीलिए ढांचागत व्यवस्था करने के लिए परिषद में यह शुरुआत की है।

शहर के मध्य और आसपास के इलाकों में एक दर्जन के करीब निजी पार्किंग हैं। परिषद ने उनके आंकड़े जुटाकर उनकी व्यवस्था को स्ट्रीमलाइन करने का बीड़ा उठाया है क्योंकि कुछ ऐसी पार्किंग है जिनमें बहन चालकों की मजबूरी का फायदा उठाकर पार्किंग चलने वाले मालिक मनमाने रेट वसूल रहे हैं रीजनल अस्पताल के आसपास इस तरह की शिकायतें पिछले काफी समय से आ रही हैं जहां पर वाहनों की आवाजाही काफी ज्यादा रहती है।



दरअसल में निचले क्षेत्र में कुछ पार्किंग मलिक मनमानी के रेट वसूल कर रहे हैं वह वाहन चालकों को दोनों हाथों से लूट रहे हैं यही सबसे बड़ी समस्या है नगर परिषद को ऐसी शिकायतें भी आए हैं अब जिला प्रशासन ऐसी पार्किंग पर नगर परिषद इस वजह से व्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ने लगी है।

इधर नगर परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर का कहना है कि नोटिस जारी कर दिए गए हैं। अगले सप्ताह तक यदि जवाब नहीं आया रजिस्ट्रेशन नहीं करवाई तो फिर परिषद अगली कार्रवाई अमल में लेगी। (अनंत ज्ञान)

- रेट अप्रूव करवाने होंगे सेफ्टीमैयर लगाने होंगे लाइसेंस फीस हर साल परिषद को देनी होगी, एरिया का नक्शा देना होगा

### शहर की प्राइवेट पार्किंग में नहीं लगी है रेट लिस्ट

**शहर** में प्राइवेट पार्किंग जहां-जहां हैं उनमें कहीं भी रेट लिस्ट नहीं हैं। कितने समय के लिए कितने पैसे लिए जाएंगे। पर्ची दी जाएगी या नहीं। इस तरह की व्यवस्था है नहीं। जहां मजबूरी है, वहां परे 50 से ऊपर तक रेट वसूल किया जा रहे हैं। चाहे कुछ देरी के लिए पार्किंग वाहन चालक को लेनी हो। यही सबसे बड़ी समस्या है। डीसी ऑफिस के आसपास और नगर परिषद की जहां-जहां भी पार्किंग हैं उनमें रेट लिस्ट तय की गई है, इसीलिए शहर की सभी जगह में मौजूद पार्किंग में रेट लिस्ट अप्रूव करवानी होगी उसके बाद ही पार्किंग चल सकेगी। यदि निजी पार्किंग बलों ने इसमें लापरवाही बरती तो फिर नगर परिषद नियमों के तहत कार्रवाई करेगी।

### चीड़ की पत्तियों पर स्किड हुई स्कूटी, व्यक्ति की हालत गंभीर

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत आते लज्याणी के पास चीड़ की पत्तियों पर स्कूटी स्किड होने पर व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। पुलिस के अनुसार संदीप कुमार पुत्र रणजीत सिंह उम्र 37 वर्ष गांव मैरा ककरोल बुधवार शाम 7 बजे के करीब रिश्तेदारों के घर से वापस बस्सी से वाया लज्याणी अपने घर आ रहा था कि लज्याणी के पास जंगल में चीड़ की पत्तियों के ऊपर से स्कूटी स्किड होने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी राहगिर ने घायल अवस्था में उसे भोरंज अस्पताल लाया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया है। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज योग राज चंदेल ने दी है।

### लोकसभा चुनावों के लिए सुनील दत्त को सात पंचायतों का प्रभार

**नादौन।** पूर्व बीडीसी चेयरमैन सुनील दत्त (बिट्टू) को लोकसभा चुनावों के मद्देनजर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें ग्वालपथर, धनेटा, भदरुं, मनसाई, बेहरड़, जसाई व हथोल पंचायतों का प्रभारी लगाया गया है। लोकसभा चुनाव में इन पंचायतों में कांग्रेस पार्टी को लीड दिलाने के लिए बिट्टू बूथ स्तर पर कार्य करेंगे। बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी तरह निभाने का प्रयास करेंगे।



### राष्ट्रीय बास्केटबॉल स्पर्धा में टौणी देवी के अनुराग का चयन

**टौणीदेवी।** अंडर 17 स्कूली छात्र बास्केटवॉल में टौणी देवी स्कूल के छात्र अनुराग डोगरा का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुआ है। जानकारी के अनुसार अनुराग दसवीं कक्षा का छात्र है। अनुराग डोगरा पुत्र विनोद कुमार 27 से 30 अप्रैल तक हरियाणा के गुरुग्राम में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसके लिए उसने तैयारी कर ली है। अनुराग दरोगन गांव के निवासी है। इससे पहले वह अंडर.14 में भी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुका है। अनुराग के पिता टौणी देवी में दुकान करते हैं।



### राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अच्छे खिलाड़ियों के लिए विशेष अवसर

**हमीरपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र हमीरपुर के सहायक निदेशक मनोज आवटी ने बताया कि खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम के माध्यम से जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान की जा रही है। राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र हमीरपुर के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन 29 अप्रैल से एक मई 2024 तक होने जा रहा है। उन्होंने सभी स्कूलों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## भूंपल के पास ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के भूंपल कस्बा के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से चालक की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक 35 वर्षीय युवक संदीप कुमार पुत्र रमेश चंद निवासी गांव घरट्टू बूणी ट्रैक्टर लेकर जा रहा था कि अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे आ गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर लोगों ने चालक को कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे से निकाला और उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे चार वर्षीय बेटा, पत्नी, भाई व माता-पिता को छोड़ गया है। संदीप ट्रैक्टर की सर्विस करवाकर रात को वापस अपने घर जा रहा था कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

एडिशनल एसपी राजेश शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि खबर मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### युवक से 1.98 ग्राम हेरोइन बरामद

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत पुलिस ने रैल क्षेत्र के गांव गरडू के तरुण कुमार से 1.98 ग्राम हेरोइन पकड़ी है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने गश्त पर थी और तरुण कुमार रैल चौक के पास एक मोटरसाइकिल पर आ रहा था। पुलिस को देखकर उसने भागने की असफल कोशिश की। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1.98 ग्राम हैरोइन बदामद की।

एडिशनल एसपी हमीरपुर राजेश शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# नैक पीयर टीम ने हमीरपुर कॉलेज प्रबंधन के प्रयासों को सराहा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल महाविद्यालय हमीरपुर में नैक पीयर की पांच सदस्यीय टीम ने दो दिन तक दौरा कर 30 प्रतिशत मूल्यांकन किया।

नैक पीयर टीम में टीम की अध्यक्ष डॉ. तनुजा मजूमदार प्रो. हिंदी विभाग प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय कोलकाता, समन्वयक डॉ. सतिंद्र कौर प्रो. जूलॉजी विभाग क्लस्टर यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, डॉ. गुरुनाथ जे फगारे प्रिंसिपल, किसान वीर महाविद्यालय महाराष्ट्र और भोरंज कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर प्रधानाचार्य, उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा नामित सदस्य उपस्थित थे। हमीरपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने बताया कि कॉलेज का 70 प्रतिशत मूल्यांकन पहले ही कॉलेज द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर किया गया था और 30 प्रतिशत मूल्यांकन नैक पीयर की टीम के दौरे में किया है। पहले दिन कॉलेज के प्राचार्य के पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के साथ मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पीपीटी के बाद आईक्यूएसी टीम ने अपनी प्रस्तुति दी।

इसके बाद आईक्यूएसी डाटा का मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया। इसके बाद विभागों की प्रस्तुतियां दी गई और फिर विभागों का दौरा किया गया। इसके बाद टीम ने कॉलेज में पारंपरिक हिमाचली धाम का स्वाद चखा।

इसके बाद टीम ने ओएसए के सदस्यों और पीटीए पदाधिकारियों के साथ बैठक की चर्चा की। शाम के समय कॉलेज के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान टीम ने कॉलेज प्रबंधन के प्रयासों को सराहा। टीम ने कॉलेज के बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल का दौरा भी किया। दौरे के अंत में एनएएसी पीयर टीम ने कॉलेज के कर्मचारियों के साथ एक एग्जिट मीटिंग की।



नैक पीयर की टीम कॉलेज के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ बैठक करती हुई।

## हादसों का डर, स्कूल के पास सड़क में स्पीड ब्रेकर लगाने की उठी मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के स्थानीय विद्यालय के गेट के पास चैराहा होने के कारण इस स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। सड़क के बिलकुल किनारे पर स्कूल का गेट है और छुट्टी के समय जिस तरह से बच्चे सड़क पर भागते हैं उससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती हैं।

बिडंबना इस बात की हैं कि स्कूल के गेट के पास वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए यहां किसी भी प्रकार के गति अवरोधक नहीं लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई गई, लेकिन उस मांग को आज दिन तक किसी न भी कोई तब्बजो नहीं दी।

स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग को अति शीघ्र इस स्थान पर गति अवरोधक लगाने की मांग की हैं, ताकि इस स्थान पर जो हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती हैं उससे निजात मिल सके। इस बारे में ग्राम पंचायत बड़ा की प्रधान सरिता देवी का कहना हैं कि लोगों की इस मांग को ध्यान रखते हुए पंचायत द्वारा अतिशीघ्र प्रस्ताव डाल कर इस स्थान पर लोक निर्माण विभाग से सड़क. पर स्पीड ब्रेकर लगाने का आग्रह किया जाएगा।

## निजी स्कूल के शिक्षकों को वेतन न देने पर उपनिदेशक ने भेजा नोटिस

### सामाजिक कार्यकर्ता ने शिकायत पत्र सीएम और शिक्षा मंत्री को भेजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहर में गांधी चौक पर स्थित एक निजी स्कूल के प्रधानाचार्य शिक्षकों को वेतन न देने का मुददा जोर पकड़ता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता ने निजी स्कूल के शिक्षकों को वेतन न देने पर उच्च शिक्षा उपनिदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की आग्रह किया है।

वहीं यह पत्र मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को भी भेजा है। उच्च शिक्षा निदेशक को भेजे गए पत्र में लिखा है कि पिछले चार महीनों से शिक्षकों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य के उदासीन रवैये के कारण स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों को अत्यधिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

यहीं नहीं स्कूल प्रबंधक प्रदेश में अपनी सरकार होने का रोव दिखा रहा है और सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उच्च शिक्षा निदेशक से स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति पूंजी को तुरंत कब्जे में लेने और स्कूल के शिक्षकों के बैंक खातों का विवरण के जांच करने की मांग की है।

इस बारे में उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि स्कूल प्रबंधक को शिक्षकों को वेतन जारी करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। यदि फिर भी वेतन नहीं दिया जाता तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शॉपिंग कॉप्लैक्स की ऊपरी मंजिल में बैठने के लिए बने स्थान की अनदेखी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहर के महर्षि दयानंद चौक के साथ बने शॉपिंग कॉप्लैक्स की ऊपरी मंजिल में लोगों को बैठने के लिए बनाया गया स्थान लगातार अनदेखी का शिकार हो रहा है। हालांकि सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने लोगों के बैठने के लिए लगभग एक दर्जन बैंच लगाए हैं, लेकिन उनका कोई फायदा नहीं हो रहा है।

यहां पर टंकियां यहां-वहां फैंकी हुई हैं, वहीं लोगों के बैठने के लिए लगाए गए बैंच आड़े तिरछे करके या फिर आमने-सामने ही जोड़ दिए गए हैं, जिन पर ज्यादातर लड़के-लड़कियां दिन भर बैठे नजर आते हैं। क्योंकि यहां पर बैठे लोगों पर किसी की नजर भी नहीं पड़ती है। हालांकि जिला प्रशासन ने इसे सुंदर तरीके से बनाकर शहर में आने वाले लोगों के लिए विश्राम का केंद्र बनाया था, ताकि शहर में काम करवाने आने वाले लोग फ्री टाइम में यहां पर आराम से बैठ सकें। शहर में गांधी चौक के अलावा और कहीं बैठने की उचित व्यवस्था नहीं थी।

उसके मद्देनजर ही कॉप्लैक्स की छत्त पर बैठने के लिए उचित प्रबंधन किया गया था। इसके लिए एक दर्जन के करीब नए बैंच लगाए गए थे, जोकि आजकल अनदेखी का शिकार हो रहा है।

शहर के लोगों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस कॉप्लैक्स का जिम्मा नगर परिषद हमीरपुर को सौंपा जाए, ताकि गांधी चैक हमीरपुर की तरह इस कॉप्लैक्स की भी सूरत बदल सके और यह स्थान लोगों के बैठने के लिए सही मायने में प्रयोग आ सके। नगर परिषद हमीरपुर शहर को सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है, लेकिन यहां की सुध कोई नहीं ले रहा

**तैयारी** | 25 अप्रैल तक मेला ग्राउंड को खाली करने की दी थी चेतावनी, नहीं हुआ असर

# होली मेले में लगी दुकानों को हटाएगा प्रशासन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के चैगान में जारी होली में सजी दुकानों को उठाने के लिए दुकानदारों को 25 अप्रैल तक का समय दिया गया था, लेकिन दुकानदारों ने अभी तक दुकानों को नहीं हटाया है।

प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी का चौगान को खाली करने का यहां पर जमे हुए दुकानदारों पर कोई असर नहीं हो हुआ है। आलम यह है कि कई दुकानदारों ने अपनी पैकिंग भी शुरू नहीं की है। राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव को समाप्त हुए पूरा एक माह बीत चुका है, लेकिन बावजूद इसके दुकानदारों ने अपनी दुकानदारी सजा रखी है। प्रशासन ने पहले 20 अप्रैल तक मेला ग्राउंड खाली करने की निर्देश दिए थे, लेकिन दुकानदारों ने काम न होने तथा मेला के दौरान बारिश होने का हवाला देकर इसे बढ़ाने की अपील की थी।

जिस पर प्रशासन ने मेला की अवधि को 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया था। अब प्रशासन का कहना है कि 26 अप्रैल से मेला ग्राउंड को खाली करने के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा का कहना है कि प्रशासन द्वारा पहले भी मेला ग्राउंड दुकानदारों को खाली के लिए कहा गया है। अब प्रशासन द्वारा बाय फोर्स दुकानदारों को यहां से हटाया जाएगा।



सुजानपुर के चौगान में लगी दुकानों का दृश्य

### 23 से 26 मार्च तक हुआ था मेले का आयोजन

सुजानपुर के राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला आधिकारिक रूप से चार दिनों तक चला था। यह मेला 23 मार्च को शुरू होकर 26 मार्च को समाप्त हो गया था। प्रशासन ने मेला में दुकान लगाने के लिए 20 अप्रैल तक की मोहलत दुकानदारों को दी थी। जिसे बाद में 25 तक बढ़ा दिया गया था। अब जबकि 25 अप्रैल तक की दी गई मोहलत भी समाप्त हो गई है फिर भी दुकानदार यहां से जाने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## चुनाव कर्मियों को दी मतदान प्रक्रिया की जानकारी

**हमीरपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए एक जून को विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले हमीरपुर, भोरंज और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों का पहले दौर का पूर्वाभ्यास हुआ। इस दौरान चुनाव कर्मियों को ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली से भी अवगत करवाया गया। हमीरपुर में बहुतकनीकी महाविद्यालय के सभागार में एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी किसी भी तरह की शंका की स्थिति में मास्टर ट्रेनरों से मार्गदर्शन लें।

**भरेड़ी।** भोरंज (एससी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तैनात मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में हुई, जिसमें 200 कर्मचारियों व 10 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया।

**सुजानपुर।** विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर में पहली रिहर्सल का आयोजन एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। रिहर्सल में लगभग 700 कर्मचारियों और अधिकरियों ने भाग लिया जिसमें लगभग 70 महिला कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# कला व संस्कृति इतिहास के स्तंभ, मिटने पर माफ नहीं करेगी आने वाली पीढ़ियां

**अनिल शर्मा, मंडी**

कला, संस्कृति इतिहास के स्तंभ हैं, इनके मिटने पर आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। अतीत को भूला कर भविष्य को संवारा नहीं जा सकता है।

यह बात होस्ट एंकर सीरीज के पांचवें एपिसोड में होस्ट एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में हिमाचल गौरव वरिष्ठ छायाकार बीरबल शर्मा ने कही। विकास पहाड़ के स्वभाव के अनुरूप होना और पर्यावरण के दृष्टिगत होना चाहिए, यदि इसके विपरीत कार्य करेंगे तो जैसी आपदा गत वर्ष आ चुकी है उससे अधिक घातक आपदा सिर उठाए खड़ी हो जाएगी।

बीरबल शर्मा ने कहा कि एक समय की बात है कि पंजाब, हरियाणा के राज्यपाल सुरेंद्र पाल का हवाई जहाज क्रैश हो गया, हम उस समय सीएम वीरभद्र के कार्यक्रम को कवर कर रहे थे। किसी ने मेरे कान में कहा कि हवाई जहाज क्रैश हो गया है। हम उसी समय दुर्घटना स्थल सेरी नाला की ओर रवाना हो गए। वहां पहुंचने के लिए जंगल का रास्ता नापना पड़ा, कीचड़ से होते हुए वहां पहुंचे तो सारी घटना को कैमरे में कैद कर लिया। उस समय फैक्स के माध्यम से ही काम चलता था, मंडी पहुंचने पर रात डेढ़ बजे फोटोग्राफ भेजे गए। (अनंत ज्ञान)

एपिसोड 5 — अनंत ज्ञान स्पैशल



होस्ट एंकर सीरीज में बोले हिमाचल गौरव बीरबल शर्मा।

### काला पानी संधोल की समस्याएं की उजागर

**बीरबल** शर्मा ने कहा कि वर्ष 1985 में पत्रकारिता का रास्ता चुना। वर्ष 1994 को लेखराज वैद्य के साथ कालापानी कहे जाने वाले मंडी जिला के संधोल में जाने का निर्णय लिया। उस समय केवल मंडी तक सड़क जाती थी, उसके बाद पैदल सफर तय किया गया। वहां बक्कर खड्ड पार करने में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को पता चला कि मंडी जिला में काला पानी कहे जाने वाले क्षेत्र भी हैं। ऐसे में उन्होंने बक्कर खड्ड पर एक पुल का शिलान्यास किया, यकीन मानिए डेढ़ साल में पुल बनकर तैयार हो गया।

### इन स्थलों पर पहुंचे हैं पैदल

हिमाचल जैसे प्रदेश का भ्रमण कोई एक जन्म में कर ले यह संभव नहीं है। 55,673 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस प्रदेश में जहां किसी खास महत्व वाले स्थल तक जाने के लिए कई दिन लग जाते हैं, खतरनाक रोमांचक दर्रों को पैरों से नापने के लिए कई बार सांसें थम जाती हैं, बर्फानी ठंडी हवाएं खून जमा देती, होंठ सूख जाते हैं, पांव छलनी हो जाते हैं, बड़ा भंगाल, डोडरा क्वार, पांगी, गरवीं दरैहट, श्रीखंड महादेव, किन्नर कैलाश, नीलकंठ महादेव, मणिमहेश, दयौहर, भृगु, चंद्रताल, खीर गंगा, मानतलाई, सरयोलसर, पार्वती घाटी, चंद्रनाहन, पब्बर घाटी, भूवू जोत, चांसल दर्रा, थमसर जोत, साच पास, बसलेउ जोत जैसे कई ऐसे स्थल हैं जो अब भले ही सड़क मार्ग से जुड़ गए हों, मगर पहले तो यहां पहुंचने के लिए कई कई दिन कठिन पैदल यात्रा करनी पड़ती थी।

### हमारा जुनून आया लोगों के काम

**बीरबल** शर्मा ने कहा कि डोडरा क्वार पहुंचने के लिए हमें सात-आठ दिन लगे। वहां जाने पर पता चला कि लोग बहुत अभाव में रहते हैं। वहां न बिजली थी न पानी था और न ही सड़क सुविधा थी। इसके बाद बड़ा भंगाल, श्रीखंड कैलाश, पांगी भरमौर गए। वहां के हालात बहुत ही खराब थे, जिस भी अधिकारी या कर्मचारी को वहां भेजा जाता था, वह वहां जाते ही नहीं थे। सबकी समस्याओं का उजागर कर सरकार के समक्ष लाया गया। जीवन में कए सुकून मिला कि हमारा जुनून लोगों के काम आने लगा है, लोगों को सुविधाएं मिलनी लगी हैं।

### पुरस्कार मिलना जिम्मेदारी का बढ़ना है

बीरबल को दर्जनों पुरस्कार मिल चुके हैं। आज के समय में पुरस्कार खरीदकर भी लिए जा रहे हैं। असल बात तो धरातल पर काम करने की है, जब भी कोई पुरस्कार मिलता है, तो उस काम को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी कंधों पर आ जाती है। 24 अप्रैल, 1997 को हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी की स्थापना की थी और उसके बाद यह दूसरी बार उजड़ने का दंश झेलने लगी है।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर परिषद की गाड़ियां करेंगी मतदाताओं को जागरूक



**सुंदरनगर।** स्वीप टीम सुंदरनगर द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा द्वारा नगर परिषद सुंदरनगर की गाड़ियों में मतदाता जागरूकता के गीत चलाकर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाते हुए एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग करें तथा विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी शिव सिंह वर्मा, इलेक्शन नायब तहसीलदार सुनील कुमार, डॉ. रितेश आदि उपस्थित रहे।

### जोगिंद्रनगर में एकलव्य अकादमी का सत्र शुरू

**जोगिंद्रनगर।** एकलव्य अकादमी में सत्र 2024-25 शुरू हो गया। इस अवसर पर



अकादमी निदेशक खुशबू शर्मा ने बताया कि अकादमी में कक्षा पहली से बारहवीं कक्षा के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाई जाएगी और इसके अलावा नवोदय, सैनिक स्कूल, अग्निवीर, आर्मी क्लर्क, होम गार्ड, पटवारी, फॉरेस्ट गार्ड, सब इंस्पेक्टर, पुलिस कडेक्टर, जेओ आईटी, नेट पोल साइंस, एलाइड आदि विषयों की कोचिंग दी जाती है। अकादमी में अनुभवी अध्यापकों बच्चों को पढ़ाते हैं।

### बाग व खलारडू पंचायतों में जागरूक किए मतदाता

**सरकाघाट।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया विधानसभा क्षेत्र की बाग पंचायत के बूथ नंबर 32 व खलारडू पंचायत के बूथ नंबर 33 में विविध गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें सैल्फी और स्लोगन के माध्यम से लोगों को मतदान के बारे में अवगत करवाया गया। नोडल ऑफिसर स्वीप सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र कर्मसिंह ने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया।

### 27 को जगराता और 28 को होगा विशाल भंडारा

**मंडी।** सदर क्षेत्र के कठवाड़ वीर तुंगल में माता नैना उग्रतारा के मंदिर में 27 अप्रैल को जागरण का आयोजन होगा। 28 अप्रैल को विशाल भंडारा लगाया जाएगा, जिसमें हजारों लोग भंडारे को प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे। यह जानकारी माता नैना उग्रतारा के पुजारी हरीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 19 व 20 अप्रैल को माता का जन्म दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस मर्तबा कुछ व्यवधान पैदा हो जाने से जगराता और भंडारा देरी से करने का फैसला मंदिर कमेटी द्वारा लिया गया। माता का जन्म दिवस 19 अप्रैल को मना लिया है।

### सिराज कांग्रेस ने पंडोह में की बैठक

**पंडोह।** सिराज कांग्रेस के प्रभारी रमेश चौहान ने मंडल कार्यकारिणी व बूथ अध्यक्षों के साथ सभी फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन के कांग्रेसियों की यहां हुई बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए दिन रात समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने एकजुटता के साथ कार्य करने की अपील की है। वहीं 29 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी का केलोधार में जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया गया।

### दुकान के बाहर कूड़ा फैलाने पर काटा चालान

**मंडी।** नगर निगम मंडी के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर ग्रहण लगाते कुछ लोगों के चालान काट उन्हें दोबारा कूड़ा न फैलाने की चेतावनी दी। नगर निगम की टीम ने सनयारडी वार्ड नंबर 6 का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस मौके पर उनके साथ पार्षद भी मौजूद रहे। रानीबाई में दुकान के बाहर कूड़ा-कर्कट फैलाने वालों के चालान काट कर उन्हें सफाई नियमों के पालन की हिदायत दी गई। गौर हो कि कुछ लोग त्रिलोकीनाथ मंदिर के पास मौका देखकर ब्यास नदी में कूड़ा फेंक देते हैं, तो कुछ लोग खड़ा रा बंगला के पास कूड़ा सुकेती खड्ड के पास फेंकते हैं। इन दोनों ही जगहों पर कूड़ा फेंकने वाले मौके पर पकड़े नहीं गए हैं, जिस कारण सफाई के दुश्मनों के हौसले बुलंद हैं।

### अफीम के 100 पौधे बरामद, मामला दर्ज

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना की पुलिस चौकी सलापड़ की पुलिस टीम ने जडेर निवासी एक व्यक्ति के खेत में लगाए अफीम के 100 पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले के आरोपित अनूप कुमार निवासी जडेर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुरुकुल स्कूल में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

**जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल झलवान में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन से हुई। स्कूल प्रधानाचार्य सतीश ठाकुर ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए वीरवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार जोगिंद्रनगर से आए आचार्य सुमेंद्र ठाकुर द्वारा स्कूल परिसर में नव कुंडी यज्ञ का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल पब्लिक स्कूल के निदेशक विशाल अवस्थी तथा उनकी धर्मप ी नीतू अवस्थी यजमान के रूप में उपस्थित हुए।

# 572 कर्मियों ने सीखी चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, गोहर**

लोकसभा चुनाव के लिए नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल वीरवार को संपन्न हो गई। इस चुनावी रिहर्सल में 572 मतदान कर्मियों तथा 14 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया।

दूसरी चुनावी रिहर्सल आगामी 22 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तैनात मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल महाविद्यालय बासा के प्रांगण में पूरी हुई।

इस चुनावी रिहर्सल में कुल 572 मतदान कर्मियों एवं 14 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें पीआरओ, 121 एपीआरओ और पीओ शामिल रहे।

इस दौरान 20 महिला मतदान कर्मियों ने भी भाग लिया, जिसमें पांच पीआरओ व पांच एपीआरओ तथा 10 पीओ मतदान महिला कर्मी शामिल रहीं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो मतदान केंद्र ऐसे स्थापित किए जा रहे हैं जिनका संपूर्ण संचालन महिला मतदान कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा, जबकि सुरक्षा कर्मी के तौर पर भी महिलाएं ही तैनात रहेंगी। इस दृष्टि से महिला मतदान कर्मियों की भी इस चुनावी रिहर्सल में शामिल किया गया।

इसके अलावा आठ युवा मतदान कर्मी जिसमें दो पीआरओ, दो एपीआरओ तथा चार पोओ युवा कर्मियों ने भाग लिया। चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार नाचन विधानसभा क्षेत्र में एक युवा यूथ भी स्थापित किए जाएगा, जिसमें युवा मतदान कर्मी मतदान करवाएंगे। इस मौके पर तहसीलदार गोहर संत राम, नायब तहसीलदार इंदर सिंह, खंड विकास अधिकारी अशोक गौतम उपस्थित रहे।



चुनावी प्रक्रिया की बारीकियां सिखते कर्मी।

### सुंदरनगर में कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल का दूसरा चरण संपन्न

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल का दूसरा चरण संपन्न हो गया। इस चुनावी रिहर्सल में सुंदरनगर क्षेत्र से संबंध रखने वाले कुल 437 मतदान कर्मियों जिनमें 122 पीआरओ, 115 एपीआरओ और 200 पीओ ने भाग लिया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि सुंदरनगर निर्वाचन क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तैनात मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल दो चरणों में पूर्ण की जाएगी। इस दौरान सभी उपस्थित मतदान कर्मियों को पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तमाम मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### फार्म 12-डी भरकर कर्मी कर सकेंगे मतदान

**करसोग।** आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में शामिल कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के लिए बैठक का आयोजन सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। राजकुमार ने कहा कि आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मियों को फॉर्म 12-डी के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उन्हें फार्म 12-डी भरकर 2 मई तक सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना होगा।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम।

# नाबालिगों का विवाह गैर जमानती अपराध : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकने व बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रति जागरूक करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम स्वाति डोगरा ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति तथा गैरकानूनी है। इसकी रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के साथ-साथ समाज में जागृति लाने की आवश्यकता है।

बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है और नाबालिगों द्वारा किया विवाह गंभीर और गैर-जमानती अपराध है। बाल विवाह करवाने या बढ़ावा देने में सहायक व्यक्तियों को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकता है।

एसडीएम ने कहा कि बाल विवाह होने की सूरत में संबंधित अभिभावकों, संलिप्त मैरिज हॉल, पंडित, मौलवी, अभिभावक, रिश्तेदार आदि भी अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा उनको भी कड़ी सजा व जुर्माने का प्रावधान है। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सरकाघाट अनीता शर्मा ने बाल विवाह पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह के कारण और परिणाम के बारे में भी अवगत करवाया। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता शर्मा, ब्लॉक एलिमेंटरी एजुकेशन आफिसर नीलम कुमारी, विवाह अनुष्ठान हेतु जिम्मेदार व्यक्तियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिकअप गाड़ी के टायर ले उड़े चोर

**करसोग।** कुट्टी के पेट्रोल पंप के समीप ऐसी ही घटना देखने को मिली है, जब चोरों ने खड़ी नई पिकअप के टायर चोरी कर लिए। गाड़ी मालिक का कहना है कि वे रात को अपनी गाड़ी खड़ी करके चले गए, लेकिन सुबह अचानक सूचना मिली कि गाड़ी का टायर गायब हैं।

वहीं जगदीश ने बताया कि करसोग कुट्टी-पेट्रोल पंप के साथ जगदीश बॉडी मेकर में किसी शरारती तत्वों ने बोलेरो गाड़ी के फ्रंट के दोनों टायर चुरा लिए हैं, वहीं थाना प्रभारी करसोग मोहन जोशी ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

### श्री नाग धमुनी का ठीरशु मेला संपन्न



**करसोग।** सयांज बगड़ा का श्री नाग धमुनी का दो दिवसीय ठीरसू मेला संपन्न हो गया। समापन समारोह में समाजसेवी मान सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेले व खेलें हमारी संस्कृति में भाईचारे का अच्छा मिलन है।

## पूर्वाभ्यास के चलते अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट पेपर से किया मतदान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर मतदान अधिकारियों का चुनावी पूर्वाभ्यास वीरवार को राजकीय सहस्राब्दि बहुतकनीकी संस्थान सरोल के सभागार में संपन्न हुआ।

रिहर्सल कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने चुनाव अधिकारियों को अपने दायित्व को पूरी गंभीरता से निभाने और चुनाव आयोग की दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करने को कहा।

उन्होंने कहा कि चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाये जाने वाले सभी पहलुओं से अवगत करवाना है ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इस दौरान एसडीएम चम्बा की निगरानी में स्थापित किए गए डमी पोलिंग स्टेशन के माध्यम से मतदान अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान भी किया।

चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पुरुष, महिला, दिव्यांग व युवा चुनाव अधिकारियों सहित लगभग 600 चुनाव अधिकारी ने हिस्सा लिया।

## विक्रमादित्य का नाचन का दौरा फ्लॉप : विनोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नाचन विधानसभा में विक्रमादित्य सिंह का दौरा पूर्ण रूप से फ्लॉप रहा है। यह बात भाजपा सह प्रभारी और नाचन विधायक विनोद कुमार ने भाजपा मीडिया केंद्र में कही। उन्होंने कहा कि चलो भाजपा की तरफ से तो यह कहा जाता था कि बड़ा पप्पू वहां है और छोटा पप्पू यहां है लेकिन आज तो कांग्रेस पार्टी के लोगों ने ही इस बात पर मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि नाचन दौरे के दौरान संबोधन में लाल सिंह ने कहा कि बड़े पप्पू दिल्ली में राहुल गांधी है और छोटे पप्पू विक्रमादित्य सिंह हिमाचल में है इस बात पर उन्होंने मुहर लगाने का काम किया है।

उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि मंडी के साथ प्रदेश कांग्रेस सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है क्योंकि मंडी में निर्माणाधीन शिव धाम का पैसा हमीरपुर-नदौन में ले जाकर डायवर्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार को 8 बार सांसद बनाकर मंडी से भेजा उसने भी कभी इस प्रोजेक्ट की बात नहीं की जिससे यह साफ पता चलता है कि यह परिवार मंडी का हितैषी नहीं है।

उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के बजाए कांग्रेस के लोगों ने अपने चहेतों को मदद दिलाई और गरीब बेचारा देखता रह गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने केंद्र सरकार से पैसा तो बहुत लिया लेकिन धन्यावाद नहीं किया।



विक्रमादित्य के नाचन दौरे पर अपना बयान देते हुए नाचन विधायक विनोद कुमार।

## फसलों को चट कर रहे पशु सरकार नहीं कर रही कोई प्रबंध

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

सुंदरनगर तहसील के महादेव, बैहली, घांघल, कनैड़, अप्पर बैहली, पलौहटा, भराड़ी आदि अनेक गांवों में बेसहारा पशुओं का आतंक है। गेहूं, मटर व अन्य सब्जियों को तो भारी हानि पहुंचाई ही है अब टमाटर की फसल पर आफत आ गई है। महादेव के युवा किसान कमल कृष्ण शेरडवाल, राजकुमार सेठी, मस्त राम ने बताया कि बेरोजगारी से निपटने के लिए उन्होंने कृषि को लक्ष्य कर नौकरी के पीछे भागना छोड़ दिया, लेकिन अब कृषि भी कैसे करें। सारी फसल पशु चट कर जाते हैं और सरकार देखती रहती है।

क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के मुख्य सलाहकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने सरकार से आग्रह किया कि किसानों को बेसहारा पशुओं से राहत दिलाने के लिए प्रबंध करें और पशु नीति शीघ्र बनाई जाए। लोकसभा चुनाव में नोटा बटन दबाकर विरोध जताएंगे, ताकि सभी दलों के नेताओं की होश ठिकाने आए।

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के आयोजन की रूपरेखा तैयार

**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला जिला चंबा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और वैभव का परिचायक है। इसका संरक्षण व संवर्धन करना सभी का नैतिक दायित्व है। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के आयोजन की रूपरेखा को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित प्रथम बैठक उपायुक्त मुकेश रेपसवाल अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि मिंजर मेले का आयोजन समिति मेले को विविध आयाम प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस बार अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 28 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा। इस दौरान महामहिम राज्यपाल और समापन समारोह में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, निमंत्रण कार्ड बनाने, थीम विषय का चयन, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन को सुनिश्चित बनाने इत्यादि से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## द्रंग का दो दिवसीय बुराड़ी मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, पधर**

द्रंग का बुराड़ी मेला धूमधाम से शुरू हो गया। दो दिवसीय बुराड़ी मेला की शाही जलेब देवता अजयपाल की अगुवाई में माता हिडिम्बा और राम पाल के मंदिर से निकलकर मेला स्थल तक पहुंची। इस जलेब में क्षेत्र से डेढ़ दर्जन से अधिक देवी देवताओं ने भाग लिया। मेले में मुख्यतिथि के तौर पर पन्ना लाल रक्षा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन समाजसेवी राजेश कपूर ने शिरकत कर मेले का शुभारंभ किया।

सर्व प्रथम मुख्यतिथि को मेला कमेटी अध्यक्ष सुभम शर्मा ने शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मेला कमेटी अध्यक्ष ने मेले की रूपरेखा मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। इस मेले को पहले हिंदोस्तान साल्ट चलाता था, लेकिन जब यहां साल्ट का काम रुक गया तो मेला भी बंद हो गया। 2018 में 14 वर्षों के बाद मेले को दोबारा शुरू किया गया।



मेले के मुख्यातिथि को सम्मानित करते शुभम शर्मा व अन्य।

**धरोहर** — पौराणिक गोल पौड़ियां बेहद आकर्षक व ऐतिहासिक, बौद्ध धर्म व उनके अनुयायियों के लिए बहुत महत्व

# ऐतिहासिक गोल पौड़ियां पर उकेरा पद्मसंभव और मंदर्वा का स्वरूप

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

शहर के समखेतर वार्ड में पुल केसरी के पास पौराणिक गोल पौड़ियां बहुत ही आकर्षक व ऐतिहासिकता लिए हुए हैं। इन पौड़ियों के पास ही खुआरानी मंदिर होने से इनका और भी महत्व है। गत बहुत लंबे समय से पौड़ियों का उपयोग होते होते पत्थर घिस कर फिसलनदार हो गए थे। ऐसे में नगर निगम द्वारा इसके जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया।

इस कार्य के लिए लगभग 8 लाख रुपए खर्च किए गए। एक ओर दीवार पर पद्मसंभव की सुंदर व सुनैहरी प्रतिमा भी दीवार पर उकेरी गई है, साथ में राजकुमारी मंदर्वा का सुंदर व रंगदार चित्र भी दीवार पर उकेरा गया है, इससे पौड़ियों की सुंदरता में चार चांद वाली बात सार्थक सिद्ध हो रही है।

क्योंकि इन पौड़ियों के पास ही माता खुआरानी का मंदिर है, जिसका बौद्ध धर्म व उसके अनुयायियों के लिए बहुत ही ज्यादा महत्व है। पद्मसंभव व मंदर्वा का संबंध इस मंदिर से जुड़ा हुआ है। यह भी काबिले जिक्र है कि समखेतर वार्ड में लगभग 15 ऐतिहासिक मंदिर है जहां लोगों की आस्थाएं व श्रद्धा जुड़ी हुई हैं। इन मंदिरों का विवरण भी इन पौड़ियों के पास एक संकेत बोर्ड पर उकेरा जाएगा। पार्षद निर्मला वर्मा ने बताया कि पद्मसंभव व मंदर्वा की प्रतिमा के लिए चित्रकार राजेश का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

इस स्थल पर पहुंची पार्षद निर्मल वर्मा, मनोनीत पार्षद संजय शर्मा, इंटैक के सह संयोजक अनिल शर्मा, खत्री सभा के महासचिव एमपी वैद्य, भारतीय सांस्कृतिक निधि के वरिष्ठ सदस्य कमल कांत शर्मा, कल्याणी संस्था के हरीश कुमार और पुजारी गजेंद्र कुमार आदि ने खुशी का इजहार व्यक्त करते हुए सभी पक्षों का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)





राजकुमारी मंदर्वा व (दाएं) गोल पौड़ियों के पास पद्मसंभव की प्रतिमा के साथ गणमान्य।

### धरोहरों व पुरातन को सहेजना जरूरी

भारतीय सांस्कृतिक निधि के वरिष्ठ सदस्य कमलकांत शर्मा ने कहा कि मंडी शहर एक धार्मिक केंद्र है और यहां पर बनारस की तर्ज पर मंदिरों का निर्माण भी किया गया है। यहां की पुरातन व धरोहरों को बचाए रखने के लिए नई पीढ़ी को इसके साथ जोड़ना होगा। यहां पुरातन मंदिर और सात घाट भी मौजूद हैं। इन घाटों को भी मूल व पुरातन स्वरूप में विकसित करने की जरूरत है। शहर के पुरातन विजय हाई स्कूल का जीर्णोद्धार किया जाना भी पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि धर्म त्रिवेणी रिवालसर में जो बौद्ध अनुयायी या लामा आते हैं वे माता खुआरानी मंदिर में अवश्य आते हैं।

## जिला स्तरीय नाहवींधार मेला 12 से 15 मई तक



मेले को लेकर बैठक करते हुए एसडीएम व विभिन्न विभागों के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग की ग्राम पंचायत नाहवींधार में आयोजित किए जाने वाले चार दिवसीय जिला स्तरीय नाहवीधार मेले की तैयारियों के संबंध में एसडीएम करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में बैठक की।

एसडीएम राजकुमार ने कहा कि पहली बार जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले मेले को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। चार दिवसीय इस मेले में क्षेत्र के तीन देवी-देवता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को उभारने और उन्हें अवसर प्रदान करने के लिए मेले के दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि मेले के सफल आयोजन को लेकर शीघ्र ही विभिन्न कमेटियों का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने बैठक में मेले के सफल आयोजन के संबंध में उन्हें सौंपे जाने वाले दायित्व का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

### अवैध शराब बरामद

**सुंदरनगर।** पुलिस ने पुंघड्डु क्षेत्र में एक व्यक्ति के मकान से देसी और अंग्रेजी की 32 बोतलें बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने पुंघड्डु गांव के देवी दयाल से अवैध शराब बरामद की।

थाना प्रभारी नानक चंद ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**निविदा आमंत्रण सूचना**

रा. व. मा. पा. (बाल) जोगिन्दर नगर कैंटीन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नियम एवं शर्तों तथा अन्य ओपचारिकताओं के लिए 25.04.2024 से 30.04.2024 तक कार्यालय में संपर्क करें।

प्रधानाचार्य, रा.व.मा.पा. (बाल) जोगिन्दर नगर जिला मंडी, मो. 7018584411

# नकेल कसने के लिए 59 उड़नदस्ते और 22 स्टैटिक टीमों की तैनाती

## स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनावों के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग मुस्तैद : डॉ. यूनुस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क आयुक्त डॉ. यूनुस ने कहा कि हिमाचल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। विभाग ने 59 उड़नदस्ते और 22 स्टैटिक दल बनाए हैं तथा प्रदेश में सभी जिलों के साथ-साथ सीमावर्ती राज्यों के आबकारी अधिकारियों व पुलिस के साथ समन्वय बनाकर अवैध शराब के कारोबार और गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



उन्होंने यह जानकारी वीरवार को ऊना जिला मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दी। डॉ. यूनुस ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान विभाग ने पड़ोसी राज्यों की टीमों व प्रदेश पुलिस की टीमों के साथ समन्वय स्थापित कर लगभग 4 लाख लीटर देसी व अंग्रेजी अवैध शराब पकड़ी है। इस कार्रवाई में जनता का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। लोगों ने विभाग के टोल फ्री नंबर पर सूचनाएं प्रदान की थीं, जिन पर तुरंत कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में चुनाव आचार संहिता के लागू होने के बाद से लोगों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने ऊना जिला में लगभग डेढ़ लाख लीटर अवैध शराब पकड़ी है, वहीं बॉटलिंग प्लांट को भी बंद कराया गया है। बॉटलिंग प्लांट में धांधलियां मिलने पर उसे सील किया गया है और संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग की एसआईटी गठित कर दी गई है। अभी पिछले दिन भी कार्रवाई करते हुए जिला में लगभग 900 के करीब अवैध शराब की पेटियां जब्त की गई हैं।

**50 हजार से ज्यादा माल का ई-वे बिल जरूरी :** डॉ. यूनुस ने बताया कि 50 हजार कीमत से ज्यादा का सामान परिवहन करने पर ई-वे बिल अनिवार्य है, नहीं तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### शराब माफिया पर कसा शिकंजा

**राज्य** कर एवं उत्पाद शुल्क आयुक्त ने बताया कि गत दिवस नूरपुर के मंड क्षेत्र में काफी बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए एक लाख लीटर से ज्यादा कच्ची व पक्की लाहन पकड़ी है तथा भट्ठियों को भी नष्ट किया गया। स्थानीय पुलिस के साथ शराब माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले की टीम ने लीड लेते हुए ढेरमंजारी में अवैध शराब माफिया पर कार्रवाई की है। इस दौरान 10 हजार लीटर से ज्यादा देशी शराब पकड़ी है और हिमाचल प्रदेश उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### कर चोरी के मामलों में जीरों टॉलरेंस

**डॉ.** यूनुस ने कहा कि प्रदेश में हर जिले में अवैध शराब व कर चोरी करने वालों पर नकेल कसने के लिए टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में अवैध शराब और कर चोरी के मामलों में जीरों टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। ऐसे कार्य करने वालों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ऊना विधानसभा क्षेत्र के पीआरओ और एपीआरओ के लिए चुनावी पूर्वाभ्यास



जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल तथा अन्य अधिकारी चुनावी रिहर्सल का जायजा लेते हुए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव 2024 और दो विधानसभा उपचुनावों के दृष्टिगत वीरवार को विधानसभा क्षेत्र ऊना के लिए चुनावी ड्यूटी देने वाले पीआरओ और एपीआरओ को प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यायल ऊना में करवाया गया।

प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने शिरकत की। इस दौरान उपायुक्त ने चुनावी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे चुनावी रिहर्सल के दौरान दी जानी वाली व्यवहारिक जानकारी को बखूवी ग्रहण करें तथा चुनावों से संबंधित अपनी ड्यूटी को पूर्ण लग्न व निष्ठा से निभाएं।

इस प्रथम पूर्वाभ्यास प्रक्रिया में 101 पीआरओ और 113 एपीआरओ ने भाग लिया। चुनावी रिहर्सल कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया तथा इस दौरान इस्तेमाल होने वाली सामग्री के अलावा ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन का प्रेक्टिल अभ्यास कराया गया।

इसके अलावा चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात किए गए अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से भी चुनाव संबंधी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई।इस अवसर पर एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चैहान, कानूनगो निर्वाचन हरजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भंजाल में पलटी निजी स्कूल की बस, बच्चों को आईं गंभीर चोटें

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गगरेट क्षेत्र में वीरवार को निजी स्कूल की बस पलटने से बच्चों को गंभीर चोटें आईं। जानकारी के अनुसार छुट्टी के बाद सुंकाली भंजाल में बच्चों को छोड़ने जा रही स्कूल बस पलट गई। बस में सवार लगभग 12 बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें अमलैहड़ (सुंकाली) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचाया गया। बस में घायल बच्चों का चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

बता दें कि स्कूल बस सड़क के किनारे लगे तट बांध (धुस्सी) के ऊपर बनाए गए रास्ते से ले जाई जा रही थी और मोड़ काटते समय बस पलट गई। हैरानी इस बात की है कि निजी स्कूलों की बसों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जितना ध्यान दिया जाना चाहिए, उतना नहीं दिया जाता है।

बता दें कि इस क्षेत्र के लिए खड्ड से होकर भी रास्ता जाता है, जो कि सुरक्षित है। सूचना मिलने पर अंब पुलिस भी दुर्घटना स्थल व अस्पताल सुंकाली में पहुंची जांच को पहुंची। बता दें कि घटनास्थल पर जेसीबी की मदद से बस को उठाया गया। क्षेत्र में निजी स्कूल की बस के पलटने से बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चर्चा और चिंता देखने को मिली।



भंजाल में पलटी निजी स्कूल की बस।

## मुख्य सचिव ने सौर ऊर्जा संयंत्र पेखुबेला का किया दौरा

**ऊना।** पेखुबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 220 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 32 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सोलर पावर प्लांट में चल रहे कार्यों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा ने मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी।

## गगरेट से बाइक चोरी

**गगरेट।** गगरेट के देवनगर निवासी युवक की बाइक चोरी हो गया। प्रभावित आशीष शर्मा पुत्र राकेश कुमार ने पुलिस में शिकायत की है कि 24 अप्रैल को उसने अपना मोटरसाइकिल गगरेट कारखाने के गेट के पास में खड़ा किया था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चुरा लिया है। इस पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई जारी है।

# हमीरपुर और कांगड़ा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

## अंडर-16 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हमीरपुर ने कुल्लू को चार विकेट से हराया



हमीरपुर की विजेता टीम के खिलाड़ी प्रसन्नचित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अंडर-16 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला कुल्लू और हमीरपुर के बीच हुआ। हमीरपुर ने कुल्लू की टीम को चार विकेट के अंतर से पराजित किया। इसमें कुल्लू की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 136 रन बनाए थे।

हमीरपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 166 रन बनाए थे। हमीरपुर ने पहली पारी में 30 रन की बढ़त बनाई थी।

दूसरी पारी में कुल्लू की टीम ने पहली पारी से शानदार प्रदर्शन करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 225 रन पर आउट हो गई। हमीरपुर को जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 6 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। नाताश शर्मा ने 23 रन, शौर्य जमवाल ने 33 रन, आर्यन जग्गी ने 24 रन बनाए और कृष्ण कुमार ने 42 रन नाबाद बनाए। कुल्लू के गविश शर्मा ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया।

वेदांत शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया। इस तरह हमीरपुर ने चार विकेट से मैच को जीत कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज, पीटर, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, संदीप बेदी, विनय कुमार मंदली ने खिलाड़ियों और कोच को फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई दी है। हमीरपुर का फाइनल मुकाबला कांगड़ा के साथ खेला जाएगा।

### कांगड़ा पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीता

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में कांगड़ा और शिमला के बीच सेमीफाइनल मुकाबले में कांगड़ा को विजेता घोषित किया गया। कांगड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 210 रन बनाए थे। शिमला की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 106 रन बनाए थे। कांगड़ा की टीम ने पहली पारी में 104 रन की शानदार बढ़त बनाई। कांगड़ा की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 364 रन बनाकर पारी को घोषित कर दिया। इसमें अर्जुन पठानिया ने 76 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 15 चौके लगाए। आदिल राणा ने 171 नाबाद रन बनाए। अपनी पारी में आदिल राणा ने 34 चौके लगाए। हेमंत सोनी ने 22 रन बनाए। वंश ठाकुर ने 13, आस्तिक भारद्वाज ने 24 और प्रांशुल ने 17 रन बनाए। उदित चतुर्वेदी ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि संभव शर्मा शिमला के पार्थ सूद, काव्यांश शर्मा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया और पहली पारी की बढ़त के आधार पर कांगड़ा ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। कांगड़ा का फाइनल मुकाबला हमीरपुर के साथ खेला जाएगा।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर काटे चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने पर कुल 121 वाहनों के चालान किए गए व जुर्माने के रूप में कुल 31,900 रुपए प्राप्त किए गए हैं। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने पर 3 व्यक्तियों का चालान किया है और 300 रुपए प्राप्त किए हैं।

## युवती को जान से मारने की दी धमकी

**अंब।** कस्बे की एक युवती ने हरियाणा निवासी पर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अंब की स्वाति कौंडल पुत्री राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह ऊना से अपने घर जा रही थी तो पक्का परोह में सुमित कुमार पुत्र सुरिंद्र कुमार निवासी हाउस नंबर 196, पंचकूला व उनके साथियों ने इसका रास्ता रोककर इसके साथ अभद्र व्यवहार किया व जान से मारने की धमकियां दीं। इस शिकायत पर अभियोग पंजीकृत करके आगामी अन्वेषण जारी है।

# कुटलैहड़ की जनता को कांग्रेस सरकार ने किया निराश : भुट्टो



जन संपर्क अभियान के दौरान देवेंद्र सिंह भुट्टो के साथ भाजपा नेता और समर्थक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

2022 के विधानसभा चुनावों में जनता ने जब कांग्रेस को जीत दिलाई, तब मेरे मन में खुशी का इजहार हुआ कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में अब विकास की गंगा बहेगी, लेकिन 14 माह के कार्यकाल में हम सौ बार मुख्यमंत्री से मिलकर कुटलैहड़ के लिए विकास का खाका लेकर पीछे घूमते रहे, लेकिन अगर एक बार भी पलटकर मुख्यमंत्री कुटलैहड़ की जनता की बात सुन लेते या कुटलैहड़ के विकास की योजनाओं को मंजूरी देते तो आज राज्य सरकार टूटने की कगार पर नहीं होती। अपने ही विधायकों की अनदेखी ज्यादा दिनों तक नहीं सही जा सकती है। कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के बसाल, धमांदरी, डेरा बाबा रुद्रानंद, झलेड़ा आदि बाजारों में जन संपर्क अभियान के तहत जनता से जन समर्थन मांगा।

भुट्टो ने कहा कि कोई भी चुना हुआ व्यक्ति चाहे वह वार्ड पंच ही क्यों न हो, कोई अपनी कुर्सी नहीं छोड़ता है। उन्होंने बिना नाम लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आप को बड़े स्तर का नेता मानते हैं और सीएम के अगल-बगल में रहकर जनता को गुमराह करने में लगे रहे। आजकल उनकी जुबान पर धोखा शब्द चढ़ा हुआ है। भुट्टो ने कहा कि हमने राज्यसभा में मतदान दिखाकर किया है, लेकिन किस ने कुटलैहड़ को धोखा दिया और 1977 में किसके आशीर्वाद से कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता ने सीएम को खोया है, इसे बताने की जरूरत नहीं है।

अगर उस समय कुटलैहड़ को सीएम पद नसीब होता तो आज कुटलैहड़ देश में विकास का मॉडल बनकर देश के मानचित्र पर दिखाई देता। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी संजीव कटवाल, मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महासचिव राजेंद्र मलांगड़, बलराम बबलू, निशा भुल्लर, सुदर्शन शर्मा, सुषमा ठाकुर, मोनिका कौशल, मन्नू बांका, जीवन शर्मा, अभय राणा, अरुण मनकोटिया सति सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीजेपी कार्यकर्ता की माता के निधन पर शोक व्यक्त

**हरोली।** हरोली बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जरनैल सिंह की माता जगदीश देवी का निधन हो गया है। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। बीजेपी नेता प्रो. राम कुमार ने वरिष्ठ कार्यकर्ता जरनैल सिंह जेलो निवासी सलोह की माता स्व. जगदीश देवी 86 वर्ष के निधन पर शोक व्यक्त किया है और शोक ग्रस्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताई हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि जगदीश देवी का जीवन जन सेवा के प्रति समर्पित रहा है और अनेक सामाजिक कार्यों में उनकी भागेदारी रही है, इसलिए वह हमेशा अमर रहेंगी।

स्व. जगदीश देवी के निधन पर बीजेपी मंडल अध्यक्ष गुलविंद्र गोल्डी, महासचिव परमजीत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र राणा, देसराज राणा, संजय पाठक, रमेश जसवाल सहित प्रेस क्लब हरोली के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

# घराना गांव में श्रीकृष्ण और रुकमणि का विवाह

## जब भी धरती पर अत्याचार बढ़ता है तो भगवान धरती पर अवतार लेते हैं : आचार्य डॉ. सुमन शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के सोहारी के गांव घराना में मेहता परिवार के घर चल रही श्रीमद् भागवत की के छठे दिवस पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा की ओर से विधिवत श्रीकृष्ण रुक्मणि प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान विधिवत श्रीकृष्ण और रुक्मणि की शादी की गई। कथा व्यास ने कहा कि काम विजय प्रख्यापनार्थम् सेयम् रासलीला कम पर विजय प्राप्त करने के लिए रस का आयोजन हुआ।



भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

कृष्ण पास हैं, यही रास है। माया रहित जीव का ईश्वर के साथ मिलन ही रास है। बाल कृष्ण भगवान ने कई प्रकार की बाल लीलाएं करके जब उन्हें यह ज्ञात हुआ कि अब मेरा काम कुछ और है, तो उन्होंने मथुरा छोड़ने का फैसला किया और सबसे पहले राधा रानी से मिल और बिदाई ली। कथा व्यास ने कहा कि राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण का अटूट प्रेम था। समाज में आज भी श्रीकृष्ण और राधारानी के प्रेम प्रसंग की गाथाएं गाई जाती हैं, क्योंकि जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण रास रचेया थे। उन्होंने कैसे-कैसे रासलीलाओं से समाज को एक संदेश दिया है। यह जानने योग्य बातें हैं।

आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अपने दाऊ भैया के साथ जब कंस नगरी में पहुंचे, तो उन्होंने सबसे पहले राजा कंस के गुरु शिव धनुष को तोड़ा, फिर राजा कंस का भगवान श्री कृष्ण ने वद्ध किया और अपने माता-पिता को कारागार से मुक्त करवाकर रुक्मणि से विवाह किया। आचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में बाल कृष्ण भगवान की इतनी लीलाएं दर्शाई गई हैं कि अगर भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला और बाल लीलाओं का बखान हो तो सुनाने को एक युग लगेगा।

कथा व्यास ने कहा कि जब भी धरती पर अत्याचार बढ़ता है तो भगवान धरती पर अवतार लेते हैं। भगवान विष्णु धरती पर अवतरित होते हैं तो उनके साथ कई देवी-देवता भी अवतारी हो जाते हैं। इस धरती पर अत्याचार करने वालों का भगवान संहार करते है। उन्होंने कहा कि मथुरा ने जो बाल कृष्ण भगवान के साथ गोपियां रासलीला करती थीं, वे वास्तव में त्रेता युग में जब भगवान श्रीराम जी के रूप के भगवान विष्णु ने अवतार लिया था, उस समय जो ऋषि-मुनियों ने भगवान श्रीराम के साथ उनके बुरे समय में साथ दिया था। ये वही ऋषि-मुनि हैं जो द्वापर में बाल कृष्ण भगवान के साथ रासलीलाओं का आनंद ले रहे थे। वहीं, कथा के विराम से पूर्व भगवान कृष्ण और रुक्मणि की सुंदर झांकी भी निकाली गई। मंच से उनका वेद मंत्रों से विवाह करवाया गया। इसके बाद सभी श्रोतागणों के लिए विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर आयोजक वीरेंद्र मेहता, विशाल कुमार, श्रीराम नाटक क्लब हटली की महिला प्रधान ज्योति बरजाता, हंसराज बरजाता, अंकुश बरजाता, ऑल इंडिया मंच संचालन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्या शर्मा, नरेश कुमार, सीता राम एवं समस्त मेहता परिवार और गांव वासियों की ओर से सेवाएं दी गईं।

**आयोजन** धुंधला स्कूल में 'नैतिक शिक्षा का महत्व' विषय पर कार्यक्रम किया आयोजित

# संस्कारित शिक्षा की कमी ही अपराधों का मूल कारण : भगवान भाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

आज समाज, देश और विश्व की स्थिति को हम देख रहे हैं कि भौतिक विकास तेजी से हो रहा है। भौतिक विकास से समाज विकसित नहीं होता, बल्कि नैतिक शिक्षा से मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक विकास होगा। शिक्षा एक बीज है और जीवन एक वृक्ष है। जब तक हमारे जीवन रूपी वृक्ष को नम्रता, धैर्यता, भाईचारा, आपसी स्नेह, सत्यता, ईमानदारी आदि सद्गुण रूपी फल नहीं आते, तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है।



अध्यापकों के साथ माउंट आबु से ब्रह्माकुमारी के पधारे हुए बीके भगवान भाई जी।

नैतिकता से हमारे व्यवहार संस्कार में निखार आता है। दिन-प्रतिदिन समाज में बढ़ती हिंसा एवं अपराध एक चिंतनीय विषय है। नैतिक शिक्षा से अपराध मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। अपराध मुक्त समाज के लिए नैतिक शिक्षा आवश्यक है। उक्त उदगार माउंट आबू से ब्रह्माकुमारी के पधारे हुए बी के भगवान भाई जी ने कहे। वह राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंधला में 'नैतिक शिक्षा का महत्व' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कुसंग, व्यसन, सिनेमा और फैशन से आज की युवा पीढ़ी भटक रही है, जिससे वर्तमान समय में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिकता से ही युवा पीढ़ी को सही दिशा मिल सकती है। नैतिक शिक्षा से ही मानवीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है।

भगवान भाई ने कहा कि नैतिक शिक्षा से समाज मैं फैली हुई ईर्ष्या, घृणा, नफरत, बैर-विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है। संस्कारित शिक्षा की कमी ही वर्तमान समय अपराधों के मूल कारण है। उन्होंने कहा कि हम विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन समाज में फैली हुई दुर्भावना और हिंसा चिंता का विषय है। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र की प्रभारी बीके रीता बहन जी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सामना कर तनाव मुक्त बनने के लिए नैतिक शिक्षा की जरूरत है और अपराध मुक्त बनने के लिए आत्मानुभूति की आवश्यकता है। प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह ने कहा कि नैतिक शिक्षा की कमी के कारण मानसिक बीमारियां, शरीर की अनेक बीमारियां हो जाती हैं।

जीवन में रूखापन आता है। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा से बच्चों में संस्कार आते हैं। उपप्रिंसिपल तरसेन सिंह ने भी अपना उद्बोधन देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बीके किरन बहन रिटायर शिक्षिका, बीके रमेश भाई, बीके अरुण भाई, राजेश कुमार और सभी शिक्षक सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित था। कार्यक्रम के अंत में बीके भगवान भाई ने मन को एकाग्र करने हेतु राजयोग मेडिटेशन कराया।

# मतदान प्रतिशतता बढ़ाने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी अधिक से अधिक करने व प्रथम बार मतदान करने वाले नए पंजीकृत मतदाताओं को मताधिकार के महत्व बारे जागरूक करने के उद्देश्य से ऊना जिले में संचालित स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के गांव खरोह व हाई स्कूल भरेड़ में कार्यक्रम आयोजित किए गए।



स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता संदेश देते प्रतिभागी।

इसी कड़ी में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलब्य कलामंच के जत्थे ने गीत, संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूकता संदेश व मतदान के लिए प्रेरित किया।

इन कार्यक्रमों के जरिए कलाकारों ने जिला के विभिन्न सरकारी व निजी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विद्यार्थियों के माध्यम से आम जनमानस तक मतदाता जागरूकता संदेश पहुंचाने और उनके मत को सही ढंग से प्रयोग करने की अपील की गई। इस दौरान स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूक रैली निकाली जिसमें स्लोगन पट्टियों और नारों के जरिए लोगों को मतदान करने को लेकर जागरूकता संदेश दिया।

### पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में चुनावी साक्षरता क्लब के अंतर्गत शिक्षा विभाग के प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल के दिशा-निर्देशों के तहत यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। प्राचार्य ने सभी को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान आवश्यक है तथा सभी को अपनी विशेष जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

हमेशा तर्क करने वाला दिमाग धार वाला वह चाकू है, जो प्रयोग करने वाले के हाथ से ही खून निकाल देता है। – रविंद्रनाथ टैगोर



## संपादकीय

# अनुशासनहीन गुरुजी

हिमाचल के शैक्षणिक संस्थानों में गिरता शिक्षा का स्तर और कुछ शिक्षकों का गैरजिम्मेदार आचरण इस राज्य के नौनिहालों के भविष्य पर सवाल खड़े कर रहा है। कुछेक गुरुजी कभी शराब पीकर तो कभी कोई और नशा कर स्कूल पहुंच रहे हैं। कुछ तो स्कूल पहुंचते ही नहीं हैं, बीच रास्ते में ही नशे में धुत्त होकर पड़े रहते हैं। जिस गुरु के कंधों पर अपने शिष्यों के भविष्य को संवारने का दारोमदार होता है, अगर वही इस कदर डगमगाता रहेगा तो फिर बच्चों का भविष्य कैसा होगा, इसकी कल्पना सहज की जा सकती है। शिक्षक स्कूलों में नशा करके पढ़ाने आएंगे तो फिर वे बच्चों को कौन सी संस्कारवान शिक्षा दे पाएंगे। संस्कार युक्त शिक्षा तो दूर की बात, वे तो बच्चों को पढ़ा ही नहीं पाएंगे। यह सवाल हर उस व्यक्ति के दिमाग में जरूर कौंधता होगा कि अगर स्कूल में अमर्यादित शिक्षक होंगे तो फिर उनके बच्चे उनसे क्या सीखेंगे और घर और समाज में कैसा बर्ताव करेंगे।

मंडी जिले के एक प्राथमिक स्कूल में सामने आया एक मामला उन सभी अभिभावकों को गहरी चिंता में डालने वाला है, जो यह सोचते हैं कि शिक्षा के मंदिर में उनके बच्चे ज्ञान अर्जन कर अपना भविष्य सुनहरा बनाएंगे। वे प्रतिदिन अपने बच्चों को इस भरोसे स्कूल भेजते हैं कि वहां गुरुजी उनके बच्चों को अच्छी-अच्छी बातें सिखाएंगे, उन्हें अच्छे और बुरे में भेद करना सिखाएंगे और उन्हें शिष्ट बनाएंगे, लेकिन उन्हें क्या पता कि वे जिनके भरोसे अपने जिगर के टुकड़ों को स्कूल भेज रहे हैं, वे खुद ही अशिष्ट और असभ्य हैं। स्कूल चाहे सरकारी हो या फिर निजी, किसी भी संस्थान में अगर इस तरह के वाकये सामने आते हैं, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय हैं। सच यह भी है कि प्राइवेट शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे मामले कम ही देखने को मिलते हैं। ज्यादातर मामले सरकारी संस्थानों में ही सामने आते हैं और इसका कारण कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई न होना है। मंडी जिले में जो शिक्षक नशे में धुत्त होकर क्लासरूम में पहुंच गया था, उसने ऐसा पहली बार नहीं किया। इससे पहले भी वह कई बार शराब पीकर स्कूल आ चुका है।

बच्चे शिक्षक के इस बर्ताव के बारे में घर में बताते थे तो घर वाले स्कूल मुखिया और स्कूल प्रबंधन समिति के समक्ष इसकी शिकायत करते थे। इसके बाद एसएमसी और स्कूल मुखिया वही करते जो उनके अधिकार क्षेत्र में आता था। कभी मौखिक चेतावनी तो कभी लिखित नोटिस, लेकिन गुरुजी को इनसे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह दो-चार दिन बाद फिर वैसे ही डगमगाते कदमों के साथ स्कूल पहुंच जाते। जाहिर सी बात है कि गुरुजी को पता है कि उन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होने वाली। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं कि हमारा सिस्टम ही कुछ ऐसा है। यहां सरकारी नौकरी पाना बहुत मुश्किल है। एक बार नौकरी मिल गई तो उसे आपसे कोई नहीं छीन सकता। आप अपने गलत आचरण के लिए ज्यादा से ज्यादा छह महीने के लिए सस्पेंड हो सकते हैं। सस्पेंशन पीरियड में भी घर बैठे आधा वेतन तो मिल ही जाता है, तो फिर फिक्र किस बात की।

अगर विभाग या सरकार ने इस आधे वेतन को रोक लिया तो न्यायालय किसके लिए बने हैं। वहां अर्जी लगा दी जाती है कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। आधा वेतन तो सरकार को देना ही पड़ेगा, क्योंकि मामले में अभी जांच चल रही है। बस यही व्यवस्था हमारे सरकारी विभागों में अनुशासनहीनता को जन्म देती है। छह महीने की जांच के बाद आरोपी पाक दामन साबित हो जाता है। विभाग को अपनी इज्जत की भी फिक्र होती है और उस बर्खास्त कर्मचारी की पहुंच भी जांच को सही दिशा में नहीं जाने देता। छह महीने के बाद वह फिर उसी तरह अपने कार्यालय को ज्वाइन कर लेता है और आचरण भी नहीं बदलता। सरकार को चाहिए कि ऐसी अनुशासहीनता करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाए, ताकि भविष्य में ऐसे मामले देखने को न मिलें। ■

# कंगना : फिल्मों से सियासत का कंटीला सफर

लोकसभा हो या विधानसभा, फिल्मी सितारों की लोकप्रियता को वैसाखी बनाकर चुनाव जीतने की परंपरा नई नहीं है। राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा, गोविंदा से लेकर हेमा मालिनी जैसे नामचीन फिल्मी कलाकारों की लंबी फेहरिस्त है, जिन्हें राजनीतिक दलों ने सिर आंखों पर बिठाया। कुछ जीते तो कुछ हारे। मतदाताओं को रिझाने, फिल्मी हस्तियों से उनसे भावनात्मक जुड़ाव को भुनाने को सभी राजनीतिक दल तत्पर रहते हैं। अपने पार्टी को विजयी बनाने, सत्ता हासिल करने, अपना बर्चस्व कायम रखने की जंग में उम्मीदवार का अनुभव, योग्यता, जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता खास मायने नहीं रखते।

बहरहाल, जिस फिल्मी अभिनेत्री की इन दिनों हिमाचल और देश भर में चर्चा है, वह कोई और नहीं अपितु कंगना रणौत हैं, जिन्हें भाजपा ने मंडी से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारी सौंपी है। लंबे वक्त से विवाद और कंगना का चोली दामन का साथ रहा है। वह निश्चित रूप से एक बेहद कामयाब एक्ट्रेस है।

अपनी शानदार अदायगी से करोड़ों सीने प्रेमियों के दिलों में राज करती हैं, लेकिन अनेक अपरिपक्त नेताओं की तरह बड़बोलेपन का शिकार भी रही हैं। कारण, उन्हें न तो भारतीय इतिहास की समझ है, न ही देश के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक या आर्थिक मामलों पर उनकी पकड़ है। वह अपने उस बयान को लेकर खूब ट्रोल हुई थीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2014 के बाद ही देश का सही मायने में विकास हुआ है। ज़ाहिर है वे भाजपा खासकर नरेंद्र मोदी की अन्ध भक्ती में डूबी हुई हैं। लोकसभा का टिकट हासिल करने के लिए वह स्तुतिगान के जरिये अपना आधार बना रही थीं।



लेखक : राजेंद्र राजन
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब वह शिवसेना के उद्धव ठाकरे से भिड़ गईं तो उनके पक्ष या विपक्ष में देशभर में जन आंदोलन छिड़ गए थे। उन्हें मोदी सरकार ने सुरक्षा प्रदान की। राजनीति में प्रवेश का नैरेटिव उन्हीं दिनों रचा जा चुका था, जब वह स्वयं को दक्षिणपंथी विचारधारा को आत्मसात करने के लिए व्यग्र थीं। वह एक सिद्धहस्त धनुरधारी की मानिंद अर्जुन की तरह मछली की आंख को बेधने में सफल रहीं।

टिकट घोषणा के पहले ही रोज कंगना के कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत से विवाद हो गया। अभद्र भाषा के प्रयोग में कांग्रेस भी पीछे नहीं है। इसका ज्वलंत उदाहरण कंगना पर की गई वह टिप्पणी है, जिसमें मंडी का भाव पूछा गया था। चुनाव आयोग लाख दावे करे, लेकिन वह नेताओं के जहर बुझे, आपत्तिजनक व शर्मसार करने वाले बयानों का कड़ा संज्ञान लेने में प्रो एक्टिव मोड में नहीं दिखाई देती। लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति की पृष्ठभूमि में भाजपा की निगाह महिला मतदाताओं पर खासतौर पर टिकी हुई है, क्योंकि वे 400 का आंकड़ा पार करने के लिए अपनी कमान में सजे सभी तीरों का प्रयोग कर लेना चाहती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की मौजूदगी काफी उत्साहवर्द्धक रही थी। विगत 5 सालों में संपन्न 23 राज्यों के विधानसभा चुनावों में से 18 में महिला मतदाता पुरुषों से आगे थीं। कांग्रेस या विपक्षी दल इस लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट देने में संकीर्णता की शिकार हैं, तो इस मामले में भाजपा की दरियादिली की तारीफ की जानी चाहिए।

कंगना रणौत का चयन भी इसी रणनीति का हिस्सा है। अपने विद्रोही व्यवहार के लिए कंगना चर्चित रही हैं। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कंगना ने 18 साल की उम्र में 'गैंगस्टर' से की थी। रानी झांसी का किरदार 'मणिकर्णिका' में अभिनीत किया तो जयललिता की वायोपिक में भी सराही गई। 'इमरजेंसी' फिल्म में वे इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएगी। लबोलुआव यह कि सशक्त महिला प्रधान फिल्मों में वह जिन जन नायिकाओं की भूमिकाओं में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं, उनकी बदौलत वे मंडी सीट पर आम लोगों से खुद को जुड़ा हुआ देखना चाहती हैं, पर यह कांटों भरी डगर है। सिनेमा और राजनीति की कोई जुगलबंदी नहीं है।

हिमाचल में जिस दुर्दशा से कांग्रेस का कुनबा गुजर रहा है, उसे देखते हुए किसी को भी आश्चर्य नहीं होगा अगर कंगना बड़े बहुमत से मंडी सीट पर विजय पताका फहराने में कामयाब रहे। जन आकांक्षाओं, जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए कंगना को एक 'मैच्योर' राजनेता की छवि को अर्जित करना होगा। एक चैनल को दिए गए लंबे साक्षात्कार में कंगना ने कहा है कि सुभाष चंद बोस को गायब करवा दिया था और वह हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री थे। यह खुद का मजाक उड़ाने जैसा है। अगर वह लोकसभा में पहुंच भी गईं तो अपने ज्ञान से क्या गुल खिलाएंगी, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी को पप्पू कहकर उनका मजाक उड़ाना एक कामयाब अभिनेत्री को शोभा नहीं देता। मंडी सीट की जनता के लिए उनके पास क्या योजनाएं हैं, उसका वह फिक्र करें तो बेहतर होगा। यह भी कहा कि आईएनए के फौजियों व स्वतंत्रता सेनानियों को भूखे रहकर जान गंवानी पड़ी थी। ऐसा प्रतीत होता है कि कंगना के 'सलाहकार' उनके हितैषी नहीं शायद दुश्मन ज्यादा हैं? इतिहास को कोई कितना भी विरूपित कर प्रस्तुत करें, उसके तथ्यों को कभी बदला नहीं जा सकता। अंधभक्त होना कभी कभार महंगा भी पड़ जाता है।

यह प्रश्न भी विचारणीय है कि फिल्मों से जितने भी स्टारस राजनीति में जीतकर संसद में पहुंचे हैं, उनका समाज या देश के लिए क्या योगदान शून्य रहा है? जनसमस्याओं के निवारण में उनकी क्या भूमिका रही है? संसद में उन्होंने क्या-क्या मुद्दे उठाए? लोकसभा में प्रवेश पाने वाले ज्यादातर फिल्मी सितारे अपने-अपने हलके के लोगों के प्रति आमतौर पर असंवेदनशील, दायित्वविहीन बने रहे हैं। विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में उनका सहयोग नगन्य सा रहा है।

बेहतर होता बीते साल हिमाचल ने भयंकर बाढ़ में जो जख्म झेले थे, उनके पीड़ितों पर मरहम लगाने के लिए कंगना पहल करतीं, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। जीतने के बाद भी अगर कंगना मुंबई में अपने फिल्मी करियर को चमकाने में व्यस्त रहीं तो मंडी चुनाव हलके के मतदाताओं से यह सरासर नाइंसाफी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आओ सब मिलकर जरूर मतदान करें

18वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है।

मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का न तो यह सही समय है और न ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है, पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिएं, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं, पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किए जाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## पेट



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

*पेट की जात-पात नहीं, रंग*
*भेद की बात नहीं*
*बाहर भीतर दांत नहीं।*
*इतना सा पेट, इतना खाता*
*सारा चट हजम कर जाता।*
*पेट दुराचारी, हत्यारा, कमीना*
*गोरखधंधों का माहिर,*
*चोर लुटेरा पेट।*
*पेट शर्माता नहीं, लज्जता भी*
*नहीं, झूठा, फरेबी*
*तरस किसी पे खाता नहीं*
*मारधाड़ और कत्लेआम से*
*कभी नहीं घबराता पेट।*
*पेट के हाथ नहीं, साथ नहीं*
*फिर भी दुनिया के दंगे-*
*फसादों में, बंदरबांट,*
*बंटवारों में खूब हाथ*
*आजमाता पेट।*
*पेट कभी भूखा नहीं रहता,*
*दूजों का हिस्सा खाकर*
*खूब चैन की सांसें भरता पेट।*
*पेट के पैर नहीं, रिश्ते में कोई*
*वैर नहीं*
*घाट-घाट का पी के पानी,*
*सलीके से जी लेता पेट।*
*पेट संवेदनशील नहीं,*
*आंखें नहीं, नाक नहीं*
*मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे*
*देखता करता कोई भेद नहीं।*
*पेट मुखौटे में छिपा*
*धूर्त, शातिर, चोर-लुटेरा*
*जिसके मुंह में जुबां भी नहीं,*
*लेकिन फिर भी देखा लार*
*टपकते पेट।*
*पेट मेरा, तुम्हारा, उसका*
*जैसा भी है, इक गहरा भेद,*
*क्योंकि, सभी सवालों से जुड़ा*
*हुआ है यह बेचारा पापी पेट।*

# मुस्लिम समाज में डॉ. अब्दुल कलाम जैसे वैज्ञानिक और हमीद जैसे बलिदानी भी हुए

लुटेरों और अपराधी कबीलों को सेना से जोड़कर कर सत्ता तक पहुंचने का काम मध्यकाल में आक्रांताओं ने किया, लेकिन स्वतंत्रत भारत में भी एक चिंतनधारा ऐसी है जो मुस्लिम समाज में केवल अपराधियों और वनवासियों में माओवादी हिंसकों के प्रति सहानुभूति या सद्भाव दिखाकर अपने राजनीतिक लाभ का आकलन करती है। ऐसी झलक किसी एक प्रांत में नहीं, अपितु लगभग पूरे भारत में दिखती है।



लेखक : रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत विविधताओं से भरा देश है। यह विविधता भाव, भाषा, भूषा और भोजन में ही नहीं, लोकजीवन की परंपराओं में भी है। यह हम कश्मीर, केरल, कर्नाटक, बंगाल, उत्तर प्रदेश और सुदूर वनवासी अंचल बस्तर के समाज जीवन से समझ सकते हैं, किंतु इस विविधता के बीच एक सूत्र है, जो इन सभी प्रांतों में बिलकुल एक जैसा दिखाई देता है, वह है माओवादी हिंसक आंतकियों और मुस्लिम समाज से संबंधित अपराधियों के अपराध की गंभीरता को कम करने के लिए विषयांतर करने संबंधी राजनीतिक वक्तव्य।

ऐसा करने वाले कोई दर्जन भर राजनीतिक दल हैं, जो इन दोनों विषयों से संबंधित घटनाओं और अपराध पर ऐसे वक्तव्य देते हैं, जिनसे लोग अपराध पर नहीं अपितु राजनीति पर चर्चा करने लगते हैं। ऐसे कुछ दलों में तो आपसी राजनीतिक तालमेल भी नहीं है, पर इन दोनों विषयों पर सबकी शैली एक है, एक-दूसरे के स्वर में स्वर मिलाते हैं। पता नहीं क्यों इन दलों को अपना हित अपराधियों के प्रति सद्भाव प्रदर्शित करने में क्यों दिखता है।

मुस्लिम समाज में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे वैज्ञानिक, केके मोहम्मद जैसे पुरातत्व विशेषज्ञ और अब्दुल हमीद जैसे बलिदानी भी हुए, किंतु इन विभूतियों के लिए वैसी लामबंदी नहीं होती, जैसी माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और शाहजहां शेख, दो मासूम बच्चों के हत्यारे साजिद, लव जिहाद में हत्या के आरोपी फैयाज और बस्तर के एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों के प्रति देखी गई। मुस्लिम समाज से संबंधित किसी अपराधी या माफिया डान का नाम आते ही कुछ राजनीतिक दल के नेता ऐसे वक्तव्य जारी करने लगते हैं, जिनसे या तो अपराध की गंभीरता कम होती है अथवा सुरक्षा बलों की लक्ष्य मूलक कार्रवाई पर प्रश्न उठने लगते हैं, लेकिन यह प्रश्न अवश्य उठता है कि पंथ विशेष का सद्भाव या समर्थन जुटाने के लिए आखिर आरोपियों और अपराधियों को ही क्यों सिरमौर माना जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# यातायात नियमों का पालन कर हम सब सुरक्षित रहें

हिमाचल प्रदेश भौगोलिक रूप से एक पहाड़ी राज्य है। इस पहाड़ी राज्य का क्षेत्रफल 55673 वर्ग किलोमीटर है। यहां पर सड़क मार्ग ही यातायात का प्रमुख साधन है। हिमाचल प्रदेश में तीव्र गति से सड़कों के निर्माण द्वारा गांव-गांव तथा दूरदराज क्षेत्रों तक सड़कों का जाल बिछा हुआ है। अब तो हिमाचल प्रदेश में फोरलेन सड़क की वजह से दूरियां कम तथा राह आसान हो रही है। आज राज्य में सड़क मार्गों की लंबाई 41 हजार किलोमीटर से अधिक है। लाखों की आबादी वाले इस प्रदेश में वाहनों की संख्या लगभग 22 लाख से अधिक है।

हिमाचल एक पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण देश में सड़क हादसों की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र की श्रेणी में आता है। दिन-प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं के बारे में सुनकर बहुत दुख होता है। मनुष्य को सड़क सुरक्षा नियमों को पूर्ण रूप से अपनाना चाहिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। राज्य में प्रतिवर्ष कई व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गवा बैठते हैं। इन हादसों का मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना, नशे का सेवन करके गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना, हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करना तथा वीडियोग्राफी रील बनाना इत्यादि शामिल है। राज्य में 95 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानवीय भूल को आंका गया है। प्राकृतिक व अन्य कारण मात्र 5 प्रतिशत हैं। हिमाचल पर्यटन की दृष्टि से एक प्रमुख राज्य है। बाहरी राज्यों के लोग भी यहां पर घूमने आते हैं तथा उन्हें पहाड़ी इलाकों की सड़कों के बारे में इतनी जानकारी व अभ्यास न होने के कारण वे भी सड़क दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण बनते हैं। प्रदेश के युवा जो सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं, उनको सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिएं। स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा नियमों को पूर्ण रूप से पढ़ाना चाहिए। आम लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में सोशल मीडिया, समाचार पत्रों के संपादकीय लेखों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूक करना चाहिए।



लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर, हिप्र

सड़क दुर्घटनाओं को तभी कम कर सकते हैं, जब प्रदेश का हर व्यक्ति इस कार्य में एक जागरूक नागरिक की भूमिका निभाएगा। आधुनिक प्रौद्योगिकी के समावेश से ई-चालान प्रणाली से यातायात पर कैमरों द्वारा नजर रखी जा रही है। सड़कों पर जगह-जगह यातायात संकेत लगाए गए हैं। सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे इन संकेतों को अपना कर सड़क सुरक्षा नियमों का पूरी तरह से पालन करें। हमें यातायात कुरीतियों को दूर करना चाहिए, ताकि सड़क सुरक्षा को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। ड्राइविंग के दौरान होने वाली कुछ सामान्य गलतियां जैसे ड्राइविंग करते समय ध्यान खोना, अनिंद्रा अवस्था में ड्राइविंग करना, गाड़ी के भीतर मोबाइल संगीत इत्यादि चलाना, मौसम की खराब परिस्थितियों में भी ड्राइविंग करना इत्यादि गलतियां ही सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण बनती हैं। पहाड़ी रास्तों पर निम्नलिखित बातों को सदैव ध्यान में रखना चाहिए जैसे कि गति सीमा का सदैव पालन करना चाहिए, गाड़ी की गति मोड़ पर धीमी करें तथा हॉर्न अवश्य बजाएं।

बर्फ तथा कोहरे में गाड़ी की रफ्तार धीमी रखें, सड़कों के किनारे भूस्खलन होने पर गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ही रोक दें। पहाड़ी क्षेत्र में यात्रा आरंभ करने से पहले अपने वाहन की ब्रेक तथा टायरों की जांच अवश्य करें। सड़क सुरक्षा नियमों की अनुपालना के लिए अनेक नवीन प्रौद्योगिकियां चलाई गई हैं, जैसे एल्कोहल सेंसर नशे की हालत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चालकों का मौके पर ही पता लगाया जाता है कि उन्होंने अल्कोहल का उपयोग किया है या नहीं। वाहनों की तेज गति पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा नवीन तकनीक पर आधारित डॉप्लर राडार व लेजर स्पीड गन का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायता हुई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का मौके पर चालान और भुगतान ई-चालान प्रणाली से शुरू हुआ है। फोरलेन पर गाड़ी चलाते समय गलत लेन में ड्राइव न करें तथा लेन बदलते समय पीछे से आने वाले वाहन का ध्यान रखें।

सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा की शपथ हर इंसान को लेनी चाहिए, ताकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। रात के समय डिप्पर या लो बीम का प्रयोग करना चाहिए ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। वाहन में निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्तियों को नहीं बिठाना चाहिए। सड़क पर गाड़ी चलाते समय बुजुर्गों, बच्चों, विकलांगों, बेसहारा पशुओं का खास ध्यान रखना चाहिए। पाठशाला तथा अस्पताल के नजदीक गाड़ी की गति धीमी कर लेनी चाहिए। प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल कभी नहीं करना चाहिए इससे ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ रोगियों, बच्चों तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। यदि सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन तथा सम्मान करेंगे तो देश में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश अपने आप ही लग जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वस्थ रहने के लिए दवाओं पर निर्भर रहने की आदत छोड़ें

चिकित्सक को जनता भगवान का दूसरा रूप मानती है। समाज में आज अनगिनत बीमारियां पनप रही हैं और आम जनमानस भोजन की भांति दवाइयां खाने को क्यों मजबूर हुआ है, यह बड़ा सवाल है। चिकित्सक मरीजों को खानपान, रहन-सहन में सुधार किए जाने का मार्गदर्शन करने वजाए दवाइयों का निरंतर सेवन जारी रखने पर जोर देते हैं, जो कि न्यायसंगत नहीं है। कुछेक चिकित्सकों की लापरवाही कारण मेहनत, ईमानदारी से जनता प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने वालों की छवि बरकरार रखने के लिए केंद्र सरकार कड़े कदम उठाने जा रही है।

भारतीय आयुविज्ञान परिषद अनुसंधान परिषद ने जो खुलासा किया है, वह चौंकाने वाला है। चिकित्सक किस तरह जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ कर रहे हैं, वह शर्मनाक है। आईसीएमआर की रिपोर्ट में दावा किया गया कि 45 फीसदी डॉक्टर दवाइयों की अधूरी पर्ची मरीजों को थमाकर उनके स्वास्थ्य साथ खिलबाड़ कर रहे हैं। चिकित्सकों द्वारा पर्ची पर दवाओं की प्रसिप्शन कौन सी भाषा में लिखी जा रही है, कोई नहीं जानता है, नतीजतन मरीजों को मेडिकल स्टोरों से उलटी सीधी दवाइयां खिलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सीएमआर ने 2019 में एक टास्क फोर्स के माध्यम से देशभर में 13 अस्पतालों का सर्वे करवाया, जिसमें इस त्रुटि का खुलासा हुआ है। बड़ी हैरान करने वाली बात है, चिकित्सक मरीजों को पर्ची पर जो दवाएं लिखकर देते हैं, मेडिकल स्टोरों में कुछ और ही मिलता रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1985 में निर्देश जारी किए थे कि चिकित्सक साफ शब्दों में दवाइयों की पूरी डिटेल सरल भाषा में लिखें, बावजूद इसके चिकित्सक ऐसी दवाइयां मरीजों को पर्ची पर लिखकर देते रहे, जो अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देशों पर आधारित थीं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

कुल मिलाकर मरीजों को 50 प्रतिशत उलटी सीधी दवाइयां खिलाकर डॉक्टरी पेशे को बदनाम करने की कोशिश की गई है। जीवन रक्षक दवाएं मौत का सबसे बड़ा कारण बन सकती हैं, ठीक ऐसा ही दूसरा मामला कुछ दिन पहले उजागर हुआ है। बदलते खानपान, रहन-सहन के चलते आज एक व्यक्ति भोजन की भांति रोजाना दवाएं खाने को मजबूर हुआ है। देश भर में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर हमेशा मामले प्रकाश में आते रहे, मगर हमारी सरकारों को जनता के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है। नकली दवाओं के नाम पर बिकते जहर से कितने लोग मौत का ग्रास बन चुके हैं, जिनका कोई आंकड़ा नहीं है।

नकली दवाएं क्या चिट्टे से कम घातक हो सकती हैं, आज बड़ा सवाल है? स्वास्थ्य से बढ़कर दूसरा कोई धन नहीं होता है। इस स्वास्थ्य रूपी धन को पाने में अधिकांश जनता बहुत पीछे चलते हुए मरीज बनकर अस्पतालों की लंबी कतारों में खड़ी देखने को मिलती है। चिकित्सक लोगों को खानपान में सुधार किए जाने की हिदायत दिए जाने बजाए अनगिनत सर्वप्रथम मेडिकल टेस्ट करवाए जाने को पहल देते हैं। मेडिकल रिपोर्ट भी अक्सर विपरीत आने पर जनता को महीनों दवाइयों का निरंतर सेवन किए जाने की सलाह दी जाती है। यही नहीं तीन महीने बाद एक बार फिर लोगों को मेडिकल टेस्ट करवाकर दवाओं का सेवन मजबूरन जारी रखना पड़ता है। कुल मिलाकर ऐसा आभास होता है कि जनता को हमेशा बीमार बनाकर रखकर पैसा कमाने का कोई मास्टर प्लान बनाया गया हो।

आज एक व्यक्ति के लिए सदैव स्वस्थ रहना बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि बाजारों में नकली दवाओं का प्रचलन, एंटी वॉयोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन करना, योग अभ्यास से बिमुख होना बड़ा कारण बन रहा है। हमारे भोजन में पूर्व की भांति पोष्टिकता नहीं रही, जिसमें 30 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतर लोग रोजाना भोजन की तरह दवाइयां खाकर अपना जीवन-यापन किए जा रहे है। स्वस्थ रहने के लिए आज हमें अपने खानपान, रहन-सहन में बदलाव किए जाने के साथ दवाओं पर हमेशा निर्भर रहने की आदत छोड़नी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

जीवन में किसी भी प्रकार की उपलब्धि या ऊंचा मुकाम पाने के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारण करना अति आवश्यक है। विद्यार्थी जो अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। जिंदगी में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, जो इंसान नहीं कर सकता, इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का होना अत्यावश्यक है।

आजकल प्रतियोगिता के इस दौर में हर विद्यार्थी जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। वर्तमान समय में हर पग पर कितनी ही चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। आत्मविश्वास और आत्मावलोकन से विद्यार्थी हर चुनौती का सामना भली-भांति कर सकता है। इसके लिए जरूरी है अध्ययन की समय-सारिणी। जब तक आप अपनी दिनचर्या निर्धारित नहीं करते, तब तक आप अनुशासित होकर पढ़ाई नहीं कर सकते। समय के बंधन में रहकर आप हर काम समय पर कर सकोगे। दिनचर्या ऐसी होनी चाहिए जिसमें आपका खाना-पीना, सोना, उठना बैठना और स्वास्थ्य संबंधी भी कोई परेशानी न आए। यदि आप शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होंगे तो पढ़ाई में भी मन नहीं लगेगा, इसीलिए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना अनिवार्य है।

**-अमन वर्मा, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गुनाल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

## स्थानीय लोगों ने कहा- चुनाव का बहिष्कार करने से भी नहीं करेंगे गुरेज

मोहन कपूर, पतलीकूहल

गुनाल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट शिल्ह के खिलाफ चार पंचायतों के लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया।

चार पंचायतों के दर्जनों प्रतिनिधि शिरढ़ गांव के नागनी मंदिर के पास गुनाल हाइड्रो प्रोजेक्ट शिल्ह में बन रहे 1.5 मेगावाट के विरोध में इक्ट्ठा हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का जनता लगभग 2 सालों से विरोध कर रही है। कई बार इस बारे में प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है, मगर प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। बैठक के दौरान डीसी कुल्लू को ज्ञापन भी सौंपा गया है। लोगों ने बताया कि पावर प्रॉजेक्ट के लगने से यहां लोगों की सैकड़ों बीघा भूमि व सेब के बगीचों में सिंचाई के लिए पानी की कमी होगी। इस नाले में लोगों के पानी पीने के स्रोत भी मौजूद हैं। लोगों ने बताया कि जहां यह कार्य हो रहा है, वहां देवी-देवताओं के पवित्र स्रोत हैं, जो प्रोजेक्ट लगने से खंडित हो जाएंगे। डीसी को दिए ज्ञापन में लोगों ने बताया कि यदि समय रहते इस प्रोजेक्ट को बंद न किया गया, तो चार पंचायत्तों के बूथों में स्थानीय लोग चुनाव का बहिष्कार करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। इस मौके पर बैंची, शिरड, रायसन व देवगढ़ पंचायतों के लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


गुनाल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट शिल्ह के खिलाफ चार पंचायतों के लोग प्रदर्शन करते हुए।

## विक्रमादित्य सिंह को मिलेगी भारी बढ़त : अनिल

कुल्लू। आगामी लोकसभा चुनावों में विक्रमादित्य सिंह को लाहौल-स्पीति से भारी बढ़त मिलेगी ये कहना है लाहौल-स्पीति कांग्रेस के वरिष्ठ पार्टी प्रवक्ता अनिल सहगल का। अनिल सहगल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मंडी संसदीय क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह जरूर जीतेंगे और भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। सहगल ने कहा कि मुकाबला भले ही बीजेपी के उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ओर प्रदेश कांग्रेस के युवा नेता विक्रमादित्य सिंह के बीच है।

**विक्रमादित्य एक काबिल और जमीन से जुड़े पार्टी के युवा एवं जुझारू नेता**

मगर हिमाचल के विकास में हिमाचल के विकास पुरुष एवं जनजातीय क्षेत्रों के मसीहा और प्रदेश के छह बार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के बेटे के साथ हैं, जिनके ऊपर जनता का पूरा आशीर्वाद रहेगा। विक्रमादित्य स्वयं एक काबिल और जमीन से जुड़े पार्टी के युवा एवं जुझारू नेता हैं। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात एक करने को तैयार है। सहगल ने कहा कि विक्रमादित्य के पिता स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह और माता रानी प्रतिभा सिंह का मंडी संसदीय क्षेत्र से गहरा नाता रहा है और दोनों ने कई बार सांसद और मंत्री रह कर अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

# देवी-देवताओं का हुआ अलौकिक मिलन

## देवता कोट भझारी के सानिध्य में ग्रामीण मेले की धूम

अनंत ज्ञान, आनी

देवभूमि जलोड़ी क्षेत्र का प्रसिद्ध वार्षिक कोट मेला धूमधाम से मनाया गया।

देवता कोट भझारी के सानिध्य में ग्रामीण मेला 23 से 25 अप्रैल तक मनाया गया। देवता शेषनाग के कारदार भागेराम राणा ने कहा कि मेला हर वर्ष गांव कोट के प्रांगण तथा मेला मैदान में मनाया जाता है। मेले में विशेष रूप से जलोड़ी क्षेत्र की देवी माता प्रकौट, सैकड़ों देवलुओं संग शामिल हुईं। मेले में दोनों देवी-देवताओं का भव्य मिलन हुआ, जिनका स्थानीय मेला कमेटी ने देव परंपरा अनुसार भव्य स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर देव नृत्य ने सबका मन मोहा, जबकि ग्रामीणों की सयुंक्त नाटी ने लोक संस्कृति की खूब अनुपम छटा बिखेरी। वहीं, महिला मंडलों, युवा मंडलों और सांस्कृतिक दलों के लोकनृत्य ने मेले में आए लोगों का खूब मन मोहा। कारदार भागे राम राणा ने बताया कि देवता कोट भझारी तथा देवी माता प्रकौट के दर्शन करने तीन दिनों तक लोगों का तांता लगा रहा। वीरवार को भी दोनों देवी-देवताओं का अलौकिक मिलन हुआ। मंदिर कमेटी ने दोनों देवी-देवताओं के साथ आए सभी देवलुओं को भंडारा भी दिया। पहाड़ी गीतों व लोकनृत्य से मेले में धूम रही। देवी माता परकोट के कारदार कर्म सिंह ने बताया कि देवी-देवताओं के प्रति आउटर सिराज की जनता की अटूट आस्था व अपार श्रद्धा है। गांव के हर घर से इस मेले में लोग शामिल होते हैं। देवी-देवताओं की विदाई के साथ कोट ठिर्सू मेला संपन्न हुआ।


आनी के जलोड़ी क्षेत्र के प्रसिद्ध वार्षिक कोट मेले में पहुंचे देवी-देवता।

# सिंगल काउंटर व मूल्य स्थिरीकरण बारे की चर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा कुल्लू की अध्यक्षता में वीरवार को जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू की बैठक बहुउद्देशीय भवन ढालपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू के सदस्यों के अतिरिक्त जिला कुल्लू की समस्त पैराग्लाइडिंग साइटों से एसोसिएशनों के प्रधानों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में सभी सदस्यों के साथ प्रत्येक पैराग्लाइडिंग साइट में पर्यटकों की सुरक्षा एवं पर्यटकों को सुखद अनुभव देने, पर्यटकों को पैराग्लाइडिंग गतिविधियों से संबंधित स्मृति चिन्ह/प्रमाण-पत्र जारी करने, पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के संचालन के लिए सिंगल काउंटर और मूल्य स्थिरीकरण बारे विस्तृत चर्चा की गई और साथ ही इसकी अनुपालना एवं पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को प्रदेश एयरो स्पोर्ट्स नियम, 2022 के अंतर्गत संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने कहा कि इन निर्देशों की अनुपालना में कोताही बरतने पर विभाग की ओर से नियमानुसार निरंतर कार्रवाई की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी।

**जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब की बैठक आयोजित**

# रसायनिक दवाइयों के छिड़काव के तरीके बताए

## सर्वो ऑर्चर्ड स्प्रे आयल की ओर से बागवानों के लिए सेमिनार आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली

मनाली में वीरवार की सर्वो ऑर्चर्ड स्प्रे आयल की ओर से घाटी के बागवानों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया।

इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से आयोजित सेमिनार में बागवानी विशेषज्ञ सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. जयंत कुमार मुख्यातिथि उपस्थित हुए। डॉ. जयंत ने कहा कि बागवान वैज्ञानिक तरीके से बागवानी कर कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने की दिशा में काम करें। बागवान जब मर्जी तब स्प्रे न करें। स्प्रे करने से पहले विशेषज्ञों की सलाह लें और उनकी सलाह अनुसार ही काम करें। सेब की फसल को बर्बाद होने से बचाएं। स्प्रे ऑयल लंबे समय तक उपयोग होने के बाबजूद कीटों में अपने प्रति कोई प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने नहीं देती। यह कीटों जैसे सैन जोस स्केल एवं यूरोपियन रेड माईट को नियंत्रित करती है। इंडियन ऑयल पंजाब व जम्मू के सीनियर मैनेजर गिरीश जैन ने कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी बागवानों का आभार जताया। ऑर्चर्ड स्प्रे ऑयल बागवानों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रही है। बागवानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बागवानों के घर द्वार तक ऑर्चर्ड स्प्रे ऑयल पहुंचाया जा रहा है। क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र बजौरा की सह निदेशक देवीना वैद्य ने बागवानी को स्वास्थ्य व आयुर्वेदा से जोड़ने की बात कही।


घाटी के बागवानों के लिए आयोजित सेमिनार के दौरान मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

उन्होंने बागवानों को सरकारी योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी और बागवानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का भी बात कही। बागवान सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रांतियों पर ध्यान न देकर अनुसंधान की साइट से सटीक जानकारी लें और जानकारी लेने के बाद विशेषज्ञों से भी सलाह लें। सर्वो ऑर्चर्ड स्प्रे ऑयल के अधिकृत विक्रेता प्रसून शर्मा ने सेमिनार आयोजित करने के लिए इंडियन ऑयल सहित सेमिनार में भाग लेने वाले बागवानों का आभार जताया।

# सुक्खू सरकार प्रदेश के आम लोगों की सरकार : कमलेश

अनंत ज्ञान, नादौन

लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर चुनाव प्रचार में उतर गई हैं। उन्होंने बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए बैठकें शुरू कर दी हैं।

वीरवार शाम को उन्होंने नादौन विधानसभा के नौंहगी में कांग्रेस के बूथ प्रभारियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें लोकसभा चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, पंचायत के पूर्व प्रधान डॉ. हंस राज स्याल, नौंहगी पंचायत के उपप्रधान ठाकुर प्रकाश चंद सहित क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बूथ प्रभारियों के अलावा नौंहगी वार्ड के चुनाव प्रभारी ललित चैधरी भी उपस्थित रहे। बैठक में कमलेश ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक ली तथा कहा कि प्रदेश की सरकार आपकी अपनी सरकार है और जनता की अकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। प्रदेश की सरकार की 15 महीनों की उपलब्धियां व जनहित में शुरू की गई योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। प्रदेश में शताब्दी की सबसे बड़ी आपदा आई विपरीत परिस्थियों के बावजूद भी मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी रही तथा उनकी हरसंभव मदद की। इस 15 महीने के कार्यकाल में सरकार ने प्यारी वहना योजना सहित महिलाओं,गरीबों व अन्य सभी वर्गों के हित में अनेकों योजनाएं शुरू की हैं।

**कांग्रेस की नीतियों व सुक्खू सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता**

# होटलियर्स की समस्याओं को लेकर मिलेंगे डीसी से : मुकेश

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली होटलियर्स एसोसिएशन की बैठक वीरवार को एसोसिएशन के प्रधान मुकेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पर्यटन सीजन को लेकर होटलियर्स की अनेक समस्याओं पर चर्चा की गई।

एसोसिएशन के प्रधान मुकेश ठाकुर ने बताया कि बैठक में पर्यटन सीजन से पहले कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग, कुल्लू-मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग तथा अन्य लिंक मार्गों को ठीक करने और तारकोल या कंक्रीट आदि कर पक्का करने को लेकर चर्चा की गई। वहीं, गारबेज को लेकर होटलियरों को आ रही गंभीर समस्या पर भी विचार किया गया।इसके अलावा अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। होटलियर्स से अपील की कि लीगल एडवाइजर की सलाह लेकर ही अनुबंध बनाएं, नहीं तो मालिक को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जल्द एसोसिशन उक्त समस्याओं को लेकर डीसी से मुलाकात कर उनके निपटारे की अपील करेगा।


मनाली होटलियर एसोसिएशन की बैठक के दौरान चर्चा करते पदाधिकारी।

# जिला प्रशासन इलेवन ने प्रेस क्लब को 32 रन से हराया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

निर्वाचन विभाग द्वारा एक जून, 2024 को प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव में कुल्लू जिले में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने व विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान करने के प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप के माध्यम से पिछले लंबे समय से अनेक गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

इसी कड़ी में वीरवार को जिला प्रशासन व युवा सेवाएं एवं खेल विभाग की ओर से मतदान के प्रति प्रेरित करने व युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन इलेवन व प्रेस क्लब कुल्लू के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसका थीम 'कुल्लू का यूथ चलेगा बूथ' था। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जिले में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने व विशेषकर युवा मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित पर स्वीप के माध्यम से अनेक गतिविधयां व कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला व विधानसभा क्षेत्र स्तर पर स्वीप दलों का गठन किया गया है, जो शिक्षण संस्थानों व ग्राम व पंचायत स्तर पर मतदाताओं विशेषकर युवाओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।


स्वीप के तहत ढालपुर मैदान में आयोजित क्रिकेट मैच प्रतियोगिता की विजेता टीम के साथ डीसी।

### लोकतंत्र में एक-एक वोट का अहम महत्व

लोकतंत्र में एक-एक मत का अहम महत्व है। ऐसे में हम सभी मतदाताओं का दायित्व बनता है कि हम सभी बिना किसी दबाव व बिना किसी प्रलोभन से मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने मीडिया कर्मियों से भी मतदान के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। जिला प्रशासन इलेवन व प्रेस क्लब कुल्लू के बीच आयोजित रोमांचक क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन इलेवन विजयी रही। जिला प्रशासन इलेवन ने प्रेस क्लब कुल्लू को 32 रनों से हराया। जिला प्रशासन इलेवन ने 20 ओवर में 136 रन बनाए, जब कि प्रेस क्लब की टीम 14.5 ओवर में 104 रनों पर ही सिमट गई। जिला प्रशासन इलेवन टीम का नेतृत्व उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने किया, जबकि प्लेइंग कैप्टन पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन रहे। वहीं, प्रेस क्लब कुल्लू की टीम का नेतृत्व प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने किया व प्लेइंग कैप्टन संदीप सिंह रहे। उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

45वीं राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबाल संघ लाहौल-स्पीति टीम पतलीकूहल से वीरवार को रवाना हो गई है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 28 तक हमीरपुर में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर से टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में लाहौल-स्पीति की ब्वॉयज एवं गर्ल्स की टीमें भाग लेने जा रही हैं। लाहौल-स्पीति की बास्केटबाल टीम कोच सूरज और नेहा बौद्ध के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लेंगी। लड़कियों की टीम में तन्वी ठाकुर, अस्मिता सिंह , शुभांगी सिंह, श्रेयसी, निर्मला, किरण ठाकुर, समीक्षा ठाकुर, पेमा, वर्षा, नव्या और तानिया शामिल हैं। लड़कों को टीम में विशाल गिरी, अभिषेक, अनिकेत, तेंजीन, अर्शदीप, अनुज, रक्षित, रोहित, नितेश और विनीत शामिल हैं।

जिला बास्केटबाल संघ लाहौल-स्पीति के चेयरमैन मदन बौद्ध ने टीम के रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और साथ ही बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।


45वीं राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम।

## एसपी की अध्यक्षता में मासिक क्राइम रिव्यू मीटिंग का हुआ आयोजन

# अलर्ट मोड पर रहें पुलिस अधिकारी

अनंत ज्ञान, केलांग

जिला मुख्यालय केलांग में मासिक क्राइम रिव्यू मीटिंग से संबंधित विषय में एसपी लाहौल-स्पीति ने बैठक का आयोजन कर स्थिति का जायजा लिया।

वीरवार को न्यू पुलिस लाइन केलांग में जिला लाहौल-स्पीति पुलिस की जेसीसी, वेलफेयर एवं क्राइम रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मयंक चौधरी पुलिस अधीक्षक जिला लाहौल-स्पीति द्वारा की गई, जिसमें राज कुमार एएसपी, मुख्यालय जिला निरीक्षक अनिल, थाना प्रभारी केलांग उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, थाना प्रभारी उदयपुर उपनिरीक्षक मुकुल शर्मा, प्रभारी पुलिस थाना काजा उपनिरीक्षक चूंग राम एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। बैठक के दौरान उपस्थित जवानों के वेलफेयर से संबंधित मुद्दों पर संवाद व वेलफेयर से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। उसके उपरांत मासिक क्राइम रिव्यू मीटिंग से संबधित विषय में एसपी लाहौल-स्पीति द्वारा बैठक ली गई जहां पर क्राइम मीटिंग में सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस चौकी प्रभारी, पुलिस चेक पोस्ट प्रभारी आदि को आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण तरीके से करवाने एवं अलर्ट मोड में रहने के आदेश दिए गए। इसके साथ ही सभी जवानों को सतर्कता बरतने के साथ-साथ किसी भी अवैध एवं संदेहजनक गतिविधियों और अपराध नियंत्रण आदि विषयों के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।


मासिक क्राइम रिव्यू की बैठक में उपस्थित एसपी लाहौल-स्पीति एवं अन्य पुलिस अधिकारी।

## 27 व 28 को बिजली रहेगी बंद

कुल्लू। 11 केवी शाट फीड़र के अंतर्ग आने वाले गांवों में जरूरी रखरखाव के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी 132 केवी डी/सी बरशैनी छरो ट्रांसमिशन लाइन में स्ट्रिगिंग कार्य को कार्यान्वित करने के लिए 27 और 28 अप्रैल को 11 केवी शाट फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव हाथीथान जिया, पारला भूंतर, शाट, छन्नीकोड बड़ा भूईन, छरौड़ नाला, नरोगी जच्छनी, भैण, बिजली महादेव, जलुग्रां बड़ा मूईन, व आसपास के इलाके में सुबह के नौ से शाम के छह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्त तिथियों में मौसम खराब या बारिश रहती है, तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। विभाग ने बिजली आपूर्ति के दौरान संबंधित सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है।

**ज्ञापन** चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने सौंपा ज्ञापन

# मतदाताओं को नशे का प्रलोभन देने पर लगाएं रोक

अनंत ज्ञान, आनी

उपमंडल आनी के तहत हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति जिला सदस्य रंजना शर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम आनी नरेश वर्मा के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश को चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि आमतौर पर चुनाव में यह देखा गया है कि कई राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से चुनावों के दौरान अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए कई प्रकार के प्रलोभन जैसे कि शराब, नशीली दवाओं और पैसों आदि का आवंटन किया जाता है, जिसकी वजह से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हो पाना असंभव हो जाता है। इस तरह का अनैतिक आचरण लोकतंत्र की नींव कमजोर करता है। नागरिकों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करता है। रंजना शर्मा ने कहा कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का यह व्यवहार न केवल चुनावी प्रक्रिया को विकृत करता है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास भी कम करता है। ऐसे में नशे के ऊपर पूरी तरह लगाम लगाई जाए।


चुनावों में बढ़ते नशे पर रोक लगाने के बारे ज्ञापन सौंपते हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के सदस्य।

### नशे के ऊपर लगाई जानी चाहिए लगाम

देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती को कायम रखने के लिए तत्पर रहते हुए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का यह व्यवहार न केवल चुनावी प्रक्रिया को विकृत करता है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास भी कम करता है। ऐसे में नशे के ऊपर पूरी तरह लगाम लगाई जानी चाहिए। इस मौके पर ज्ञान-विज्ञान समिति सदस्य संदीपना ठाकुर, नीना ठाकुर, रीमा, चंद्रकांता तथा ओमी चंद आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं के लिए संस्कृत आवश्यक

## कन्या विद्यालय में सोमवार से शुरू होगा दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर

अनंत ज्ञान, आनी

राजकीय कन्या विद्यालय आनी में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्कृत संभाषण का आरंभ किया जा रहा है, जिसमें स्कूल की छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग लेकर संस्कृत संभाषण सीखेंगी।

विद्यालय में शास्त्री पद पर सेवारत शास्त्री हीरालाल ( कमल) शर्मा ने संभाषण शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि गत सत्र में भी विद्यालय में संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने भाग लेकर स्कूल में संस्कृतमय वातावरण निर्माण किया और आम बोलचाल में भी संस्कृत भाषा में व्यवहार करती आ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संस्कृत क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं हैं। कन्या विद्यालय के प्रधानाचार्य जवाहर ठाकुर ने संस्कृत को वर्तमान समाज के लिए अमूल्य धरोहर और भविष्य की आवश्यकता बताते हुए छात्राओं के लिए संस्कृत को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने बताया आज केवल भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी संस्कृत अध्ययन में बल दिया जा रहा है। वर्तमान में राज्य सरकार भी अन्य भाषाओं के साथ-साथ संस्कृत के विकास अध्यन अध्यापन की और बल दे रही है।


आनी स्कूल में शिक्षक हीरालाल शर्मा संभाषण शिविर बारे स्टूडेंट्स को जानकारी देते हुए

# आठ से दस मई तक चलेगा नलवाड़ मेला मोरसिंघी, तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, दधोल**

नलवाड़ मेला समिति मोरसिंघी की बैठक लखदाता पीर भ्याणु मंदिर के प्रांगण में मन्नत चादर चढ़ाने के मौके पर हुई। सभी मेला समिति के सदस्यों ने मिलकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और इलाके की समस्त लोगों के लिए सुखशांति व समृद्धि की मनोकामना की। तीन दिवसीय नलवाड़ मेला मोरसिंधी आठ मई से दस मई तक हर वर्ष की तरह मनाया जाएगा।


नलवाड़ मेला मोरसिंघी के सदस्य बैठक करते हुए।

इस अवसर पर समिति के प्रधान केआर रतन ने कहा कि मेले के पहले दिन आठ मई को क्षेत्रवासी अपने-अपने पशुओं को मेले के पहले दिन आठ मई को सुबह लेकर आएं। उत्कृष्ट पशुओं को नकद राशि ईनाम में दी जाएगी। नलवाड़ मेले में खेल प्रतियोगिताओ में कबड्डी स्पर्धी होगी। इसमें पहला ईनाम 11000, व द्वितीय ईनाम 9000 रुपए नकद दिया जाएगा। उन्होंने प्रतिभागी टीमों से पांच मई से पहले अपना पंजीकरण करवाने हेतु मेला प्रबंधक व्हाट्स ऐप नंबर 98057 57446,7807202249, पर संदेश के माध्यम से नाम देने का आह्वान किया है। इसी व्हाट्सएप नंबर पर महिला मंडल, रस्साकस्सी,व संगीत कुर्सी प्रतियोगिता के लिए अपना अपना आवेदन भेज सकते हैं। आठ व नौ मई को पांच बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें हिमाचल के जाने-माने गायक व कलाकार हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मेला संरक्षक राहुल चौहान, महासचिव कर्म सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष दीपा राम वशिष्ठ, उपप्रधान शहजाद चौहान, सीता राम, बाबू राम, जगदेव चौहान, अभिषेक सोनी आदि सदस्य मौजूद रहे।

# पिस्तौल दिखाकर महिलाओं से लूटे गहने

## दबट में कार सवार युवकों ने महिलाओं से छीनी कान की बालियां, सोने के दो टॉप्स जबरदस्ती उतरवाए

**अनंत ज्ञान, श्रीनयनादेवी**

पंजाब और हिमाचल की अंतिम सीमा बिलासपुर जिला के दबट क्षेत्र में पिस्तौल की नोक पर महिलाओं से गहने लूटने का मामला सामने आया है।

इसमें कार सवार युवकों ने महिलाओं से कान की बालियां और दो सोने के टॉप्स जबरदस्ती उतार दिए। महिलाओं को पिस्तौल का दिखाकर यह सारी लूटपात हुई है। जिसमें वीरवार को कोट कहलूर थाना में महिलाओं की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के उपमंडल श्रीनयनादेवी जी के दबट गांव में बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर दो महिलाओं से गहने लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश पंजाब की ओर फरार गए। कोट कहलूर थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गांव दबट की एक महिला ने बताया है कि बुधवार शाम को गांव की एक अन्य महिला के साथ सड़क किनारे बैठी थी। इसी बीच एक कार उनके पास आकर रुकी। कार से तीन युवक उतरे। एक लड़ने ने पंजाबी में गुरु का लाहौर को जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने ही लगी कि उसने बगल से पिस्तौल निकालकर उसके गले पर रख दी। उन में से एक आरोपी ने उसके कानों से सोने की बालियां और दूसरे ने साथ बैठी महिला के कानों से दो सोने के टॉप्स जबरदस्ती उतार लिए।

### छानबीन में जुटी पुलिस

**उधर,** बिलासपुर एसपी विवेक चहल का कहना है कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है। कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। एसपी विवेक चहल ने कहा कि पुलिस मामले के हर पहलू की छानबीन कर रही है।

### नाका तोड़ने के बाद किरतपुर के पास पकड़े आरोपी



**वहीं,** प्रभारी थाना कोट ने अन्य पुलिस कर्मियों की सहायता से ईलाका की नाकाबंदी की। प्रभारी थाना के आदेश पर दबट रोड़ घटेवाल में नाकाबंदी कर कार सवारों को रोकने के लिए सड़क को पत्थरों के अवरोध से बंद किया। थोड़ी देर बाद एक कार आई, जिसका नंबर (पीबी 65 बीएच-5624) पाया गया। कार चालक ने नाका देखकर कार की गति को कम किया। जैसे ही पुलिस चैक करने के लिए आगे बड़ी, तो कार चालक ने एकदम कार को तेज रफ्तारी से चलाकर पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास किया व गाड़ी को पत्थरों के उपर से निकालकर गुरु के लाहौर की तरफ गाड़ी भगाकर ले गए। पुलिस ने अन्य स्थानों पर भी नाकाबंदी की थी तथा ज्यों ही यह गाड़ी सोहेला घोड़ा में लगे नाके पर पहुंची जहां पर प्रभारी थाना कोट निरीक्षक बलबीर सिंह पुलिस टीम के साथ नाके पर तैनात थे। वहां पर भी आरोपी नाका को तोड़कर गाड़ी को भगा ले गए। इस पर पंजाब पुलिस को सूचित किया व प्रभारी थाना ने भी उपरोक्त गाड़ी का पीछा करना शुरू किया। आरोपियों ने पंजाब पुलिस द्वारा आन्नदपुर में लगे नाके को भी तोड़ दिया व गाड़ी भगा ले गए। इस पर उपरोक्त गाड़ी को आरोपियों सहित किरतपुर में पकड़ लिया। गाड़ी में चार लड़के व एक लड़की बैठे पाए गए। इनके नाम क्रमशः गौरव गिर, अजय कुमार, टिकू शर्मा, जसप्रीत कौर तथा एक आरोपी 15 वर्ष का बतलाया गया है। यह सभी आरोपी पटियाला पंजाब के रहने वाले है। गाड़ी सवारों से लूटे हुए सोने के आभूषणों को बरामद कर लिया गया है तथा घटना में प्रयुक्त की गई पिस्तौल को भी बरामद किया गया, जो चैक करने पर नकली व सिगरेट लाइटर होना पाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मिनर्वा के 62 छात्रों ने उत्तीर्ण की जेईई मेन परीक्षा



इन छात्रों ने पास की जेईई मेन की परीक्षा ।

**घुमारवीं।** एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन परीक्षा परिणाम में मिनर्वा शिक्षण व कोचिंग संस्थान घुमारवीं के विद्यार्थियों ने एक नई इबारत लिखी है। मिनर्वा संस्थान से शिक्षा व कोचिंग प्राप्त कर रहे कुल 62 अभ्यार्थियों ने परीक्षा में अपना लोहा मनवा कर सब को गौरवान्वित किया है। इसमें से 52 छात्र जेईई एडवांस की परीक्षा में भी अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। वहीं, जारी परीक्षा परिणाम में मिनर्वा घुमारवीं के छात्रों, क्षितिज ने 99.20, प्रशम कपिल ने 98.94, शुभम शर्मा ने 98.90, पार्थ ने 98.77, सक्षम ने 98.70, प्रियल ने 98.12, रितिका चन्देल ने 97.87, शिवम डोगरा ने 97.68, युविका चैहान ने 97.63, शिव मंथन ने 97.16, शौर्य पठानिया ने 97.03, आर्यन शर्मा ने 97.01 परसेंटाइल हासिल किए। इस मौके पर मिनर्वा शिक्षण व कोचिंग संस्थान के संयोजक व संस्थापक परवेश चंदेल व राकेश चंदेल ने इन सभी बच्चों व इनके अभिभावकों तथा मिनर्वा संस्थान के अध्यापकों बधाई दी।

### आज घुमारवीं आएंगे अनुराग ठाकुर

**घुमारवीं।** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर 26 अप्रैल शुक्रवार को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर होंगे। यह जानकारी घुमारवीं भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री सुबह दस बजे तडौन, 11 बजे सुसनाल, 12 बजे डंगार, दोपहर एक बजे गुग्गा मोहड़ा, तीन बजे संडयार, सायं चार बजे भगेड तथा पांच बजे तियून खास में लोगों से रू-ब-रू होंगे। उन्होंने समस्त लोगों से इन कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया।

### बैरी में की ट्रक चालकों के स्वास्थ्य की जांच

**बिलासपुर।** ट्रक परियोजना बरमाणा ने बैरी में ट्रक चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में परियोजना की ओर से डॉ. विवेक चंदेल ने ट्रक चालकों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षक जगदीश ने ट्रक चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आ रही है और इसका एकमात्र कारण है कि युवाओं को सही जानकारी सही समय पर नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि आजकल एक नशे का प्रचलन चला हुआ है वह है सुइयों के प्रयोग से नशा लेना। आजकल के युवा इस नशे की लत के आदी होते जा रहे हैं। इससे सूइयों के साझे प्रयोग की संभावना बढ़ जाती है। यदि कोई सूइयों का समूह में इस्तेमाल कर रहा है तो उसको एचआईवी और हेपेटाइटिस-बी और सी होने का खतरा बढ़ जाता है।

### रौडा सेक्टर में मां भगवती जागरण चार को

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के रौडा सेक्टर में स्थित बास्केटबॉल स्टेडियम में आगामी चार मई को 14वां विशाल मां भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध गायक कमल प्रिंस, अर्जुन गोपाल, रंजना रघुवंशी व महेश बंसल महामाई का गुणगान करेंगे। इसके अलावा अमन त्रिवेदी आर्ट्स ग्रुप के कलाकार मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी देते हुए हिम युवा विकास समिति के मुख्य संरक्षक अविनाश कपूर, प्रधान तिलक राज ठाकुर व महासचिव यजुवेंद्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महामाई का जागरण बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है।

# पोल डे मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप से 380 अधिकारियों को दी चुनावों की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मतदान दलों के लिए प्रथम पूर्व अभ्यास कार्यकर्म आज बहु-उद्देशीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में आयोजित किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी अभिषेक कुमार गर्ग में आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए 48 बिलासपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र के पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों, महिला मतदान केद्रों के समस्त मतदान दल के सदस्य तथा यूथ मैनेजमेंट पोलिंग स्टेशन मतदान दल के सदस्यों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 230 पीठासीन अधिकारी तथा 150 सहायक पीठासीन अधिकारी बहु-उद्देशीय सांस्कृतिक परिसर प्रेक्षागृह में शामिल हुए । उन्होंने बताया कि पोल डे मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप के माध्यम से इन्हें जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। दलों द्वारा मतदान से पूर्व किए जाने वाले कार्य, मतदान के दिन की तैयारी तथा मतदान प्रक्रिया के उपरांत किए जाने वाले कार्यों के प्रति विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।


उपमंडल अधिकारी अभिषेक कुमार गर्ग अधिकारियों को जानकारी देते हुए।

### दो सत्रों में करवाया जाएगा पूर्वाभ्यास

**नायब** तहसीलदार निर्वाचन नारायण दास ने मतदान प्रक्रिया एवं आईटी नोडल प्रभारी विक्रांत ने पीडीएमएस के संबंध में दो सत्रों में पूर्वाभ्यास में प्रशिक्षण प्रदान किया। पूर्वाभ्यास के अंतर्गत ईवीएम मशीन की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई।

# इलाज न करने पर स्वास्थ्य कर्मियों पर उठाए सवाल

## स्वास्थ्य विभाग घुमारवीं पर आए दिन उठ रहे कई सवाल, दी लिखित शिकायत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सिविल अस्पताल घुमारवीं में मरीजों के साथ लगातार हो रहे लापरवाही के मामलों ने संवेदनहीनता की सारी हदें लांघ दी है। अभी पिछले दिनों आपात स्थिति में भर्ती मरीज को अस्पताल के सुरक्षाकर्मी द्वारा ग्लूकोस ड्रिप लगाए जाने का मामला ठंडा नहीं पड़ा था। वहीं, मामला बुधवार सुबह सात बजे का है जब उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत टकरेड़ा के 71 वर्षीय जगदीश अपनी कटी अंगुली का इलाज करवाने अस्पताल पहुंचे, लेकिन अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा न केवल उनकी पर्ची बनाने से मना कर दिया गया। बल्कि उनका इलाज करने से ही मना कर दिया। इसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा सिविल अस्पताल घुमारवीं के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को लिखित रूप में दी। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि बुधवार सुबह करीब छह बजे वह अपने घर से खेतों में घास काटने गया, तो वहां पर घास काटते हुए दराती से उंगली कट गई। इसके बाद वह अपनी उंगली को दूसरे हाथ में दबा कर सात बजे अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने के बाद वह तुरंत आपात ड्यूटी रूम में पहुंचे। जहां पर कुछ महिला स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थी। उन्होंने वहां पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मी से पर्ची बनाकर उनका इलाज करने का आग्रह किया, लेकिन वहां पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा इलाज करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह 9:30 के बाद अस्पताल आने का फरमान जारी कर दिया। उसके बाद ही उनका इलाज हो पाएगा। यहां तक कि वह अपनी कटी अंगुली पर ड्रेसिंग करने के लिए भी गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उनकी एक नहीं सुनी। थक हार कर वह वापस अपने घर वापस आ गए।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बाद वह गांव में बने हेल्थ सेंटर पहुंचे तो वहां पर ताला लटका पाया। दोपहर 11 बजे तक उन्होंने इंतजार किया, लेकिन कोई स्वास्थ्य कर्मी हेल्थ सेंटर नहीं पहुंचा। इसके बाद वह कटी अंगुली को अपने दूसरे हाथ में थाम कर वापस अपने घर चले गया। शाम को करीब तीन बजे में दोबारा हेल्प सेंटर पहुंचे तो वहां पर फिर ताला लटका पाया। इसके बाद में फिर हम वापस घुमारवीं सिविल अस्पताल पहुंचे तब जाकर उनका इलाज संभव हो पाया।

### रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी कार्रवाई

**वरिष्ठ** चिकित्सा अधिकारी, घुमारवीं विशाल जम्वाल ने कहा कि इस बारे में लिखित शिकायत आई है मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी तथा जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले पर कार्रवाई की जा सकती है।

# मीट मार्केट के पास गार्बेज स्टोर में भड़की आग

## फायरब्रिगेड के 12 जवानों और स्थानीय लोगों की मदद से पाया आग पर काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर की मीट मार्केट के साथ बने नगर परिषद के गार्बेज स्टोर में बुधवार देर रात अचानक आग लग गई। उसे काबू करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों के साथ करीब 12 जवानों की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

हालांकि, इस आगजनी घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और गार्बेज स्टोर के साथ गोशाला में आग नहीं पहुंची। जहां करीब 150 करीब पशु थे।

वहीं, सूचना मिलते ही सदर थाना और चौकी की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। इस बारे में पुलिस सदर थाना प्रभारी रूपलाल कथानिया ने बताया कि करीब साढ़े 12 बजे सूचना मिली कि नगर परिषद के गार्बेज स्टोर में आग लग गई है। उस पर तुरंत वह अपनी टीम के साथ पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। आग कैसे लगी, इसके बारे में पता किया जा रहा है।


स्टोर में भड़की आग।

आग को बुझाते हुए अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।


### नुकसान का आकलन किया जा रहा है : डीसी

**गौरतलब** है कि नगर परिषद बिलासपुर द्वारा उक्त स्थान में इन दिनों डंपिंग स्टोर भी बनाया हुआ है। वहीं, इस डंपिंग स्टोर में कूड़े के ढ़ेर लगे हुए थे, ऐसे में सूखा कूड़ा होने की वजह से आग ज्यादा भड़की भी है। वहीं, आपको यह भी बता दें कि शहर के साथ नप ने डंपिंग स्टोर बना रखा है, इससे न केवल इसके साथ लगते स्थानों में गंदी बदबू फैली होती है, बल्कि यहां पर कूड़ा होने की वजह से बीमारियां फैलने का भी भय बना हुआ है। उधर, इस संदर्भ में बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### बिलासपुर में बनाया जाए अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल

**बिलासपुर।** स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर के जिलाध्यक्ष इशान अख्तर ने हिमाचल प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन बिलासपुर से मांग की है कि बिलासपुर में उचित स्थान पर अंतरराष्ट्रीय स्तरीय स्विमिंग पूल का निर्माण किया जाए। इशान अख्तर ने कहा कि स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर पिछले कई वर्षों से जिला बिलासपुर के स्विमिंग के इच्छुक खिलाड़ियों को हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने में प्रयासरत है। लेकिन जिला बिलासपुर में स्विमिंग पूल न होने के कारण खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। इसलिए आपसे सादर निवेदन है कि बिलासपुर में उचित जगह पर अंतरराष्ट्रीय स्तरीय स्विमिंग पूल का निर्माण किया जाए, ताकि भविष्य में बिलासपुर में राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप आयोजन करवाया जा सके। इससे जिला बिलासपुर के साथ-साथ प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा तथा जिला बिलासपुर, पर्यटन के विश्व मानचित्र पर उभर कर सामने आएगा। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि अगर बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल का निर्माण किया जाता है तो खिलाड़ियों को स्विमिंग गेम में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप के दौरान अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। इसके अलावा भविष्य में कॉमनवेल्थ एवं ओलंपिक स्विमिंग गेम में हिमाचल के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। मुक्त कानूनी सहायता या सलाह के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों, टोल फ्री नंबर 15100 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-224887 पर संपर्क कर सकते है।

# गायक कन्हैया मित्तल ने गाए एक से बढ़कर एक भजन, भक्तिमय हुआ माहौल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हारे का सहारा कामरु श्याम सेवा समिति घुमारवीं श्याम संग हनुमान दूसरी विशाल भजन संध्या का आयोजन करवाया गया। इस दौरान अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। घुमारवीं में आयोजित इस भजन संध्या में भजन गायक कन्हैया मित्तल ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया।


स्टेज पर अपनी प्रस्तुति देते गायक कन्हैया मित्तल।

भजन संध्या के दौरान खाटू श्याम का सुंदर दरवार लगाया गया था। जहां लोगों ने माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। कन्हैया मित्तल ने भजन संध्या के दौरान कहा कि वह पिछले 26 वर्षों से भजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में बहुत शक्ति है। पहली शक्ति कुल देवता , दूसरी ईष्ट देवता, तीसरी क्लदेवी व चौथी शक्ति पितृ जी आशीर्वाद रूप में साथ रहते है। कन्हैया मित्तल ने हिंदी, पंजाबी भजन गाकर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मित्तल ने हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है, जिसके घर में खाटू वाले कि तसवीर लगाई जाती है, आ गया हूं दुनियादारी सारी बाबा छोड़कर, तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा, लेने आजा खाटू वाले रींगस के उस मोड़ पर, गजब मेरे खाटू वाले, खाटू वाले श्याम धनी, बालाजी अच्छा लागे से, लाडला खाटू बाले का,चस्का श्याम की यारी का, खाटू वाले श्याम जी कमाल हो गया बंदा तेरा बाबा मालामाल हो गया, जब नैया चलाये श्याम जी परवाह नही किसी काम की, श्रीराम जी दूत बड़े खास बाला जी, राम नाम रसियो रे मेरो मन वासियों रे, किजो केसरी के लाल मेरो छोटो से ये काम मेरी राम जी से कह देना जय श्रीराम, बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आये हैं, छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना, न गोरे का न काले का में लाडला खाटू वाले काआदि भजन प्रस्तुत किए।

**परेशानी** कूड़े के ढेर खोल रहे स्वच्छता अभियान की पोल, लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

# ग्रीष्मोत्सव मेला खत्म पर कूड़ा वैसे का वैसा ही

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

स्वच्छता को लेकर समय-समय पर कार्यक्रम भले ही आयोजित कि, जाते रहे हो, लेकिन जमीनी स्तर पर यह खोखला ही नजर आता है। इसका उदाहरण घुमारवीं में सिर खड्ड किनारे लगा राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले में फैला कूड़ा कचरा है।

**मेला मैदान की सुंदरता को ग्रहण लगा रहा कचरा**

मेला अब खत्म हो चुका है लेकिन मेला खत्म होने के बाद अपने पीछे कूड़े व प्लास्टिक का ढेर छोड़ गया है, जिससे मेला मैदान की सुंदरता को ग्रहण लग रहा है। मेले में आई दुकानों को तो स्थानीय प्रशासन ने हटा दिया, लेकिन मैदान को साफ करने की दिशा में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। ग्रीष्मोत्सव मेले के आरंभ में जो अव्यवस्था का आलम देखने को मिला था, वैसा ही मेले के समाप्त होने के बाद भी दिख रहा है। पांच से नौ अप्रैल तक चलने वाला राज्य स्तरीय मेले को समाप्त हुए 15 दिन से ऊपर का समय हो चुका है तथा मेला ग्राउंड में मेला भी समाप्त हो चुका है, लेकिन इस ग्राउंड में कूड़े के ढेर स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहे हैं। यहां हर ओर कूड़ा नजर आ रहा है। मेला कमेटी ने दुकानें लगवाई थीं, वहां पर अब कचरा नजर आ रहा है।



घुमारवीं में सीर खड्ड किनारे लगे राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला ग्राउंड में फैली गंदगी।

### दुकानें हटाई, कूड़ा वहीं छोड़ गए

**वहीं,** दुकानों को लगाने का समय खत्म हुआ तो वैसे ही स्थानीय प्रशासन ने सभी दुकानदारों को वहां से दुकानें हटाने के निर्देश जारी कर दिए। 15 अप्रैल को दुकानदारों ने दुकानें तो हटा दीं लेकिन अपने साथ लाया भारी प्लास्टिक व कूड़ा मैदान में ही छोड़ गए। वहीं, नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने कहा कि लोगों की शिकायतें मिल रही है कि मेला ग्राउंड में कूड़े के ढेर लगे है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मैदान की सफाई का कार्य शरू किया जाएगा।

# चिल्ड्रन पार्क में पड़ा मलबा, उठ रहे सवाल

## सीनियर सिटीजन सहित महिलाएं और बच्चे झेल रहे परेशानी, दो महीनों से फ्रंट वॉल को उखाड़ा जा रहा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के चिल्ड्रन पार्क में सीनियर सिटीजन सहित महिलाएं और बच्चे चैन के कुछ पल बिताने आते हैं पर पार्क में जमा किया मलबा इस वर्ग को निराश कर रहा है। मामला निगम के ध्यानार्थ होने के बावजूद ठेकेदार को मलबा उठाने के लिए बाध्य नहीं किया जा रहा है। इससे संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

चिल्ड्रन पार्क को सोलन शहर का सबसे पॉश क्षेत्र माना जाता है। शहर के अन्य पार्कों के मुकाबले यहां रोज बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन और छोटे बच्चे आते हैं, पिछले करीब दो महीनों से पार्क के फ्रंट वॉल को उखाड़ा जा रहा है, जिसका मलबा पार्क में ही जमा है। कायदे से मलबा समय पर उठ जाना चाहिए था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा आम लोगों को भुगतान पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि दीवार को गिराए लंबा अरसा बीत जाने के बावजूद इसका नए सिरे से निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि पार्क की मुख्य दीवार को उखाड़ने की इतनी जल्दी क्या थी। सवाल यह भी है कि फूल-पौधों से भरी पक्की दीवार को गिराने की क्या जरूरत पड़ गई, जबकि शहर में कई गलियों और सड़कों में बरसात से हुए नुकसान की आज तक भरपाई नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)



सोलन के चिल्ड्रन पार्क की दीवार गिराने के बाद पार्क में पड़ा मलबा।

### वरिष्ठ नागरिक धूल में बैठने को मजबूर

शहर का केंद्र बिंदु चिल्ड्रन पार्क में रोज दर्जनों की संख्या में सीनियर सिटीजन चेन के पल गुजारने आते हैं। पर ठेकेदार की लापरवाही से लेबर ने दीवार उखाड़ने के बाद निकले मलबे का पार्क में ढेर लगा दिया। अब सीनियर सिटीजन और बच्चों को ईट, पत्थर के बीच अपना समय व्यथित करना पड़ रहा है। यह वर्ग रोज अगली सुबह यह उम्मीद लेकर पार्क पहुंचता है कि आज तो मिट्टी का ढेर साफ हो गया होगा पर उन्हें मनमर्जी से सिस्टम की मार झेलनी पड़ रही है। नियम के तहत किसी भी निर्माण कार्य से आमजन को असुविधा नहीं होनी चाहिए। पर नगर निगम को शायद इन नियमों का फर्क नहीं पड़ता।

### दीवारों का निर्माण तो हुआ, मलबा नहीं उठाया

शहर के पार्कों में इन दिनों रिटेनिंग वॉल का निर्माण तो किया पर मौके से ठेकेदारों की तरह से मलबा नहीं उठाया जा रहा है। इससे यहां पर खेलकूद करने वाले बच्चों के चोटिल होने का खतरा रहता है। इसी तरह चिल्ड्रन पार्क का टूटा फव्वारा, टूटा-फूटा बेंच आते-जाते राहगीरों को अपनी दुर्दशा की दास्तां सुनाता नजर आता है। इसी तरह पार्क के इर्द-गिर्द गिराई गई निर्माण सामग्री से उड़ती धूल फांकते लोग निगम की कार्यप्रणाली को कोसते दिखाई देते हैं।



चिल्ड्रन पार्क की फ्रंट वॉल को नए सिरे बनाया जाना है। इसका टेंडर उनके टेन्योर से पहले हुआ है। ठेकेदार को निर्माण के साथ मलबा उठाने के भी निर्देश हैं। पार्क की दीवार के निर्माण कार्य को शुरू करवाने के लिए अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए हैं।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# सोलन के परवाणू में थम नहीं रहा डायरिया, 485 पहुंचा आंकड़ा



सोलन अस्पताल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला सोलन के परवाणू में डायरिया थमने का नाम नहीं ले रहा है। वीरवार को भी नौ रोगी डायरिया से पीड़ित ईएसआई अस्पताल पहुंचे। यह मामले शहर और साथ लगते क्षेत्रों से आ रहे हैं। अब मामले बढ़कर 485 हो गए हैं। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किए जा रहे उपायों के बावजूद डायरिया कम होने का नाम नहीं ले रहा। वीरवार को भी ईएसआई अस्पताल में काफी भीड़ देखने को मिली। वहीं, गर्मियों का सीजन शुरू होते ही जिला मुख्यालय में जल जनित बीमारियों बढ़ने लगी हैं। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में कुछ दिनों से डायरिया के केस सामने आ रहे हैं। हालांकि रोगी अलग-अलग क्षेत्रों से हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। विभाग ने शहर के कुछ स्टोरेज टैंकों से सैंपल भी भरें हैं। परवाणू में स्वास्थ्य विभाग का घर-घर जाकर पानी की जांच करने का अभियान जारी है। आशा वर्कर्स की टीम ने परवाणू और आसपास के क्षेत्रों में पानी की टंकियों की जांच की और लोगों को साफ करने के लिए कहा। आशा वर्कर्स ने लोगों को क्लोरीन, ओआरएस घोल, दवाएं, जिंक भी वितरित की। उधर, खंड चिकित्सा अधिकारी धर्मपुर डॉ. कविता शर्मा ने कहा कि ईएसआई अस्पताल परवाणू में अभी भी नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग घर-घर जाकर दवाएं वितरित कर रहा है।

# पुलिस ने पकड़ी 24 बोतल शराब

**दाड़लाघाट।** पुलिस थाना के तहत 24 बोतल शराब पकड़ने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार संदीप कुमार निवासी गांव काकड़ा (दाड़लाघाट) ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान वह अपनी टीम के साथ दसेरन लिंक से अर्की सड़क पर करीब 100 मीटर पर गाड़ियों को चैक करते समय बुधवार रात 10 बजे करीब गाड़ी नंबर एचपी-52सी-2500 आई, जिससे तलाशी के दौरान कार की डिक्की से गत्ता पेटी रखी हुई पाई गई, जिनमें से एक गत्ता पेटी खुली व दूसरी बंद पाई गई। तलाशी के दौरान दोनों पेटियों में 12-12 बोतलें ओल्डमोक रखी हुई थी। इन सभी 24 बोतलों पर सेल फॉर चंडीगढ़ लिखा हुआ था। कार चालक की पहचान पंकज निवासी गांव टूयरू (धुन्दन) के तौर पर हुई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने भगोड़े अपराधी को किया गिरफ्तार

**सोलन।** थाना कंडाघाट की टीम ने वर्ष 2007 के चोरी के एक मामले में भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस मामले के अनुसार 26 फरवरी, 2007 को थाना कंडाघाट में मदन लाल निवासी गांव कोटी तहसील व जिला शिमला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह टिकरी मोड़ कंडाघाट में किराये के मकान में होटल/ढाबा चलाते थे। ढाबा/होटल उपरोक्त में काम करने के लिए उन्होंने विजय कुमार पुत्र अशरफी लाल गांव सिसोटा तहसील सिंबल, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश को रखा हुआ था, जो ढाबा का सारा काम-काज व हिसाब-किताब यही देखता था, क्योंकि यह खुद टुटू शिमला में दुकान चलाते थे। 26 फरवरी 2007 को इनके मकान मालिक ने इन्हें फोन द्वारा सूचित किया कि ढाबे के अंदर से सामान गायब है, लाईटें जली हुई हैं व शटर में ताले लगे हैं, जिस पर यह टिकरी मोड़ कंडाघाट पहुंचे, तो पाया कि ढाबे के अंदर रखा सामान कुल कीमत 53,525/रुपए चोरी हो गया है, जिस पर थाना कंडाघाट चोरी की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। इस मामले के अंवेषण के दौरान चोरी की वारदात में संलिप्त आरोपी विजय कुमार अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था, जिस पर इस आरोपी को अदालत ने 4 जून 2010 को उद्घोषित अपराधी करार दिया था। थाना कंडाघाट की टीम द्वारा उपरोक्त आरोपी को 24 को गिरफ्तार कर लिया है। इस आरोपी को आज अदालत में पेश किया जा रहा है। मामले की पुष्टि एसपी सोलन गौरव सिंह ने की।

### शिवालिक हाउस के नाम प्रतिष्ठित हॉडसन ट्रॉफी

**सोलन।** लॉरेंस स्कूल सनावर ने 'नेवर गिव इन' स्लोगन को चरितार्थ करते हुए 109 वीं वार्षिक हॉडसन क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया, जिसमें पांच सौ से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इन दर्शकों में गर्वित माता-पिता और पूर्व छात्र भी शामिल थे। विभिन्न आयु वर्गों वाले इस हॉडसन रन में पूरे स्कूल समुदाय को उत्साही प्रतिस्पर्धा में एकजुट होते देखा गया। सनावर की चुनौतीपूर्ण ढलानों को पार करते हुए शिवालिक हाउस ने इस वर्ष की प्रतिष्ठित हॉडसन ट्रॉफी जीत ली। सभी प्रतिभागियों और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए, प्रधानाध्यापक हिम्मत सिंह ढिल्लों ने पूरे कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्रों के नेतृत्व और अनुकरणीय आचरण के लिए उनकी सराहना की।

### 'वृक्ष बचाओ, पर्यावरण बचाओ' पर नाटक

**नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल विद्यालय नाहन ने प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक थीम को आधार मानकर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं निदेशक दविंदर के सहानी ने अपने भाषण में दक्षिण अरब में मानव निर्मित भूलों- व्यवसायीकरण, वनों की कटाई, मृदा अपरदन और मिट्टी के अंधाधुंध उपयोग के कारण हुई हाल की तबाही का जिक्र किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पृथ्वी माता की तरह बनने का संकल्प लेने को कहा, जो हमेशा दयालु, परोपकारी, करुणामय और विनम्र होने के अपने विशेष गुणों के साथ देने वाली होती है और प्लास्टिक का त्याग करती है। कार्यक्रम में छठी कक्षा के छात्रों ने 'वृक्ष बचाओ पर्यावरण बचाओ' पर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी।

### इंटर कॉलेज खेलों में वानिकी कॉलेज का दबदबा

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में चल रही 8वीं इंटर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स हुए। खेलों में वानिकी कॉलेज का दबदबा रहा। लड़कों के शॉटपुट में वानिकी महाविद्यालय के प्रतीक चौहान प्रथम रहे, जबकि नेरी के एबी जोशेफ और आरव दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं लड़कियों के वर्ग में थुनाग की रिद्धि प्रथम, निधि दूसरे और सुमन तीसरे स्थान पर रहीं। लड़कियों के हाई जंप में भारती पहले स्थान पर रही। मान्या और नेरी की पूर्णिमा दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। लड़कियों की 1500 मीटर दौड़ में कामिनी ने बाजी मारी, जबकि ईशिता दूसरे स्थान और हर्षिता तीसरे स्थान पर रहीं। लड़कों की 1500 मीटर दौड़ में थुनाग के विक्रम अव्वल रहे। रोहित दूसरे और नेरी के रॉबिन तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर की रोमांचक प्रतियोगिता में मृदुल सबसे तेज रहे, जबकि निशांत दूसरे और अनुज तीसरे स्थान पर रहे।

### रोबिन ने 130 बैंचप्रैस लगाकर जीता ब्रांज मेडल

**बीबीएन।** प्रदेश भर में विभिन्न पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना दबदबा बना चुके नालागढ़ के पावर लिफ्टर ने कालका में भी जीत दर्ज की। रोबिन जीम के पावर लिफ्टर ने कालका में आयोजित बैंचप्रैस चैंपियनशिप में विभिन्न भारवर्ग व केटेगरी में ब्रॉड व सिल्वर मेडल जीते। कालका में हुई चैंपियनशिप में चंडीगढ़, पंजाब व हरियाणा के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। नालागढ़ रोबिन जीम के मालिक रोबिन वर्मा ने ऑलओवर केटेगरी में 130 बैंचप्रैस लगाकर ब्रांज मेडल हासिल किया, जबकि 49 वर्षीय नरवीर सिंह ठाकुर ने बैंचप्रैस प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

### स्पार्टन ने देवभूमि-11 को पराजित कर जीती ट्रॉफी

**अर्की।** चमियावल पंचायत के खेल मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन वीरवार को हुआ। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में पंचायत प्रधान उर्मिला ठाकुर विशेषातिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भीम सिंह ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 35 टीमों ने हिस्सा लिया। इसका फाइनल मुकाबला स्पार्टन-11 व देवभूमि-11 के बीच में खेला गया, जिसमें स्पार्टन-11 ने पहले खेलते हुए 12 ओवर में 162 रनों का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में देवभूमि 11 की टीम 112 रनों पर ही ढेर हो गई।

# जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए उपयुक्त कदम उठाए विभाग : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने सिरमौर जिले में जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य, जल शक्ति सहित सभी संबंधित विभागों को मुस्तैदी के साथ कार्य करना सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों के दृष्टिगत जलजनित रोगों की संभावनाएं बढ़ गई हैं, जिसकी रोकथाम के लिए सभी विभागों को आपसी तालमेल से मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

डीसी ने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि जिले के सभी पेयजल योजनाओं में स्वच्छता का विशेष ख्याल रखा जाए और सभी वाटर स्टोरेज टैंकों की साफ-सफाई का कार्य नियमित तौर पर किया जाए। जल शक्ति विभाग इस बात का ध्यान भी रखे कि शहरी क्षेत्रों में जहां से सीवरेज की लाइन गुजर रही है। उसके आसपास की पेयजल की लाइनों की लीकेज बिलकुल भी न हो। उन्होंने जल शक्ति विभाग को पेयजल की टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि विभाग समुचित मात्रा में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाएं। शिक्षा विभाग को जिला के सभी स्कूलों में सुबह की असेंबली में जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए बच्चों को अवगत करवाने के निर्देश दिए।



जलजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

# प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने पर लगाई रोक

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार आदर्श आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक एवं सरकारी संपत्ति आदि पर अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापन व चुनाव से संबंधित अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने पर रोक लगाई गई है। सोलन में सरकारी कार्यालय परिसरों, भवनों सहित अन्य सार्वजनिक संपत्ति पर किसी भी प्रकार के दीवार लेखन, बैनर और झंडे आदि निर्धारित समयावधि में हटा दिए गए हैं। इसके बावजूद आदर्श आचार संहिता के तहत जारी निर्देशों की उल्लंघना करने तथा अनाधिकृत ढंग से पोस्टर प्रचार सामग्री से सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति को खराब करने वालां के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# भाजपा ने दिया नारी को सम्मान कांग्रेस ने दिया धोखा : सुखराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र के खालाक्यार में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नारी का सम्मान करना नहीं जानती, लेकिन प्रदेश में 15 महीने से अधिक समय कांग्रेस सरकार को बने हुए हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा के चुनाव में अपनी प्रथम गारंटी में यह कहा था कि 18 से 60 साल की सभी महिलाओं को हम 1500 रुपए प्रति महीना देंगे। प्रदेश सरकार के सभी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर फॉर्म भरवाया, मिस कॉल करवाई और इनके कार्यकर्ताओं ने कहा कि जैसे ही सरकार बनेगी दिसंबर महीने में विदाउट एनी कंडीशन ये पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी, लेकिन कांग्रेस की सरकार बने 15 महीने हो गए इन्होंने दो बजट पेश कर दिए, लेकिन दोनों बजटों में इन्होंने नारी सम्मान निधि की कोई बात नहीं की। लोकसभा चुनाव नजदीक आने पर कांग्रेसियों को डर हो गया है और बौखलाहट में यह सरकार आ गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस में बयान देते हुए कहा कि नारी सम्मान निधि देंगे और 13 कंडीशन उसमें लगा दी।

# डीसी ने दून व नालागढ़ में क्रिटिकल मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के तहत क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते डीसी सोलन।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने 51-नालागढ़ व 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के तहत विभिन्न क्रिटिकल मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत उन्होंने हरिपुर स्कूल संडोली में स्थापित मतदान केंद्र 73 संडोली-1 व 74 संडोली-2 का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत भाटियां स्कूल में स्थापित मतदान केंद्र 103 भाटियां-1, 104 भाटियां-2 तथा नंगल स्कूल में स्थापित मतदान केंद्र 101 नंगल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन मतदान क्रेंदों पर विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र की संख्या व नाम, मतदान केंद्र के भवन का नाम, बूथ स्तर अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर के अंकन सहित मतदान केंद्रों में उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# पझौता और हाब्बन घाटी बुरांश के फूलों से गुलजार

**राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र की हाब्बन व पझौता घाटी इन दिनों बुरांश के फूलों से गुलजार है, जिसका इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों द्वारा भरपूर लुत्फ उठाया जा रहा है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार बुरांश के फूल औषधीय गुणों से भरपूर हैं, जिसका विभिन्न दवाओं में उपयोग किया जाता है। बुरांश में विटामिन ए, बी-1, बी-2, सी, ई और के प्रचुर मात्रा में पाई जाती हैं, जोकि वजन बढने नहीं देते और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रखता है। बुरांश अचानक से होने वाले हार्ट अटैक के खतरे को कम कर देता है। बुरांश के फूलों का शरबत दिमाग को ठंडक देता है और एक अच्छा एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण त्वचा रोगों से बचाता है।

## क्षतिग्रस्त दभोटा पुल की मरम्मत न होने पर बढ़ा आक्रोश

# लघु उद्योग संघ कल देगा धरना

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लघु उद्योग संघ हिमाचल इकाई की बैठक प्रांतीय कार्यालय बद्दी में प्रदेशाध्यक्ष अशोक राणा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में बीबीएन में बरसात से पहले गिर रहे कई पुलों पर चिंता जाहिर की गई और वहीं जर्जर हो चुके पुलों की दशा पर भी चर्चा हुई।

नालागढ़-स्वारघाट मार्ग पर महादेव पुल के धंसने से उद्योगों के विकास पर असर पड़ेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि 15 जुलाई से बरसात आने वाली है, वहीं रत्ता नदी मलकू माजरा पुल भी गिरने की कगार पर है। अशोक राणा ने कहा कि जुलाई 2023 में जमींदोज हुए दभोटा पुल की मुरम्मत न होने से भारी नुकसान हो रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पंजाब सरकार को जगाने के लिए 27 अप्रैल को दभोटा में क्षतिग्रस्त पुल के सामने एक घंटे का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें लघु उद्योग संघ द्वारा अन्य औद्योगिक, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ मिलकर किया जाएगा।



लघु उद्योग संघ की बैठक में उपस्थित उद्योगपति।


### अनिल नालागढ़, पटियाल होंगे परवाणू के प्रभारी

**बैठक** में संगठन का विस्तार करने के लिए लघु उद्योग संघ का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। सर्वप्रथम इंडस्ट्रियल एरिया परवाणू व इंडस्ट्रियल एरिया नालागढ़ में चैप्टर बनाने का निर्णय हुआ। इसी निमित्त उद्यमी अनिल मलिक को नालागढ़ का प्रभारी, हरीश खजूरिया सह प्रभारी की कमान सौंपी गई वहीं उद्यमी विचित्र सिंह पटियाल को परवाणू का प्रभारी व यशपाल ठाकुर को सह प्रभारी नियुक्त किया गया।

# गिरीपार के लोगों में सरकार के प्रति रोष : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के गिरीपार क्षेत्र के हाटी समुदाय के लोगों में प्रदेश की सुक्खू सरकार के प्रति भारी रोष और गुस्सा पनपा हुआ है और लोकसभा चुनाव के दौरान शिलाई, रेणुका, संगड़ाह, हरिपुरधार और राजगढ़ क्षेत्रों में आने वाले कांग्रेस सरकार के मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं का घेराव किया जाएगा और काले झंडे दिखाकर रोष प्रकट किया जाएगा।



इस समुदाय के लोगों को केंद्र सरकार द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की अधिसूचना जारी की गई थी, परंतु प्रदेश सरकार ने इस मामले में केंद्र से स्पष्टीकरण मांगने के बहाने इस मामले को लटकाने और भटकाने की कोशिश की और एक समुदाय विशेष को इस अधिसूचना के खिलाफ प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के लिए न केवल भरपूर समय दिया, बल्कि उन्हें प्रेरित भी किया। हिमाचल सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने एक समुदाय विशेष के लोगों को भड़काकर न्यायालय में याचिका दायर करने के लिए प्रेरित किया और अब इस क्षेत्र के ओबीसी वर्ग के कुछेक लोगों को भी भड़काया जा रहा है। इससे प्रदेश सरकार के प्रति क्षेत्र के लोगों विशेषकर युवा पीढ़ी में भारी रोष पैदा हो गया है।

### सुरेश कश्यप की डगर हुई आसान

**राजगढ़।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा विनोद सुल्तानपुरी को शिमला संसदीय चुनाव क्षेत्र से टिकट दिए जाने से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप की डगर आसान हुई है। उन्होंने याद करवाया कि लगातार छह बार सांसद बनने के बाद विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्वर्गीय कृष्णदत्त सुल्तानपुरी ने शिमला संसदीय चुनाव क्षेत्र में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया और हमेशा हिमाचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के नाम पर ही वह वोट मांग कर हमेशा जीत हासिल करते रहे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 30 वर्षों तक सांसद बनने के बाद हिमाचल के लिए उनका योगदान नगण्य रहा।

# नौणी में सोलन के 536 मतदान कर्मियों ने किया पहला पूर्वाभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव-2024 के सुचारू संचालन व मतदान प्रक्रिया को सुलभ बनाने के दृष्टिगत 53-सोलन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के एलएस नेगी सभागार में आयोजित की गई।

इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित पीठासीन अधिकारियों और सहायक पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के सुचारू संचालन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित मतदान कर्मियों को रिहर्सल के दौरान सिखाई गई प्रक्रिया को ठीक से समझने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में तहसीलदार (निर्वाचन) ऊषा चौहान, तहसीलदार सोलन मुल्तान सिंह बनियाल सहित कुल 536 मतदान कर्मियों ने भाग लिया।



# दाड़लाघाट में एक मई को होगा दंगल

**दाड़लाघाट।** खेलकूद एवं दंगल समिति मांगल (बागा) व स्थानीय जनता की ओर से कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए दी मांगल ट्रक ऑपरेटर यूनियन के प्रधान व कुश्ती दंगल के सदस्य बलदेव राज ने बताया कि खेलकूद एवं दंगल समिति मांगल (बागा) व आम जनता के सहयोग से एक मई को नजदीक अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बागा में दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक अर्की संजय अवस्थी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। दंगल में बड़ी माली के विजेता को तीन लाख, दूसरी माली के विजेता, उपविजेता को को सदस्यों द्वारा निर्धारित राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

## आक्रोश: नालागढ़ के मैथल गांव में पीने के पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने किया हंगामा

# महिलाओं ने खाली बर्तनों के साथ किया विरोध

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ उपमंडल के ग्राम पंचायत मित्तियां के गांव मैथल के लोग पीने के पानी की सप्लाई न आने से परेशान चल रहे हैं।

वीरवार को ग्रामीणों ने खाली बर्तन रखकर विरोध-प्रदर्शन किया। मैथल गांव में पिछले दस दिनों से पानी की सप्लाई बाधित चल रही है, जिस कारण लोगों को पानी लेने के लिए चार से पांच किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण कई बार जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के समक्ष पानी की समस्या का मामला उठा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब ग्रामीणों को मजबूरन विरोध करना पड़ रहा है। गांव के दर्जनों परिवार व महिलाओं ने खाली बर्तन रखकर विरोध किया और जमकर नारेबाजी की। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द पानी की समस्या का हल नहीं किया, तो एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे। स्थानीय निवासी अमर सिंह, राम सिंह, गुरदयाल, नथू राम, भोला राम, मोहन लाल, रमेश कुमार, अमरजीत कौर, निशा, दर्शना देवी व प्रिया ने कहा कि कई दिनों से गांव में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे रोजाना के काम प्रभावित हो रहे हैं।



मैथल गांव के लोग गांव में पानी की समस्या को लेकर विरोध करते ग्रामीण।

### कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा

पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है अगर जल्द से जल्द समाधान नहीं हुआ, तो प्रशासन व विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। वहीं, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता नीरज गुप्ता ने कहा कि अभी मामला संज्ञान में नहीं है। अगर इस तरह की समस्या आ रही है, तो जल्द समाधान निकाला जाएगा और समस्या को हल करवाया जाएगा।

# शोभित कांग्रेस के मीडिया स्टेट को-ऑर्डिनेटर

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोलन के युवा नेता शोभित बहल को मीडिया स्टेट को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। इसके लिए बहल ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनी राम शांडिल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह एवं हिमाचल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वॉर रूम के को चेयरमैन बड़े भाई महेश्वर सिंह चौहान का धन्यवाद किया है।



अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# रामपुर में संदिग्ध हालत में महिला का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रामपुर**

शिमला जिले के उपमंडल रामपुर में संदिग्ध हालत में एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

रामपुर की नरैण पंचायत में जड़ाशी के साथ लगते जंगल एक महिला का शव नग्न अवस्था में पाया गया। वहीं, महिला का शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। शिमला से फॉरेंसिक टीम भी आज मौके पर पहुंची है। रामपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर के समय जब एक नेपाली मूल का व्यक्ति जड़ाशी के साथ लगते जंगल में गुच्छीन (पहाड़ी मशरूम) ढूंढने गया तो उसी दौरान उसने जंगल में एक महिला का शव देखा। इसके बाद नेपाली मूल के व्यक्ति ने तुरंत इसकी सूचना ग्राम पंचायत प्रधान को दी और प्रधान ने रामपुर पुलिस को महिला का शव मिलने के बारे में सूचित किया। वहीं, सूचना मिलते ही रामपुर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। बुधवार देर रात तक पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही। वहीं, शिमला जिले के उपमंडल रामपुर में संदिग्ध हालत में एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

### नहीं हो पाई महिला की पहचान

**वीरवार** सुबह रामपुर पुलिस की एक और टीम मौके पर पहुंची। वहीं, शिमला से फॉरेंसिक की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है और फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद कार्रवाई अम्ल में लाई जा रही है। रामपुर पुलिस ने बताया कि अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। महिला कौन थी और कहां की रहने वाली थी, ये जानकारी आगामी कार्रवाई के बाद ही प्राप्त हो पाएगी।

# फोन के ज्यादा इस्तेमाल से उड़ रही लोगों की नींद

## अस्पतालों में बढ़ने लगी फोन एडिक्शन से जुड़े मामलों की भीड़, डॉक्टर देवेश शर्मा ने फोन का कम यूज करने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मौजूदा दौर में प्रत्येक घर में मोबाइल का इस्तेमाल हो रहा है जो जरूरी काम के साथ-साथ लोगों के कई प्रकार की जरूरतों को घर बैठे ही पूरा कर रहा है। मोबाइल का इस्तेमाल जहां जरूरतों को पूरा करता है। वहीं, पर इसका बहुत ज्यादा इस्तेमाल और गैर जरूरी उपयोग लोगों की सेहत पर भी विपरित असर डाल रहा है।

विशेषज्ञों की माने तो रात को मोबाइल स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से या देर रात तक मोबाइल का प्रयोग करन से, मस्तिष्क एक केमिकल उत्पन्न करता है, जिससे हमारी नींद उड़ जाती है। फिर रात को नींद नहीं आती है। मोबाइल के अधिक प्रयोग से उत्पन्न केमिकल में डोपामिन शामिल होता है, जो कि हमारी नींद उड़ाने में बड़ा रोल प्ले करता है। कोरोना काल के बाद युवा और बच्चे फोन का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे थे। उस समय की स्थिति ही ऐसी थी कि बच्चों की पढ़ाई सब कुछ फोन पर ही चल रहा था, जिसकी वजह से उनमें फोन की आदत ज्यादा बढ़ गई। इसके चलते नींद की कमी, डिप्रेशन और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आईजीएमसी में एक सप्ताह में फोन एडिक्शन के 5 से 6 मामले आ रहे है। जिससे यह आम



लोगों को लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है। आईजीएमसी के मनोचिकित्सा विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉक्टर देवेश शर्मा ने बताया कि गैर जरूरी काम से मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल सेहत के लिए सही नहीं है। वहीं, दुनियां भर में स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल ने लोगों को कई तरह के लाभ और सुविधाएं मुहैया कराई हैं। हालांकि इस तकनीक का बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर काफी बुरा प्रभाव पड़ रहा है, स्मार्टफोन के ज्यादा इस्तेमाल से इन दिनों बच्चों में कई तरह की परेशानियां देखने को मिल रही हैं। इनमें विशेष रूप से डिप्रेशन से जुड़ी समस्याएं हैं। स्मार्टफोन के उपयोग और बच्चों में डिप्रेशन के लक्षणों के बीच संभावित लिंक को समझना बेहद महत्वपूर्ण है।

### डिप्रेशन से बचाव करना जरूरी

डॉ. देवेश ने कहा कि बच्चों में स्मार्टफोन से संबंधित डिप्रेशन के मुद्दे का समाधान करना काफी महत्वपूर्ण है। डिप्रेशन की शुरुआती लक्षणों की पहचान कर उसे समय पर रोकने में मदद मिल सकती है। बच्चों को आउटडोर खेल के लिए बढ़ावा देना, सोशल मीडिया से अलग अपने आस-पास लोगों से बातचीत और संबंध रखने से इस समस्या से निजात मिल सकती है।

### फोन स्लीप साइकिल में डालता है बाधा

**स्मार्टफोन** के उपयोग और डिप्रेशन के बीच की कड़ी में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नींद के पैटर्न पर नकारात्मक प्रभाव है। स्मार्टफोन की स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट बच्चों की स्लीप साइकिल में बाधा डाल सकती है। जिससे नींद आने और आराम की नींद लेने में कठिनाई होती है। अपर्याप्त नींद से बच्चों और किशोरों में डिप्रेशन का बढ़ना और चिढ़चिढ़ाहट पैदा करने की एक बड़ी वजह है। इसलिए मोबाइल फोन से बच्चों को रखे दूर।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटखाई में रक्तदान शिविर 27 अप्रैल को

**कोटखाई।** कोटखाई में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समाजसेवी नीलर भारद्वाज ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 27अप्रैल 2024 के दिन कोटखाई बाजार के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें आईजीएमसी से ब्लड बैंक की टीम भाग लेगी। इस दौरान कोटखाई व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष रिंकू घालटा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस कैंप में व्यापार मण्डल कोटखाई भी सहयोग करेगा साथ ही उन्होंने सभी व्यापारियों से भी आग्रह किया कि इस ब्लड डोनेशन कैंप को सफल बनाने में मदद करें

### चुनाव को लेकर चेतन बरागटा ने की बैठक

**कोटखाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने जुब्बल कोटखाई में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बैठक की। इस दौरान आगामी आने वाले चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं, मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि तीन मई को पन्ना प्रमुख सम्मेलन के लिए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर कोटखाई आ रहे है। जिसे लेकर बैठकों का दौर लगातार जारी है।

### जन-जन तक पहुंचाएं कांग्रेस सरकार की योजनाएं

**कोटखाई ।** दरकोटी-गरावग ज़ोन की बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस सरकार की 15 माह की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचाने व प्रचार करने के तौर तरीकों के बारे में रणनीति तय की गई। इस बैठक में दरकोटी-गरावग पंचायत के अंतर्गत सभी बूथ अध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### रोहड़ू में सेल्फी प्वाइंट्स का किया उद्घाटन

**रोहड़ू ।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सेल्फी प्वाइंट्स और बैनर्स का उद्घाटन स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. भरत खेपान के द्वारा किया गया। इसके माध्यम से बैंक के खाता धारकों और आगंतुकों को सेल्फी पॉइंट्स जोकि पारंपरिक परिधान में बनाए गए हैं। इनमें आगंतुक फोटो लेकर के लोगों को वोट देने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करेंगें । बैंक के मैनेजर विनोद ठाकुर ने कहा कि बैंक के सभी आगंतुक एवं खाता धारक सेल्फी पॉइंट्स में अपना फोटो लेंगे और सोशल मीडिया में डालेंगे ताकि लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सकें। जैसा कि मालूम हुआ हैं कि स्वीप कार्यक्रम के तहत रोहड़ू के सभी बैंकों में सेल्फी पॉइंट्स और बैनर लगाए जाएंगे। इसका शुभारंभ वीरवार को यूनियन बैंक रोहड़ू की शाखा से किया गया। इसके माध्यम से लोंगों को वोट देने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जा सके। इस कार्यक्रम में स्वीप के सभी सदस्य , बैंक के सभी कर्मचारी एवं बैंक खाता धारक भी मौजूद रहे।

### चुनाव के दृष्टिगत जुब्बल में रिहर्सल का आयोजन

**जुब्बल।** ठाकुर रामलाल मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) जुब्बल में आज आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रिहर्सल का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज ने की। अजीत भारद्वाज ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि सभी लोग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि लोकसभा चुनाव का सफल निष्पादन हो सकें। उपमंडलाधिकारी जुब्बल राजीव सांख्यान ने उपस्थित कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए। राजीव सांख्यान ने बताया कि ईवीएम को लेकर चुनाव आयोग बहुत संवेदनशील है तथा ईवीएम के परिचालन एक परिवहन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।इसके अतिरिक्त तहसीलदार निर्वाचन शिमला राजेन्द्र शर्मा ने भी अपने अनुभव सांझा किए तथा जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।इस अवसर पर नायब तहसीलदार संजीव शर्मा, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों के अतिरिक्त तहसीलदार जुब्बल, कोटखाई, नायब तहसीलदार जुब्बल, कोटखाई, टिक्कर, बीडीओ जुब्बल कोटखाई एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बनाई रणनीति

**रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सिकेंद्र कुमार वीरवार को एक दिवसीय दौरे के दौरान विधानसभा क्षेत्र रोहड़ू में विभिन्न जगह पर कार्यकर्ताओं से मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव की गतिविधियों का जायजा लिया और चुनाव के संदर्भ में फीडबैक भी लिया। इस दौरान सबसे पहले सांसद ने चांशल होटल रोहड़ू में भाजपा मंडल रोहड़ू के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई । बैठक में मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता व रोहड़ू मंडल के प्रभारी पंकज जमवाल जिला अध्यक्ष अरुण फाल्टा, भाजपा नेत्री व पूर्व प्रत्याशी शशि बाला व मंडल अध्यक्ष शशि रावत, संयोजक चुनाव प्रबंधन समिति रवि किमलाटा विशेष रूप से मौजूद रहे। वंही उसके बाद सांसद नावर क्षेत्र के मेलठी गांव की ओर रवाना हुए और वंहा पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ बैठक आयोजित कर आगामी लोकसभा चुनाव के विषय में विचार विमर्श कर रणनीति के तहत कार्य करने व रुपरेखा तैयार करने के विषय में चर्चा की।

### रिकांगपिओ में मतदान संबंधी पूर्वाभ्यास आयोजित

**रिकांगपिओ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ में आयोजित मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने उपस्थित मतदान कर्मियों से लोकसभा चुनाव 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना का आह्वान किया तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया पर बल दिया ताकि स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण संभव हो सके। इस प्रशिक्षण में 261 पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया और मास्टर ट्रेनर तहसीलदार कल्पा कंचन ठाकुर, तहसीलदार पूह कुलदीप पटन व तहसीलदार भावानगर परदीप ने ईवीएम एवं वीवीपेट के संदर्भ में जानकारी प्रदान की तथा मतदान केंद्र में पारदर्शी मतदान करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत करवाया।

### कर्मचारी पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान

**नेरवा,चौपाल।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के दौरान 8 विभागों के आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर, पैरामेडीकल स्टाफ, एंबुलेंस सेवा,परिवहन विभाग से चालक व परिचालक, जलशक्ति विभाग से पंप ऑपरेटर, टर्नर,विद्युत विभाग से इलेक्ट्रीशियन और लाइन मैन, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अधिकृत मिडिया कर्मी, मिल्क फेडरेशन के दूध वितरण सेवा से सम्बन्धित कर्मचारी, जेल स्टाफ,अग्नि शमन विभाग के कर्मचारी पोस्टल बेलेट से मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकते है ।

## कम वोल्टेज से परेशान ग्रामीण

**रिकांगपिओ।** मीरु पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण पिछले दो माह से कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। दो माह पूर्व कानिंगचे नामक स्थान पर ट्रांसफार्मर के जल जाने से विद्युत बाधित हुई थी । परंतु विभाग ने गांव के दूसरे ट्रांसफार्मर से विद्युत तो बहाल कर दिया गया लेकिन लोड कम होने से ग्रामीणों के लिए वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। मीरु पंचायत प्रधान नरेंद्र नेगी ने कहा कि दो माह पूर्व गांव का एक ट्रांसफार्मर जल गया था। इस की शिकायत विधुत विभाग टापरी के अधिकारियों को दी गई है लेकिन अभी तक उक्त ट्रांसफार्मर को ठीक नही किया गया है। जिस कारण ग्रामीणों को कम वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नेगी ने कहा कि पंचायत की ओर से एसडीएम निचार को प्रस्ताप भी भेजी गई है। नेगी ने एसडीएम निचार व विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग किया कि शीघ्र ट्रांसफार्मर को ठीक किया जाए ताकि ग्रामीणों को कम वोल्टेज की समस्या से राहत मिल सके।

# शिमला में कई मतदान केंद्रों के नामकरण में हुआ संशोधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने आदेश में बताया कि जिला शिमला में मतदान केंद्रों के भवनों के नाम में पाई गई लिपिकिएं त्रुटियों एवं पाठशालाओं का दर्जा बढ़ने के फलस्वरूप उनके नामकरण में संशोधन किया गया है।

उन्होंने कहा कि संशोधन के उपरांत 61-ठियोग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 61/92 शिलागाडोल के मतदान केंद्र का नाम राजकीय उच्च पाठशाला माहोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माहोग किया गया है। उन्होंने कहा कि 65-जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 65/3 अढैला मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला अढैला से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाघी कमरा नंबर-1, 65/34 डुमैहर के मतदान केंद्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला डुमैहर से राजकीय प्राथमिक पाठशाला डुमैहर, 65/35 मालठ के मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला जालठ से राजकीय प्राथमिक पाठशाला कलैमू किया गया।

### टेहटोली के मतदान केंद्र को किया सतांदली

**वहीं,** 65/44 पनोग के मतदान केंद्र को राजकीय उच्च पाठशाला बडैओं (पनोग) से राजकीय माध्यमिक पाठशाला, बडैओं (पनोग), 65/54 टेहटोली के मतदान केंद्र को राजकीय उच्च पाठशाला सैंताडी से राजकीय प्राथमिक पाठशाला सतांदली किया गया।



कोटखाई। कोटखाई की ग्राम पंचायत हिमरी में डोम देवता हिमरी से हाटकोटी तक पांच दिन की तीर्थ स्थान यात्रा के बाद अपने गुरु घर वापस 25 अप्रैल के दिन पहुंचे। इस यात्रा के पूर्ण होने के बाद मंदिर परिसर में सभी यात्रियों एवं स्थानीय लोगों के लिए भंडारे का आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राणा साहिब दरकोटी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन द्वारा जारी घोषणा पत्र जहां अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति पर आधारित है। वहीं, इस घोषणा पत्र में कॉम्युनिस्ट और माओवाद की झलक भी दिख रही है। कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत सर्वेक्षण, जातिगत गणना और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की भी बात की गई और घोषणा पत्र में उन्होंने कहा है कि इस सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर हम इस देश के लोगों की संपत्ति का सर्वेक्षण करेंगे और उसका पुनर्वितरण करेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोषणा पत्र में अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की बात कही गई है। अल्पसंख्यकों को तरजीब देने की बात कही गई है। सरकारी नौकरियों में 15 प्रतिशत आरक्षण, बच्चों को विदेश में पढ़ाने के लिए विशेष छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप की बात हो यह अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से योजनाएं शुरू करने का घोषणा पत्र ने संकल्प लिया है। मुस्लिम लीग की विचारधारा है कि इस देश में बहुसंख्यकवाद नहीं चलेगा, लेकिन हमारे देश की विचारधारा सर्वधर्म समभाव की है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कहा है कि अमेरिका की तरह हिंदुस्तान में भी विरासत टैक्स लगाया जा सकता है। इसके अनुसार किसी व्यक्ति की संपत्ति वो अगली पीढ़ी को विरासत में जाएगी तो उसका 55 प्रतिशत हिसाब सरकार के पास चला जाएगा।

कांग्रेस और इंडी एलायंस वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई, धन-दौलत, सम्पत्ति, घर, जमीन-जायदाद जब्त करने की फिराक में है।

जनता की पैतृक संपत्ति और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मेहनत से बनाए गए सभी संसाधनों को भी हड़पने का सपना देख रही कांग्रेस अपने मकसद को पूरा के लिए इसे पुनर्वितरण का नाम दे रही है।

# गर्मियां आते ही झिकनीपुल-रुसलाह में बढ़ जाता है तेंदुए का खौफ

**सपना सूद-नेरवा,चौपाल**

गर्मियों की शुरुआत होते ही ग्राम पंचायत झिकनीपुल और रुसलाह में तेंदुओं की दहाड़ सुनाई देने से इन पंचायतों के लोगों में दहशत है । इन दोनों पंचायतों में ये तेंदुए गर्मियां शुरू होते ही सक्रिय हो जाते है तथा लोगों के जानवरों और कई बार तो इंसानों पर भी हमला बोल देते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दोनों पंचायतों में करीब एक दशक से तेंदुओं की दहशत है।



लोग इन से निजात दिलाने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है, परंतु अभी तक उन्हें इनकी दहशत से निजात नहीं मिल पाई है। बीते सालों में तेंदुए जहां कई पालतू जानवरों को अपना शिकार बना चुके है, वहीँ दो वर्ष पूर्व तेंदुआ एक नेपाली के बच्चे को उठा ले गया था, जिसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। पिछले साल भी तेंदुए ने एक अन्य नेपाली बच्चे पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया था । बच्चे की मां द्वारा शोर मचाये जाने के बाद लोगों ने एकत्रित होकर बड़ी मुश्किल से इस बच्चे को तेंदुए से छुड़ाया था । अब एक साल बाद फिर से नार और झिकनीपुल के रास्ते पर तेंदुए नजर आने से आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग दहशत में आ गए है । ग्राम पंचायत झिकनीपुल के प्रधान गोपाल चौहान ने बताया कि उन्हें प्रीतम सिंह, हिरा लाल ज़िंटा, गोविंद जमटा, विक्रम चौहान एवं सुशील नेगी ने सूचना दी कि उन्हों ने नार-झिकनीपुल पैदल रस्ते पर केल्टी के आसपास तेंदुआ देखा है। यह तेंदुआ इस स्थान पर झाड़ियों में दुबका रहता है तथा कई बार तो इसकी दहाड़ें दिन को भी सुनाई देती है। यह तेंदुआ पिछले एक डेढ़ हफ्ते से लगातार देखा जा रहा है तथा इसी दौरान कुछ लोगों के पालतू कुत्ते भी गायब हुए है । (अनंत ज्ञान)

### ग्रामीणों ने जल्द मांगा समस्या का हल

**दो** वर्ष पूर्व तेंदुए द्वारा नेपाली बच्चे पर हुए हमले के बाद वन्य प्राणी विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए ट्रैप लगाए गए थे, परंतु विभाग को इसमें सफलता नहीं मिल पाई थी । अब एक बार फिर से झिकनीपुल पंचायत के प्रधान एवं स्थानीय ग्रामीणों ने वन्य प्राणी विभाग से गुहार लगाई है कि इस तेंदुए को पकड़ कर सेंचुरी एरिया में छोड़ा जाए, ताकि लोगों को इनकी दहशत से निजात मिल सके ।

## किसान कांग्रेस ने नियुक्त किए प्रभारी व पर्यवेक्षक

**शिमला।** राजीव भवन शिमला में हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस की मीटिंग संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता सोहन वर्मा ने की। इस मीटिंग में आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल की सभी चार संसदीय क्षेत्रों के लिए हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस ने पर्यवेक्षक और प्रभारियों की नियुक्ति की। साथ ही सभी जिलों के प्रभारी और पर्यवेक्षक भी किसान कांग्रेस ने नियुक्त किए। सोहन वर्मा ने इन सभी पदाधिकारियों को आने वाले चुनावों में अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के सभी ज़िलों के अध्यक्षों को भी यह निर्देश भी दिए कि वे अपने अपने जिलों में जल्द से जल्द प्रयवक्षक और प्रभारियों की नियुक्ति करें। हमीरपुर के प्रभारी कंवर रवींद्र सिंह, शिमला के प्रभारी रणधीर वर्मा, कांगड़ा के प्रभारी राम कृष्ण राणा और मंडी के प्रभारी दिग्विजय चंद नियुक्त किए गए। इस मीटिंग में अध्यक्ष सोहन वर्मा, राम कृष्ण राणा, पूर्ण चंद, नरिंदर चंदेल, दीक्षित जोगटा, सुजल रजता, रणधीर वर्मा, जितेंद्र वर्मा, यशपाल सिंह मौजूद रहे।

# छात्रों को जल्द मिले लिफ्ट, स्मार्ट स्क्रीन और नए फर्नीचर की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय पुस्तकालय में छात्रों की भीड़ बढ़ जाने की वजह से छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और साथ ही साथ विधि विभाग के पुस्तकालय में पुरानी किताबें अभी तक वहां से हटाकर नए पाठ्यक्रम की किताबे नहीं लाई गई है।

कक्षाओं का फर्नीचर पुराना हो जाने की वजह से भी छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विधि विभाग इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने बताया कि पिछले लंबे समय से विद्यार्थी परिषद विधि विभागाध्यक्ष से मिलती आई है। छात्र अपनी मांगे विद्यार्थी परिषद से साझा करती आ रही है ।वीरवार को एबीवीपी कार्यकर्ता विधि विभाग इकाई के विधि विभागाध्यक्ष से मिले और अपनी मांग राखी । इसमें नए फर्नीचर लगाने की बात रखी और विभाग के पुस्तकालय में बैठने की क्षमता को बढ़ाने की मांग उठाई गई।

### जल्द प्रदान की जाए छात्रों को सुविधा

**विभाग** में दिव्यांग श्रेणी में आने वाले लोगों के लिए लिफ्ट की सुविधा देने की और पुस्तकालय में नई किताबें लाने की बात कही। पानी पीने की उचित व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया। विधि विभागाध्यक्ष ने आश्वासन दिया और कहा कि जल्द ही ये सुविधाएं विभाग के द्वारा छात्रों को प्रदान की जाएगी । अक्षय ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद आशा करती है कि विधि विभाग प्रशासन जल्द से जल्द उनकी इन मांगों को पूरा करेगा।



शिमला। राजधानी शिमला में वीरवार को भारतीय थल सेना के हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ के ऐडीजी मेजर जनरल केपी ने सेना भर्ती कार्यालय शिमला का दौरा किया। मेजर जनरल ने नवनियुक्त अग्निवीरों को बधाई दी। सेना प्रशिक्षण केंद्रों में ट्रेनिंग के लिए रवाना हो रहें हैं। उन्होंने चयनित हुए अग्निवीरों को मिलिट्री ट्रेनिंग पूरी लगन तथा निष्ठा से करने के लिए कहा। सभी को मन लगाकर, ईमानदारी और वफादारी से देश की सेवा करनी चाहिए। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक, कर्नल पुष्विंद्र कौर ने कहा कि शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिलों के युवाओं की अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक इन जिलों के विभिन्न केंद्रों पर ली जा रही है।

**जानकारी** विश्व मलेरिया दिवस पर डॉ. राकेश प्रताम ने छात्रों को किया जागरूक

# बुखार, थकान व उल्टी आना मलेरिया के लक्षण

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

मलेरिया प्लाज्मोडियम परजीवी की वजह से होने वाला रोग है जो कि संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है।

यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. राकेश प्रताप ने वीरवार को स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से आईटीआई चैड़ मैदान में आयोजित विश्व मलेरिया दिवस तथा विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए दी ।

डॉ. राकेश प्रताप ने बताया कि मलेरिया के लक्षण में रोगी को कंपकंपी के साथ ठंड लगना, सर दर्द के साथ तेज बुखार का होना, थकान, पसीना आना, उल्टी, मतली, दस्त आदि हो सकते हैं। ऐसे लक्षण पाए जाने पर रोगी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर निशुल्क रक्त की जांच अवश्य करवा लें । उन्होने कहा कि मलेरिया के खिलाफ जंग जारी है तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस रोग से निपटने के लिए समय पर सभी आवश्यक प्रबंध कर दिए हैं और जिला के स्वास्थ्य संस्थानों में मलेरिया से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं । सीएमओ ने बताया कि मलेरिया रोग के फैलने से बचने के लिए घर के आसपास पानी जमा ना होने दे। टायर, बोतल, कैन आदि जैसे वस्तुओं में पानी एकत्रित न होने दे। कार्य करते समय टांगे, पांव व बाजू को पूरा ढका रखें तथा शरीर की सफाई रखें। मच्छरों से बचने के लिए घर में दरवाजे खिड़कियों पर मच्छरों की जाली सुनिश्चित करें तथा ऐसी जगह पर मच्छर मारने के लिए स्प्रे जरूर करें । सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास का वातावरण साफ रखें। घर के चारों ओर घास खरपतवार न उगने दे।



विश्व मलेरिया दिवस पर उपस्थित छात्र व स्कूल के स्टाफ सदस्य।

# पोर्टमोर स्कूल और संजौली कॉलेज में हुई चुनावी रिहर्सल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत गुरुवार को 64-शिमला (शहरी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर शिमला एवं 63-शिमला ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की रिहर्सल राजकीय डिग्री महाविद्यालय संजौली में आयोजित की गई। शिमला शहरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्वाभ्यास का आयोजन दो सत्र में किया गया।

इसमें पहले सत्र में 265 तथा दूसरे सत्र में 270 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार शिमला ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की रिहर्सल भी दो सत्र में आयोजित की गई, जिसमें पहले सत्र में 305 तथा दूसरे सत्र में 271 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया। इन पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने की।

अनुपम कश्यप ने उपस्थित पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीआरओ) को मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सुचारू संचालन की विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने मतदान कर्मियों के विभिन्न विषयों पर संशय भी दूर किए।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत



**चेन्नई।** टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र उनकी उड़ान के पहुंचने के एक घंटे पहले ही से कतार बनाकर हवाई अड्डे पर खड़े थे। उनके अलावा भारी संख्या में प्रशंसक भी मौजूद थे। 17 वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई गई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा, "मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह खास उपलब्धि है। मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया।" उन्होंने कहा, "यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने अप्पा, अम्मा, कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और स्कूल को भी धन्यवाद दूंगा।"

### बिस्माह मारूफ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा




**कराची।** एक चौंकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने वीरवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड में 2022 विश्व कप में अपनी बेटी को साथ लेकर गई बिस्माह ने सुर्खियां बंटोरी थी। वह वेतन के साथ 12 महीने का मातृत्व अवकाश पाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर रहीं। बाएं हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिए 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 33 अर्द्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाये और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिए। बिस्माह ने एक बयान में कहा, "मैं उस खेल से विदा ले रही हूं जिससे मुझे सबसे ज्यादा प्यार है। यह शानदार सफर रहा जिसमें कई चुनौतियां, जीत और यादगार लम्हे हमने देखे।"

### दिल्ली के एलजी पर लगा आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव 26 अप्रैल को होना है। इसके लिए सभी उम्मीदवारों और नेताओं ने कमर कस ली है। इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने वीरवार को चुनाव आयोग से दिल्ली के उपराज्यपाल के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। सतीशन का आरोप है कि भाजपा के पक्ष में वोट मांगने के लिए उपराज्यपाल दक्षिणी राज्य के चर्च प्रमुखों से मुलाकात कर रहे हैं। विपक्ष के नेता सतीशन ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर केरल में चर्च प्रमुखों की बैठक के जरिए आदर्श आचार संहिता के घोर उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

### अमिताभ बच्चन को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर का 2022 में निधन हो गया था। यह पुरस्कार उनकी स्मृति में परिवार और ट्रस्ट द्वारा शुरू किया गया था। कुछ दिनों पहले से ही चर्चा थी कि अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार मिलेगा। उनके अलावा म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान और एक्टर रणदीप हुड्डा को भी इस खास अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बता दें, कुछ दिन पहले अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और गायिका उषा उत्थप को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अमिताभ बच्चन को यह पुरस्कार 24 अप्रैल को लता मंगेश्कर के पिता और थिएटर-संगीत के दिग्गज दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर मिला। अब अमिताभ को संगीत जगत के दिग्गजों और मंगेशकर परिवार के सामने यह अवॉर्ड दिया गया। यह पुरस्कार संगीत, कला, संस्कृति और सामाजिक कार्यों में उनके अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया है।

### हमास बोला- तभी हथियार डालेंगे जब फिलिस्तीन आजाद देश बनेगा



**नई दिल्ली।** गाजा में जंग के 6 महीने बाद हमास के एक सीनियर अधिकारी ने 5 साल के सीजफायर की इच्छा जाहिर की है। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में खलील अल-हैय्या ने कहा है कि अगर फिलिस्तीन एक अलग और आजाद देश बनता है तो हम हथियार डाल देंगे और एक साधारण राजनीतिक पार्टी के तौर पर काम करेंगे। हालांकि, 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास का खात्मा करने की कसम खा चुका इसराइल इस समझौते के लिए सहमत हो इसकी संभावना न के बराबर है। अल-हैय्या का कहना है कि अगर फिलिस्तीन को 1967 की जंग से पहले के इलाके दिए जाते हैं तो वो इसराइल के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ेगा। हमास की पॉलीटिकल विंग के नेता खलील अल-हया का ये बयान महीनों से चल रही शांति वार्ता की बैठकों के बीच आया है। बता दें हमास भी हमेशा से टू- स्टेट फॉर्मूले के खिलाफ रहा है और पूरी जमीन पर फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना और इसराइल के खात्मे की बात करता रहा है।

## आईपीएल-2024 केकेआर दस अंक लेकर दूसरे स्थान पर, जबकि राजस्थान 14 अंकों के साथ शीर्ष पर

# पंजाब किंग्स के सामने केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

**एजेंसी, कोलकाता**

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेऑफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण और फिल साल्ट ने शानदार प्रदर्शन किया है। अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जिसकी वजह से शाहरुख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है।

वेंकटेश अय्यर की एकमात्र बल्लेबाज हैं जो खराब फार्म में हैं, जबकि ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बाहर नीतिश राणा की गैर-मौजूदगी से टीम के स्पिन के महारथी बल्लेबाज और



उपयोगी आफ ब्रेक गेंदबाज की कमी खल रही है। गेंदबाजी में सिर्फ नारायण ही अनुशासित प्रदर्शन कर सके हैं। वैसे अब नारायण भी पिछले मैच में महंगे साबित हुए हैं। रजत पाटीदार ने उन्हें एक ओवर में दो छक्के लगाए और अब पंजाब के पास फॉर्म में चल रहे दो बल्लेबाज शशांक और आशुतोष हैं।

पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि उनके नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंत चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**पंजाब किंग्स**

शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसोयू।

### पंत-अक्षर की साझेदारी ने पैदा किया अंतर : आमरे



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार रन की करीबी जीत दर्ज करने के बाद अक्षर पटेल और कप्तान ऋषभ पंत की सराहना करते हुए कहा कि इनकी बदौलत टीम 20 अतिरिक्त रन जुटाने में सफल रही। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, पांच छक्के, पांच चौके) ने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। अक्षर को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने पर आमरे ने कहा कि निचले क्रम में बल्लेबाजी के अधिक मौके नहीं मिलने के कारण उन्हें ऊपरी क्रम में भेजा गया। आमरे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "अगर आपको याद हो तो पिछले साल भी वह गेंद को काफी अच्छी तरह मार रहा था। उसको आखिरी चार या पांच ओवर में ही मौके मिल रहे थे इसलिए हमारा विचार यही था कि उसे मौका दिया जाए।"

## हिमाचल की बालिकाओं ने जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

21 से 24 अप्रैल तक मुंबई में संपन्न हुई अंडर-12 बाल व बालिका वर्ग की राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के बालिका वर्ग की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है। हिमाचल प्रदेश बालिका वर्ग की कोच शीतल ने यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने अपने सभी मैच में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया व इतिहास रचते हुए कांस्य पदक हासिल किया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया द्वारा हिमाचल प्रदेश में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई हैडहोक कमेटी के चेयरमैन जसबीर सिंह बिस्ला, सदस्य हैंडबॉल कोच स्नेहलता व सुशील कुमार ने बताया कि मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के हैंडबॉल मैदान में अंडर-12 बाल व बालिका वर्ग की चयन प्रक्रिया गत 16 अप्रैल को की गई थी। इसमें टीमों का चयन किया गया था। बालक व बालिका वर्ग में 10-10 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। यह टीम मुंबई में 21 से 24 अप्रैल तक हुई अंडर-12 बाल व बालिका वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया।

इसमें बालिका वर्ग की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने टीम सदस्यों व कोच को बधाई दी है व भविष्य में उनके हैंडबॉल में बेहततीन प्रदर्शन की कामना की है। इनके साथ ही मंडी से डॉक्टर कर्ण ने टीम सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया व भविष्य में खिलाडियों अपना पूरा सहयोग देने को कहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी भविष्य में भी हैंडबॉल में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे व हिमाचल के नाम रोशन करेंगे।

## दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में



एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2-5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

## तीरंदाजी विश्व कप

# भारत पहले चरण के फाइनल में

**एजेंसी, शंघाई**

भारत के तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरुषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। भारतीय टीम ने इटली को 5-1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।



कोरियाई टीम में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6-0 से हराया। भारतीय टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5-3 ( 55-56, 54-54, 55-51, 55-53) से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5-1 (59-54, 56-55, 55-55) से हराया। भारतीय महिला टीम को पहले ही मुकाबले में मैक्सिको ने 5-3 से हराया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और भजन कौर की तिकड़ी को क्वालीफायर में छठी रैंकिंग मिली थी। पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया।

### शरद पवार ने जारी किया घोषणापत्र

# मेनिफेस्टो में नौकरी से लेकर महिला आरक्षण तक का वादा

**एजेंसी, मुंबई**

लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार (एनसीपी-एससीपी) ने वीरवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। मेनिफेस्टो में महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। साथ में घोषणापत्र में एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है।

बता दें, पार्टी ने अपने घोषणापत्र का नाम एससीपीथ पत्र रखा है। इस बीच, शरद पवार ने अमित शाह के किसानों की आत्महत्या को लेकर दिए गए




बयान पर पलटवार किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के घोषणापत्र में जाति जनगणना के लिए समर्थन जताते हुए किसानों के कल्याण के लिए एक अलग आयोग के गठन, प्रशिक्षुता का अधिकार, नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया गया।

## अखिलेश ने कन्नौज से भरा नामांकन



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीरवार को कन्नौज लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। अखिलेश ने चार सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे। इससे पहले सपा अध्यक्ष ने एक्स पर अपने नामांकन की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा फिर इतिहास दोहराया जाएगा, अब नया भविष्य बनाया जाएगा।

# शाह आज दिग्गी के गढ़ में भरेंगे हुंकार

## गृह मंत्री राजगढ़ और अशोकनगर में चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

**एजेंसी, भोपाल**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को राजगढ़ और अशोकनगर में रैली को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव के चलते मध्य प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों के शीर्ष नेताओं के दौरे जारी हैं।



इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज भोपाल पहुंचेंगे। शाह स्टेट हैंगर से सीधे ताज होटल के लिए रवाना होंगे। यहां रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह 10.50 बजे भोपाल से गुना के लिए प्रस्थान करेंगे। अमित शाह शुक्रवार सुबह 11.45 बजे अशोकनगर जिले में पिपरई के मंडी कैंपस में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर बाद 1.30 बजे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

बता दें राजगढ़ से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। अब भाजपा ने उनको घेरने की रणनीति पर काम तेज कर दिया है। वीरवार को प्रधानमंत्री मोदी ने भी मुरैना में जनसभाओं को संबोधित किया।

### दो मई को मुरैना जाएंगी प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा भी मुरैना में सभा करेंगी। वे दो मई को आएंगी। लोकसभा चुनाव में यह उनकी प्रदेश में पहली सभा होगी। प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव अभियान के अंतर्गत प्रदेश में पहली बार आ रही हैं। इसके लिए मुरैना में सभा रखी गई है।

# अरुणाचल में भूस्खलन में हाईवे बहा

## चीन की सीमा से जुड़ी दिबांग घाटी का बाकी देश से संपर्क कटा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश में भारी भूस्खलन के कारण राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा बह गया है, जिससे चीन की सीमा से लगे जिले दिबांग घाटी से सड़क संपर्क बाधित हो गया है। इस हादसे के बाद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू ने ट्वीट कर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि हुनली और अनिनी के बीच राजमार्ग को व्यापक क्षति के कारण यात्रियों



को होने वाली असुविधा के बारे में जानकर परेशान हूं। जल्द से जल्द कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं क्योंकि यह सड़क दिबांग घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा के कारण कल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-313 पर हुनली और अनिनी के बीच भारी भूस्खलन हुआ।

फोटो में देखा जा सकता है कि राजमार्ग का एक हिस्सा गायब हो गया है, जिससे वाहनों का दूसरी ओर जाना असंभव है और स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं, जो इस कठिन इलाके में राजमार्ग को जीवन रेखा मानते हैं।

## 'हीरामंडी' की स्क्रीनिंग पर लगा बॉलीवुड सितारों का मेला

**मुंबई।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' 1 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। बुधवार रात मुंबई में नेटफ्लिक्स ने संजय लीला भंसाली की अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' की स्क्रीनिंग होस्ट की। इस मौके पर सलमान खान, करण जौहर, विक्की कौशल, रेखा, भूमि पेडनेकर, श्रुति हासन, मृणाल ठाकुर, रश्मिका मंदाना, अनन्या पांडे और अली फजल, जेनेलिया डिसूज समेत कई सेलेब्स नजर आए।


# गुजरात में दूसरा स्टील ब्रिज लोकार्पित

## जमीन से 15 .5 मीटर की ऊंचाई पर बना है 100 मीटर लंबा पुल

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात के नडियाद के पास अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए दूसरा 100 मीटर लंबा स्टील ब्रिज लांच किया गया है। 1486 मेट्रिक टन स्टील ब्रिज का निर्माण भुज जिले में स्थित वर्कशॉप में किया गया है।

इस ब्रिज को जमीन से 15.5 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। इस पुल को



भारतीय रेलवे लाइन की पावर ब्लॉक और ट्रैफिक की योजना को देखते हुए बनाया गया है।

### 70,000 एमटी स्टील का उपयोग


**अधिकारियों** ने बताया कि स्टील के प्रत्येक उत्पादन बैच का अल्ट्रासॉनिक टेस्टिंग (यूटी) के जरिए निर्माता के परिसर में परीक्षण किया गया है। पहला स्टील ब्रिज को सूरत के नेशनल हाईवे 53 पर लांच किया गया है। इन स्टील ब्रिज के निर्माण में 70,000 एमटी निर्दिष्ट स्टील का उपयोग किया गया है।

# अमेरिका की सरकार फिलिस्तीन समर्थकों के प्रदर्शनों से घबराई

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका के कई विश्वविद्यालय इन दिनों विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बने हुए हैं। दरअसल अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन इतने बढ़ गए हैं कि अमेरिकी सरकार भी घबरा गई है। यही वजह है कि सरकार ने कई यूनिवर्सिटीज को बंद करने और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का आदेश दिया है। विरोध प्रदर्शनों के चलते सैकड़ों छात्रों को हिरासत में लिया गया है और 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### 21 यूनिवर्सिटीज में हो रहे विरोध प्रदर्शन




कैलिफोर्निया से लेकर न्यूयॉर्क तक अमेरिका की 21 यूनिवर्सिटीज में बीते कुछ दिनों से फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में ही तंबू लगाकर रह रहे हैं। न्यूयॉर्क पुलिस ने तो यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है।

## शेयर मार्केट — बाजार में दिखी तेजी, निफ्टी 167 अंक बढ़कर 22,570 के स्तर पर पहुंचा

# सेंसेक्स 486 अंक उछलकर 74,339 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजार में वीरवार यानी 25 अप्रैल को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 486 अंक की तेजी के साथ 74,339 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 167 अंक की तेजी रही, ये 22,570 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली।

**पीएसयू बैंक में सबसे ज्यादा 3.77 फीसदी की तेजी और निफ्टी फार्मा में 1.57 प्रतिशत की बढ़त**

एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो पीएसयू बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.77 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। वहीं, निफ्टी फार्मा में 1.57 प्रतिशत, निफ्टी मेटल में 1.11 फीसदी और निफ्टी हेल्थकेयर में 1.38 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। जबकि, निफ्टी रियल्टी में 0.25 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।



### कोटक बैंक का शेयर 10.73 फीसदी टूटा

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगा दी गई है। इसके चलते आज कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 10.73 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

### सोना 71,841 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 80,576 प्रति किलोग्राम पहुंची



**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में 25 अप्रैल को मामूली बदलाव देखने को मिला है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 15 रुपए महंगा होकर 71,841 रुपए हो गया है। वहीं, एक किलो चांदी 111 रुपए सस्ती हुई है। ये 80,576 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है।